वर्ष 72 अंक 95 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 02 जनवरी, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए



विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


हजारों शब्दों की भीड़ में
सर्वश्रेष्ठ शब्द वह होता है,
जिससे समाज में शांति आए।
- महात्मा बुद्ध

## यूका के जहरीले कचरे से भोपाल को मुक्ति!



फोटोः एचसी वर्मा

नये साल के पहले दिन भोपाल के यूनियन कार्बाइड में 40 साल से पड़े जहरीले कचरे को 12 कंटेनरों से भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रात 9 बजे पीथमपुर के लिए रवाना कर दिया गया। इन कंटेनरों को पीथमपुर तक 250 किमी का सफर पूरा करने में आठ घंटे से ज्यादा का समय लगेगा। इस दौरान वाहनों को 45 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से अधिक गति पर नहीं दौड़ाया जाएगा।

### कैबिनेट बैठक में उर्वरक पर सब्सिडी बढ़ाई

## किसानों को 1350 रुपए में मिलती रहेगी डीएपी की बोरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नए साल 2025 की पहली मोदी कैबिनेट की बैठक में बुधवार को किसानों के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली। डीएपी खाद बनाने वाली कंपनियों के लिए सरकार ने स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी। इससे किसानों को डीएपी की ज्यादा कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। उन्हें 50 किलो की खाद की बोरी 1350 रुपए में मिलती रहेगी।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों के बारे में बताया कि डीएपी खाद के लिए 3850 करोड़ रुपए तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। यह धनराशि खाद बनाने वाली कंपनियों को दी जाएगी, जिससे किसानों को पुराने दामों पर डीएपी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

(शंभू बॉर्डर पर बनाई गई किसान आंदोलन तेज करने की रणनीति, देखें पेज-8)

### मौसम सूचना नेटवर्क पर भी होगा काम

बैठक में मौसम की सूचना देने वाले प्रोजक्ट को भी मंजूरी दी है। मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम में ब्लॉक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम और पंचायत स्तर पर ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किए जाएंगे। डेटा सिस्टम देश के नौ राज्यों में लागू किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ये राज्य हैं-केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड और राजस्थान। सरकार चाहती है कि सभी राज्य इस सिस्टम को स्थापित करें। इनसे किसानों को मौसम की समय पर सटीक जानकारी मिल जाएगी, तो इससे उनका काम आसान होगा।

### इंडोनेशिया को 10 लाख टन चावल का निर्यात

वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिये इंडोनेशिया को 10 लाख टन गैर बासमती चावल के निर्यात को भी मंजूरी दी है। यह निर्यात एनसीईएल, सहकारिता मंत्रालय और इंडोनेशियाई सरकार के बीच एक समझौते के तहत किया जाएगा।

## भोपाल में कड़ाके की ठंड, विजिबिलिटी 50 मीटर रही, प्रदेश के अन्य हिस्से भी ठिठुरे

### अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना

**जागरण, भोपाल।** नए साल के पहले दिन बुधवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से कोहरा छाया रहा। हालांकि दोपहर में धूप निकली, लेकिन ठंडी हवाओं के करण दिन में भी ठिठुरन रही। भोपाल, उज्जैन और शाजापुर में इतना घना कोहरा रहा कि 50 मीटर बाद कुछ नहीं दिखा। भोपाल में सुबह 9 बजे के बाद धूप निकली। सागर, बालाघाट के मलाजखंड और दमोह में 200 से 500 मीटर तक विजिबिलिटी रही। वहीं, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन में 500 से 1000 मीटर और ग्वालियर, राजगढ़, शिवपुरी, जबलपुर में 1-2 किमी की विजिबिलिटी रही। प्रदेश में अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। शीत लहर बढ़ने की ही आशंका है।

■ शेष पृष्ठ 7 पर



उत्तरकाशी में बर्फबारी

### जनवरी में 22 दिन चलेगी शीतलहर

मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर चल सकती है। उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनेगी। शुरुआती 3 दिन तक प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरा रहेगा। कुछ जिलों में शीतलहर भी चलेगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी के चलते दिसंबर के आखिरी दिनों में बारिश और ओले का दौर रहा था। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ठंड जनवरी में भी जमकर अपना असर दिखाएगी।

### 16 राज्यों में घना कोहरा पहाड़ों पर भारी बर्फबारी

**नई दिल्ली।** सर्दी पूरे ही उत्तर भारत में सितम ढा रही है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के राज्यों में ठंड का असर बरकरार है। नए साल के पहले दिन मध्य प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान समेत देश के 16 राज्यों में घना कोहरा भी देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में घने कोहरे के चलते 100 मीटर से ज्यादा दूर देखना मुश्किल हो रहा था। हरियाणा में कोहरे के कारण 30 ट्रेनें प्रभावित हुईं। इसमें 19 ट्रेनें 30 मिनट से 6 घंटे तक देरी से चलीं। 11 ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। यहां 13 जिलों कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के 3 शहरों में तापमान 5 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 2.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## प्रदेश का पहला मामलाः यूपीआई से ली घूस, शिक्षा विभाग का बाबू गिरफ्तार

### पहले फोन-पे से 30 हजार, फिर 50 हजार कैश और 5 लाख 40 हजार का चेक लिया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** लोकायुक्त रीवा ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मऊगंज के बाबू को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसने रिटायर्ड प्रधानाध्यापक से पहले यूपीआई (फोन-पे) से 30 हजार रुपए लिए। इसके बाद 50 हजार कैश और 5 लाख 40 हजार रुपए का चेक लिया, तभी लोकायुक्त ने उसे दबोच लिया। प्रदेश में यूपीआई के जरिए घूस लेते हुए पहली बार कोई लोकसेवक पकड़ा गया है। चेक में घूस लेने का भी नए साल का पहला मामला है।

लोकायुक्त के मुताबिक, मऊगंज निवासी राम निहोर साकेत सेवानिवृत प्रधानाध्यापक हैं। उन्होंने लोकायुक्त रीवा से शिकायत की थी कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी का बड़ा बाबू राजाराम गुप्ता उसके एरियर्स व अर्जित अवकाश की राशि 12 लाख 70 हजार रुपए का भुगतान करने के लिए 6 लाख 20 हजार घूस मांग रहा है। एडवांस के तौर पर उसने फोन-पे के जरिए 30 हजार रुपए ले भी लिए हैं। लोकायुक्त ने शिकायत की जांच कराई। जो सही मिली। इस पर लोकायुक्त टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बुधवार को उसे घूस लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी की मूल पदस्थपना सीएम राइज स्कूल में ग्रेड-3 कर्मचारी के रूप में है। ( विस्तृत अंतिम पेज पर )



### रिश्तखोर बोला- नए साल का पहला दिन खाली मत जाने देना

राम निहोर ने बताया कि बाबू उन पर लगातार घूस की बकाया रकम पहुंचाने के लिए दबाव बना रहा था। मंगलवार को उसने उन्हें अपने दोस्त के जरिए संदेशा भिजवाया कि नए साल का पहला दिन खाली मत जाने देना। 1 जनवरी को वह हर हाल में घूस का प्रबंध करने के लिए बोला था। घर में कैश नहीं होने की वजह से राम निहोर ने बाबू से बात की। उसने कहा कि जितनी नकदी हो, लेते आना। बाकी का चेक दे देना। बुधवार को राम निहोर बाबू को देने 50 हजार कैश व 5 लाख 40 हजार रुपए का चेक लेकर पहुंचे। आरोपी ने जैसे ही घूस ली, तभी लोकायुक्त की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

### भारत लाया जाएगा मुंबई हमले का आरोपी राणा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत को 26/11 मुंबई आतंकी हमला मामले में बड़ी सफलता मिली है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई



कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत में लाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की अदालत ने अब प्रत्यर्पण पर मुहर लगा दी है। एफबीआई ने साल 2009 में राणा को शिकागो से दबोचा था। वह मौजूदा समय में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। 63 वर्षीय राणा ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी डेविड कोलमन हेडली को मदद पहुंचाई थी। हेडली मुंबई अटैक का मास्टरमाइंड है। भारत उसके भी प्रत्यर्पण की मांग लंबे समय से करता आ रहा है। अब भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को लाने का रास्ता साफ हो गया है।

### स्विटजरलैंड में 4 साल मंथन के बाद बुर्का पहनने पर रोक


**बर्न, जेएनएन।** स्विटजरलैंड में बुधवार से महिलाओं के पब्लिक प्लेस पर हिजाब, बुर्का या किसी अन्य तरीके से पूरी तरह मुंह ढंकने पर बैन लागू हो गया। इस कानून का उल्लंघन करने पर 1000 स्विस फ्रैंक यानी लगभग 96 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि यहां बुर्का पर पाबंदी लगाने की प्रक्रिया 2021 में प्रारंभ हुई थी। सबसे पहले जनमत संग्रह कराया गया था, 51.21 प्रतिशत नागरिकों ने बुर्के पर बैन लगाने के पक्ष में वोट किया था। इसके बाद बुर्का समर्थकों से बातचीत की गई। संसद में भी कई बार चर्चा कराई गई। जनवरी-2022 में स्विट्जरलैंड की संसद के निचले सदन राष्ट्रीय परिषद में चेहरे ढंकने पर बैन को लेकर बनाए जाने वाले कानून पर वोटिंग कराई गई थी।















## नववर्ष मंगलमय हो...

# चिरहुलानाथ की दर पर पहुंचे लाखों श्रद्धालु, मंगलमय के लिए की प्रार्थना

## पर्यटन स्थलों पर उमड़ी भीड़ मेले जैसा रहा माहौल

जागरण, रीवा

मंगल प्रधान नव वर्ष 2025 के मंगलमय के लिए चिरहुला नाथ के दर पर बुधवार एक जनवरी को लाखों श्रद्धालुओं ने माथा टेका। प्रमुख द्वारा से मंदिर तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। साल के पहले दिन बुधवार को अलसुबह से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में लोगों ने भगवान की शरण में जाकर पूजा अर्चना की। कई मंदिरों में 31 दिसंबर की रात्रि से मानस के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। शहर के चिरहुला मंदिर में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ रही। मुख्य मार्ग से मंदिर तक भक्तों का तांता दर्शन के लिए लगा रहा। जगह-जगह भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। ज्यादातर लोगों ने सुबह मंदिर में माथा टेका और उसके बाद पिकनिक स्पॉट में पहुंचकर खूब मस्ती की। युवाओं के साथ बच्चों का उत्साह इस दौरान सबसे अधिक दिखाई पड़ा। शहर के चिरहुला नाथ मंदिर के साथ किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर, रानी तालाब माँ काली मंदिर, कोठी कम्पाउंड मनकामेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।



महामृत्युंजय मंदिर

### मेला जैसा रहा नजारा

शहर के धार्मिक स्थल, पार्क और पिकनिक स्पॉट में पहले दिन मेले जैसा नजारा देखने को मिला। शहर के साथ ही जिले के दूरांचल में स्थित जलप्रपातों में युवाओं की चहल-पहल अधिक रही। देवतालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर, गुढ़ में कष्टहरनाथ व भैरव बाबा और मोहनिया टनल को देखने ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे।

### इन जगहों पर रही सर्वाधिक भीड़

जिले में गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में खंधो माता मंदिर, सेमरिया में पुर्वा जल प्रपात, बसामन मामा, गढ़ में क्योटी जल प्रपात व देऊर कोठार, सिरमौर में चचाई जल प्रपात व घिनौची धाम, नईगढ़ी में बहुती जल प्रपात, अष्टभुजी माता मंदिर व देवलहा जलप्रपात में लोगों की मौजूदगी अधिक दिखी। वहीं गुढ़ में मोहनिया टनल, भैरवनाथ मंदिर के साथ ही शहर में रानीतालाब किला और चिरहुला में भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।



प्रसाद के लिए उमड़े लोग

## ओंकरेश्वर महादेवालय में दर्शनार्थियों की रही भीड़



जागरण परिसर गांधी नगर स्थित आंकारेश्वर महादेवालय में अलसुबह से दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। लोगों ने पूजा अर्चनाकर नव वर्ष में मंगल कामना व सुख समृद्धि में वृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## नगर निगम ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह



**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए टीम भावना और एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि आप सभी स्वस्थ्य और आनंदी रहें एवं सदैव जनहित में कार्य करने के लिए ईश्वर आपको शक्ति दे। समारोह में नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए और एक-दूसरे को बधाई दी। वॉलंटरी रूप से सभी कर्मचारियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गीत, भजन, और स्तुति एवं अन्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बनाया। निगमायुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह को बढ़ावा देते हैं। ऐसे मिलन समारोह एक नियमित अंतराल में आयोजित होते रहना चाहिए। अंत में सभी कर्मचारियों को स्वस्थ, दीर्घायु रहने की बात कहते हुए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप भी लगाने की बात कही। कार्यक्रम में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, दीपक पटेल, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, पीएन शुक्ला, अम्बरीश सिंह, एसके गर्ग, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह एवं नगर निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पार्क और जलप्रपातों में रही रौनक





साल का पहला दिन इस वर्ष बुधवार से शुरू हुआ। स्कूल-कालेजों में अवकाश रहा इसके चलते मंदिर, पार्क और पिकनिक स्पॉट में अधिक संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। बड़े बुजुर्गों के साथ ही महिलाएं, युवा और बच्चे नए साल को अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेट किया। शहर के गंगा वाटिका में लोगों का हुजूम उमड़ा। इसके साथ ही रतहरा तालाब में लोगों की भीड़ जमा रही। ग्रामीण अंचलों मे क्योटी, पुरवा, चचाई, देवलहा, बहुती जलप्रपात को देखने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। शहर के ईको पार्क में भी लोगों की भीड़ काफी अधिक दिखी। गंगा वाटिका में बच्चों ने झूले का खूब आनंद उठाया। इसके साथ ही यहां म्यूजिक का भी इंतजाम किया गया था।

## सड़क रही जाम, भीड़ को नियंत्रित करने बहाना पड़ा पसीना



शहर के चिरहुला मंदिर में नव वर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ सर्वाधिक रही। पुलिस प्रशासन ने श्रृद्धालुओं को अच्छे से भगवान के दर्शन हो इसके लिए बैरिकैट लगाकर व्यवस्था बनाई थी। पुलिस को व्यवस्था सुधारने पुलिस को पसीना बहाना पड़ा। देर शाम तक भक्तों का आना-जाना यहां लगा रहा। मुख्यमार्ग लगभग जाम रहा। चिराहुला मंदिर परिसर में भक्तों ने भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें भक्तों ने भंडारे का भी प्रसाद ग्रहण किया।

## साईं मंदिर में महाआरती का हुआ भव्य आयोजन



**रीवा।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में कोठी कंपाउंड स्थित साईं मंदिर प्रांगण में महाआरती के द्वारा नव वर्ष का स्वागत अभिनंदन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया । इस अवसर पर हजारों हाथ एक साथ उठे और सभी ने मंगलमय नव वर्ष की कामना की । महाआरती कार्यक्रम का श्री गणेश रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के द्वारा किया गया। महाआरती के पश्चात आचार्य नरोत्तम मिश्रा शास्त्री द्वारा मंत्र पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात सभी प्रमुख अतिथि एवं श्रद्धालुओं के द्वारा रीवा नगर की सुख समृद्धि की कामनाओं को लेकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पश्चात अपने वक्तव्य में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने उपस्थित जनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नए साल में रीवा नगर के विकास एवं नल जल योजना को घर-घर पहुंचने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी। मुख्य अतिथि सरदार प्रहलाद सिंह ने पस्थित जनों को संबोधित करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। महाआरती कोर टीम ने नगर के गणमान्य व्यक्तियों को अपनी टीम की ओर से सम्मानित किया जिसमें प्रमुख रूप से रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, सरदार प्रहलाद सिंह, समाजसेवी अतुल जैन, कांग्रेस नेता गुरमीत सिंह मंगू, कांग्रेस नेत्री कविता पांडे, पूर्व टी आई आदित्य प्रताप सिंह, जितेंद्र मिश्रा, पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, व्यवसायी मोहित टंडन एवं अमित कोहली, व्यवसायी महेश थारवानी, आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर विंध्य के जाने-माने हास्य कलाकार अविनाश तिवारी भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे तथा दर्शकों का श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के मध्य लगभग 500 किलो महाप्रसाद का वितरण किया गया जो की देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर साइ मंदिर के प्रधान पुजारी बाबा मनसुख लाल साइन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय धमीजा, राजेश सहानी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी, राज नारायण मिश्रा, महारथी टीम के विवेक महिंद्रा महेश लेडवानी, अनूप दुबे, सनी चंदवानी उमादत सिंह, चंदन नामदेव, नवल दास, राजेश भल्ला, मोहित मिश्रा, सरदार गुरनाम सिंह बसंत अग्रवाल मनोज तवानी अभिलाष लालवानी जय नवानी मनीष साहनी योगेंद्र मिश्रा विवेक व्यास जान्हवी मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए अत्यावश्यक है, शांति और सद्भावः परमार

### गरिमापूर्वक मनाया गया 39 वां शांति एवं सद्भावना महोत्सव



**जागरण, रीवा।** विश्व के समस्त महाद्वीपों के सबसे ऊंचे पर्वतों पर तिरंगा लहराने के साथ ही विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराने वाली तथा सबसे कम समय में समुद्र की सर्वाधिक गहराई तक स्कूबा डाइविंग में विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने वाली देश की साहसी बिटिया एवं यूथ आइकॉन मेघा परमार ने विवेकानंद पार्क के मंच से देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि युवा हताशा की बजाय दृढ़ संकल्प हों और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज हर परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए अत्यावश्यक है शांति एवं सद्भाव, तभी देश की सर्वांगिण उन्नति होगी। नगर पालिक निगम एवं रिएक्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद पार्क में आयोजित 39 वें शांति एवं सद्भावना महोत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ डॉ. कौशलेंद्र त्रिपाठी द्वारा सूर्य उपासना, वेद मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि से किया गया। इसके उपरांत शांति के प्रतीक श्वेत कपोत व तिरंगे झंडे के रंग के गुब्बारे हवा में छोड़े गए। डॉ. मुकेश येंगल ने सद्भावना महोत्सव के 38 वर्षों के इतिहास की जानकारी विस्तार से प्रदान की। ग्रीन एवं क्लीन रीवा को समर्पित महोत्सव में नगर निगम की आईसी स्वच्छता टीम के सदस्यों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़ी वरिष्ठ महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सरदार प्रहलाद सिंह, माया सिंह, प्रो. महेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रो. अतुल पाण्डेय, रेडक्रॉस सचिव डॉ. विनोद श्रीवास्तव, चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डॉ. बीएल मिश्र, इंजी. एसके चतुर्वेदी, इंजी. देवेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य राजेंद्र सिंह, राजकुमार टिलवानी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, विभा श्रीवास्तव, पल्लवी खन्ना, ममता नरेंद्र सिंह, कुसुम सिंह, शांति एवं सद्भावना महोत्सव में सेना भर्ती के प्रशिक्षक बहादुर गौतम, रमेश तिवारी, राखी सिंह, सामाजिक संगठन के सौरभ तिवारी, दीपक शर्मा, जयदीप सिंह, जेआर पाण्डेय, अशोक गहरवार, संजय सिंह, दिलीप शुक्ला, अमित पीढ़िहा, मुन्ना जैदी, बीके शुक्ला, विकास सोनी, अमिताभ सिंह, किसान सुब्रत, नगर निगम से सचिन द्विवेदी, राजू द्विवेदी, अवनीश शुक्ला, प्राची खान सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। समापन राष्ट्रगान से किया गया।

## कमिश्नर ने एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही मेघा परमार को किया सम्मानित



**रीवा।** प्रसिद्ध पर्वतारोही मेघा परमार ने रीवा में नव वर्ष के अवसर पर आयोजित सद्भावना दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम के बाद सुश्री परमार ने कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर कमिश्नर बीएस जामोद से सौजन्य भेंट की। कमिश्नर श्री जामोद ने सुश्री परमार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और सम्मान किया। सुश्री परमार ने कमिश्नर श्री जामोद को एवरेस्ट गर्ल पुस्तक भेंट की जो उनकी उपलब्धियों पर लिखी गई है। सुश्री परमार ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर तिरंगा लहराने के साथ विश्व के सभी महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटी पर भी तिरंगा फहराया है। इस अवसर पर डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, अपर कमिश्नर नीतू माथुर, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे उपस्थित रहे।

## कोई व्यक्ति खुले में सोता दिखे तो आश्रय स्थल जाने करें प्रेरितःडॉ. सोनवणे

**जागरण, रीवा।** निगम क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित अटल आश्रय स्थल में डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शीत ऋतु के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। स्वास्थ्य कैम्प का उद्देश्य शीत ऋतु में शहरी बेघरों एवं जरूरतमंदों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत प्रदान करना है। निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि नियमित रूप से आश्रय स्थलों का निरीक्षण करें एवं ठंड से राहत के लिये सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। नगर निगम द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि कोई व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये यदि आपके आस-पास अगर कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ दिखायी दे तो उसे आश्रय स्थल में जाने हेतु अवश्य जागरूक करें।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते हैं
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200



मऊगंज का प्रथम ISO certified मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल
गुरु वशिष्ठ हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
रीवा के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ आपके शहर मऊगंज में 15 वर्षो से ज्यादा का अनुभव व पाँच हजार से अधिक सफल सर्जरी का अनुभव
डॉ.कृपा शंकर मिश्रा
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय, M.B.B.S., D.Ortho
हमीदिया अस्पताल भोपालए पूर्व चिकित्सक अपोलो अस्पताल दिल्ली
उपलब्ध उपचार एवं सुविधाएँ
• जोड़ प्रत्यारोपण एवं कूल्हे के ऑपरेशन की सुविधा
• कमर दर्द स्पाइन के ऑपरेशन की सुविधा
• जटिल हाथ पैर एवं चेहरे पर फ्रैक्चर के ऑपरेशन की सुविधा
• प्रसव एवं बच्चेदानी के ऑपरेशन की सुविधा
• गठिया वात का शर्तिया इलाज
• सभी तरह के जांच ईसीजी एवं Xray की सुविधा
• छोटे से चीरे द्वारा जांच एवं हाथ के हड्डी का ऑपरेशन
स्थान- मऊगंज बायपास रोड, घुरेहटा (म.प्र.) सम्पर्क करें: 6262220039, 8828009739

**थर्टीफर्स्ट जश्न: रीवा पुलिस की अजीब पहरेदारी**

## होटल-रेतरां में भीतर चलती रही शराब पार्टी बाहर निकलने का इंतजार करती रही पुलिस

### कौन नशे में है कौन नहीं जानने ताक पर रही पुलिस





**जागरण, रीवा।** पूरी दुनिया के साथ ही रीवा जिले में पुराने साल की विदाई के जश्न का जोर रहा। थर्टी फर्स्ट के जश्न को लेकर होटल रेस्तरां संचालकों के साथ ही पुलिस प्रशासन भी पूर्व से तैयारी कर रहा था। पुलिस ने पूर्व में ही एडवायजरी किया था कि लोग नशे में न रहे। पुलिस की एडवायजरी के असर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहर का ऐसा कोई हटल रेस्तं नहीं था जहां थर्टी फर्स्ट के जश्न का आयोजन न किया गया हो। यहां पुलिस की अजीब पहरेदारी रही। होटल रेस्तरां में जमकर शराब-कबाब की पार्टी चल रही थी और पुलिस बाहर लोगों के निकलने के इंतजार में खड़ी थी। पुलिस उनके मुंह में मशीन लगाकर अल्कोहल की मात्रा चेक कर रही थी लेकिन शराब पार्टी रोकना उचित नहीं समझा। वैसे तो यहां गिने चुने बार हैं लेकिन 31 दिसबर को सभी बार में तब्दील एक दिन पहले शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कस्बों में खाना पैक कराने गए लोगों को भी नशे में होने का आरोप लगाकर थाने में 3-4 घंटे बैठाया गया लेकिन 31 दिसंबर की रात पुलिस के हांथ क्यों बंधे थे। शराब पार्टी के लिए होटल रेस्तरां संचालकों आखिर छूट किसके इशारे पर दी गई। क्या इसके पहले इन्हें दबाव में लेने के लिए कार्रवाई का प्रहसन किया गया। देखा यह गया युवा तो शराब के नशे में थे ही युवतियां भी पीछे नहीं थीं। ऐसे में कैसे यहां की संस्कृति सुरक्षित रह पायेगी व नशे पर रोक लगेगी।

## कटनी की मुस्कान रीवा में हुई ट्रेंड और अंडर 23 टी 20 टीम में पहुंची



**रीवा।** शुचि के बाद एक और महिला क्रिकेटर रीवा से क्रिकेट की बारीकियां सीखकर अंडर 23 टीम में शामिल हुई। अब टी 20 क्रिकेट मैच खेलेंगी। यह महिला क्रिकेटर भी वार्ड क्रमांक 9 में कोच इन्द्रदेव भारती उर्फ स्वामी जी अपने घर के आंगन में ही ट्रेंड किया है।

मुस्कान विश्वास मूल रूप से कटनी की रहने वाली हैं। रायपुरा गांव की निवासी हैं। पिता मेडिकल फील्ड से जुड़े हुए हैं। पिता का नाम पालस विश्वास है। रीवा से ही मुस्कान ने तैयारी की थी। क्रिकेट यहीं पर सीखा। इसके पहले अंडर 19, अंडर 23 में भी शामिल हुई थीं। मई महीने में जेडसीए कैंप भी की थीं। अब नई उपलब्धि मुस्कान के साथ जुड़ गई है। मुस्कान का चयन अंडर 23 के लिए खेले जाने वाले टी20 मैच में हुआ है। मुस्कान टीम की ओपन बैट्समैन और बॉलर भी हैं। उनकी इस सफलता पर विक्रम सिंह विधायक रामपुर बघेलान, राजेन्द्र ताम्रकार पूर्व महापौर, सतीश सिंह पूर्व पार्षद, अधिवक्ता संतोष अवधिया, शिवेन्द्र शर्मा ललिता क्रिकेट एकेडमी सीधी, विनय पाण्डेय, प्रकाश द्विवेदी, शिवराज सिंह परिहार, विजय गुप्ता, चन्द्रकीर्ति विश्वकर्मा, रघुनंदन विश्वकर्मा, रामसुजान विश्वकर्मा, रमेश सिंह राजपूत अमरबाड़ा, सुधीर उपाध्याय मंडला, स्वामी जी के पिता राजमणि विश्वकर्मा, आचार्य सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर ने शुभकामनाएं दी हैं।

### विंध्य संग्राम परिषद का सम्मेलन आज

**रीवा।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विंध्य संग्राम परिषद का वार्षिक सम्मेलन गंगा वाटिका में आज 2 जनवरी को 12:00 बजे दिन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनीन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय महासचिव सिद्धनाथ पांडेय ने बताया है कि 2 जनवरी के दिन विंध्य प्रदेश राज्य को बचाने के लिए अपनी शहादत देने वाले गंगा , चिंताली एवं अजीज के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी व आंदोलन की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से गंगा वाटिका पहुंचने की अपील की है।

## उप मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ का किया अभिषेक



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन किये। उन्होंने विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ का सपरिवार पूजन एवं अभिषेक किया और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 8 जनवरी को

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल करेंगी। बैठक में गत बैठकों के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, स्थाई समितियों के प्रस्तावों, पीआईयू के निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा कृषि आदान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में उद्यानिकी विभाग, मछली पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, पशुपालन विभाग तथा खनिज विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सपना त्रिपाठी ने सामान्य सभा के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

**मेडिकल कॉलेज में मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर की भर्ती मामले में फिर नया मोड़ आया**

## चयनित अभ्यर्थी के दस्तावेज पर ही उठे सवाल फर्जी रिकॉर्ड लगाकर नौकरी हथियाने का आरोप

### डीन मेडिकल कॉलेज से की गई लिखित शिकायत

### दोनों अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त किए जाने की मांग




**जागरण, रीवा**

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर के पद पर की गई नियुक्ति को लेकर फिर नया मोड आ गया है। एक अभ्यर्थी ने डीन को लिखित शिकायत कर चयनित अभ्यर्थियों के रिकॉर्ड पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी आहरित करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही एक अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता में अपात्र होने पर ही नियुक्त किए जाने का आरोप लगाया गया है। डीन से दोनों ही चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त करने की मांग की गई है।

ज्ञात हो कि श्याम शाह मेडिकल कॉलेज ने वर्ष 2023 में मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें कंडीडेट से आवेदन मांगे गए थे। कई उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। योग्यता के आधार पर तत्कालीन डीन डॉ मनोज इंदुलकर के समय पर आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद पात्र अपात्र की सूची फरवरी 2024 में जारी की गई थी। मेडिकल कॉलेज से जारी लिस्ट में सिर्फ एक उम्मीदवार ही पद के लिए योग्य पाया गया था। लिस्ट जारी होने के बाद भी पात्र कंडीडेट को ज्वाइनिंग आदेश जारी नहीं किया गया। आठ महीने बाद 16 दिसंबर को नई स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई। मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर के लिए आए आवेदनों की फिर से जांच कराई गई। इसके लिए डीन ने कमेटी का भी गठन किया। डीन ने पांच लोगों की कमेटी गठित की। फिर स्क्रूटनी और नए सिरे से चयन कार्यवाही किए जाने के बाद 20 दिसंबर को नई लिस्ट जारी कर दी गई। इसमें जो कंडीडेट अपात्र था। उसे पात्र और जो पात्र था उसे वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया। इसके बाद विजय शर्मा को संजय गांधी अस्पताल तो दूसरे कंडीडेट निशांत यादव को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदस्थ कर दिया गया है। दोनों कंडीडेट का नियुक्ति आदेश भी जारी कर दिया गया है। अब इसमें फिर से नया मोड आ गया है। मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर के पद के लिए आवेदन करने वाले मऊगंज निवासी संयज दुबे ने डीन को अभ्यावेदन सौंपा है। इसमें दोनों ही कंडीडेट की नियुक्ति पर सवाल खड़े करते हुए विजय शर्मा के रिकॉर्ड पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय दुबे ने दोनों ही नियुक्तियों को निरस्त करने की मांग की है।

**विजय शर्मा के रिकॉर्ड पर उठाए हैं सवाल :** संजय दुबे ने लिखित शिकायत दर्ज की है। शिकायत में कहा है कि विजय शर्मा द्वारा ऑल इंडिया काउंसिल फॉर वोकेशनल एंड पैरामेडिकल साइंस नामक संस्था से सर्टिफिकेट इन मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नीशियन नाम डिप्लोमा उत्तीर्ण होने की जानकारी उपलब्ध कराई है। श्री शर्मा द्वारा मार्कशीट का अवलोकन करने पर इस बात की पुष्टि हुई कि वर्ष जून 2019 से वर्ष 2020 तक ऑल इंडिया काउंसिल पुॉर वोकेशनल एंड पैरामेडिकल साइंस नाम संस्था में नियमित रूप से अध्ययन किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि श्री शर्मा द्वारा प्रस्तुत मार्कशीरट से एवं डिप्लोमा से इस बात की पुष्टि नहीं होती है कि श्री शर्मा नियमित अथवा दूरस्थ शिक्षा से आवश्यक डिप्लोमा पूर्ण किए हैं। सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए श्री दुबे ने कहा है कि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय आगर मालवा में इस बात का उल्लेख है कि पीएम जन आरोग्य योजना में विजय शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा जिला चिकित्सालय में आयुष्मान मित्र के पद पर अपनी सेवाएं विडाल हेल्थ इंस्योरेंस कंपनी के माध्यम से 1 अगस्त 2019 से 22 दिसंबर 2021 तक दिए हैं। विजय शर्मा जून 2019 से जून 2020 तक सर्टिफिकेट इन मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नीशियन का कोर्स कर रहे थे। ठीक उसी समय 1 अगस्त 2019 से दिनांक 22 दिसंबर 2021 तक जिला चिकित्सालय आगर मालवा में आयुष्मान मित्र के पद पर किस प्रकार उपस्थित हो सकते हैं, यह जांच का विषय है।

### एक ही समय में तीन जगह मौजूद रहे

शिकायत में श्री दुबे ने कहा है कि विजय शर्मा ने जो रिकॉर्ड प्रस्तुत किए हैं। उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि श्री शमा एक ही समय पर चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी, जिला चिकित्सालय आगर मालवा एवं ऑल इंडिया काउंसिल फॉर वोकेशनल लैंड पैरामेडिकल साइंस नाम संस्था हिसार हरियाणा में भी मौजूद रहे। एक साथ ही तीन जगह नियमित रूप से उपस्थित होना किसी के लिए भी संभव नहीं है।

## बुजुर्गों को बड़ी राहत, अब घर बैठे बना सकेंगे अपना आयुष्मान कार्ड

### आयुष्मान एप ही दे दिया गया है ऐसा फीचर की सारी जानकारी फीड कर कार्ड बना लेंगे

**रीवा।** 70 प्लस वाले बुजुर्गों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए इधर उधर चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। घर बैठे मोबाइल पर ही आयुष्मान कार्ड बनवा सकेंगे। इसके लिए सिर्फ एड्रांइड मोबाइल अनिवार्य होगा। आयुष्मान एप में सारी जानकारी भरते ही आयुष्मान कार्ड बन जाएंगे।

आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा। इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

## एक स्थान से हटवाया तो दो स्थानों पर डाल गए कचरा

### बीहर नदी किनारे घाट क्र. एक के समीप कचरा फेंकना नहीं हो रहा बंद



**जागरण, रीवा।** केन्द्रीय विद्यालय के सामने से करहिया पहुंच मार्ग में बीहर नदी के किनारे पिछले दिनों कचरे का ढेर लगा दिया था और इसे जलाकर यहीं निपटाया भी जा रहा था, जिसे निगम आयुक्त के निर्देश से यहां से हटवाया गया था। आयुक्त द्वारा एक स्थान से कचरा हटवाया तो अब दो स्थानों पर कचरे का ढेर लग गया। जहां पूर्व में कचरा फेंका गया था उसके समीप अब दो कचरे के ढेर पड़े हुए हैं।

**पुराना ढर्रा किया अख्तियार :** नगर निगम द्वारा 158 करोड़ रुपए पहड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में खर्च किए हैं जाकि कचरे से बिजली का उत्पादन करने के साथ ही खाद भी बनाई जा सके, कुछ समय बीहर किनारे कचरा नहीं डाला गया लेकिन निगम के जिम्मेदारों द्वारा पुनः पुराना ढर्रा अख्तियार कर लिया गया है। अधिकांश क्षेत्रों से समय पर कचरा उठता ही नहीं और उठाया भी जाता है तो बजाय पहड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाने के नदी किनारे कचरे का ढेर लगाया जा रहा है। ऐसे में निगम की बिजली व खाद बनाने की मंशा धरी रह जाएगी।

## ऑटो शहर में यातायात व्यवस्था कर रहे चौपट, ई-रिक्शा चालकों की भी मनमानी

### शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में नियम विरुद्ध दौड़ रहे ऑटो रिक्शा, ओवरलोडिंग पर नहीं अंकुश



**जागरण, रीवा।** लोगों के लिए आसानी से सुलभ हो जाने वाले परिवहन साधनों में शुमार ऑटो-रिक्शा व ई-रिक्शा की बहुतायत व नियम विरुद्ध तरीके से फर्राटे भरना सिरदर्द बनता जा रहा है। शहर में ऑटो-रिक्शा व ई-रिक्शा की धमाचौकड़ी से यातायात व्यवस्था एकदम ध्वस्त है। शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र में मनमानी चरम पर है। इसके अलावा ग्रामीण अंचल में भी ऑटो रिक्शा की भरमार देखने को मिल रही है। जहां ऑटो चालकों द्वारा यातायात नियमों का माखौल उड़ाने में कसर नहीं छोड़ी जा रही। प्रतिस्पर्धा और आधुनिकता के चलते न सिर्फ शहर में बल्कि गांवों में भी दिनों दिन वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिसके चलते लगातार यातायात दबाव बढ़ रहा है तो वहीं ओव्हरलोडिंग के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी सामने आ रही हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक यातायात नियमों को रौंदते हुए दौड़ने वाले ऑटो रिक्शा चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाने या हिदायत देने का क्रम जारी नहीं किया जाता जिससे चालकों की मनमानी व लापरवाही पर विराम नहीं लग पा रहा है।

**नियमों को दिखा रहे ठेंगा:** परिवहन विभाग में कई हजार ऑटो रजिस्टर्ड हैं, इसके बाद भी नियम का पालन नहीं हो रहा है। परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार सवारी ढोने वाले प्रत्येक वाहन चालक को ड्रेस एवं परिचय पत्र रखना अनिवार्य है, लेकिन शहरी क्षेत्र व गांव में एक भी ऑटो चालकों द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। 4 सवारी की जगह 10 से 15 सवारी ढोई जा रही है। ताज्जुब की बात तो यह है कि इनमें से कुछ ऑटो नाबालिग चालकों द्वारा दौड़ाए जाते हैं, लेकिन इस ओर जिम्मेदार अमले द्वारा विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा। इन ऑटो में मीटर की भी कोई व्यवस्था नहीं है और जिनमें मीटर लगे हैं वह भी बंद हैं। सवारियों की बात करें तो यह पीछे की सीट पर तो ज्यादा बैठाते ही हैं साथ ही अपने अगल-बगल भी सवारियों को बैठाकर चलाते हैं।

## शहर के खाली स्थलों में बनाये जायेंगे पार्किंग, स्थल चिंन्हित करने के निर्देश

### अमहिया रोड से सिरमौर चौराहा तक रास्तों के अगल-बगल का अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश




**जागरण, रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत निगम द्वारा वार्डवार निरंतर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शिविरों मे अब तक 2061 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें 2035 स्वीकृत, शेष 26 में कार्यवाही प्रगतिरत है। इसी क्रम में 1 जनवरी को निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में जोन क्र. 3 वार्ड नंबर 22 एवं 23 महाराजा पब्लिक स्कूल में शिविर आयोजित किया गया।

निगम आयुक्त हितग्राहियों से मिलकर उनकी परेशानियों से अवगत हुये तथा विभागों में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली, साथ ही आमजन की शिकायतों पर वार्ड स्थित गर्ल्स हॉस्टल के पास स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात वार्ड में भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। अमहिया नाला के पास नगर निगम की जर्जर दुकान को हटाकर स्थल उपयोग करते हुये वार्ड में स्मार्ट टॉयलेट बनाये जाने को कहा। नाला के बगल कार्नर में खुली नाली कवर करने एवं अमहिया रोड में ट्रांसफर तिराहा सीएण्डडी हटाकर पार्किंग स्पेस बनाये जाने को कहा। स्लॉटर हाउस के बगल से लगे निगम के जर्जर भवन को विधिवत कार्यवाही करते हुये गिराने के निर्देश दिए। स्लाटर हाउस के पीछे के स्थल का सौन्दर्यीकरण कर पार्किंग बनाया जाय। साथ ही शहर में खाली स्थलों को चिन्हित कर पार्किंग बनाये जाने की योजना बनाये जाने के निर्देश दिए। अमहिया रोड से सिरमौर चौराहा तक रास्तों के अगल-बगल का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही नजूल के साथ टीम बनाकर अमहिया रोड के मेजरमेंट कराकर सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए, जिससे आवागवन सुगम हो सके।

इस दौरान पार्षद पूजा सिंह, जनप्रतिनिधि प्रमोद सिंह, अकरम खॉन, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री अम्बरीश सिंह, एसएन द्विवेदी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शहर के नागरिकों से अनुरोध कि वे इन शिविरों में भाग लें एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। 2 जनवरी को जोन क्र. 4 वार्ड नंबर 44 प्रधानमंत्री आवास परिसर गोल क्वाटर्स रीवा में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जावेगा।

## सड़कों का किया जा रहा घटिया निर्माण

### कई जगह पटरी भी नहीं भरी जाती, होती हैं दुर्घटनाएं



**जागरण, रीवा।** शहर सहित जिले भर में बनाई जाने वाली सड़कों में निर्धारित मापदण्ड का उपयोग नहीं किया जाता, नतीजतन कोई सड़क कुछ ही समय में उखड़ जाती है तो अधिकांश सड़कों के किनारे पटरियों का भराव सड़क के लेवल पर नहीं किया जाता, जिसके कारण दोपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। खासकर रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की लाइट के कारण दोपहिया वाहन चालकों या अन्य वाहन चालकों को सड़क किनारे पटरी दिखाई नहीं देती, जिससे चलते-चलते वाहन उनमें उतर जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं, इसमें तो अब तक कई दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु भी हो चुकी है। शहर की अधिकांश सड़कों की हालत इन दिनों खस्ता है। कई जगह तो बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनसे बचने के चक्कर में वाहन चालक रॉग साइड से वाहन निकालकर किसी को टक्कर मारते हैं या फिर स्वयं दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

**दो-ढाई माह में ही उखड़ गया डामरीकरण :** करहिया मण्डी से फूलमती माता मंदिर से होकर मैदानी तक की सड़क का डामरीकरण करीब दो माह पूर्व किया गया था, जो कई जगह से उखड़ चुकी है। यहां के रहवासियों ने बताया कि काफी पहले यहां सड़क बनी थी, उसके बाद किसी ने सुध नहीं ली। सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई थी। करीब दो ढाई माह पूर्व सड़क पर डामरी किया गया, लेकिन वह भी घटिया स्तर का, सड़क बनने के कुछ दिनों बाद ही सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं तो कई जगह किए गए डामरीकरण में दरारें पढ़ गई हैं। जिससे कुछ ही दिनों में सड़क पुरानी स्थिति में पहुंचने में समय नहीं लगेगा।

### सड़क के रखरखाव की नहीं निभा रहे जिम्मेदारी

जय स्तंभ से लगाकर अस्पताल चौराहे तक सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे बचने वाहन चालक गलत साइड से वाहन निकालते हैं, इस कारण आए दिन कोई न कोई वाहन टकराता है। ढेकहा तिराहे से बीड़ा-सेमरिया जाने वाले मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं, यहां पर भी गड्ढा बचाने के चक्कर में वाहन चालक रॉग साइड से वाहन निकालते हैं, जिससे रोजाना कोई न कोई वाहन चालक अन्य वाहन से टकराता है। सिरमौर चौराहे पर बने ओव्हर ब्रिज में कई जगह से सड़क उखड़ चुकी है, यहां भी गड्ढे बचाने के चक्कर में वाहन चालक करतब करते देखे जा सकते हैं। शासन के नियमानुसार जो भी विभाग स्वयं या ठेकेदार के माध्यम से सड़क का निर्माण करवाता है, संबंधित को आगामी पांच-सात वर्ष तक सड़क के रखरखाव का जिम्मा होता है, लेकिन यहां अधिकांश सड़क निर्माण करने के बाद सड़क को भूलकर उसका रखरखाव नहीं कर रहे, प्रशासन भी उन पर कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं,जिससे परेशानी शहर की जनता को झेलना पड़ रही है।

# अप्रिय स्थिति के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे: कमिश्नर

## लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण तत्काल निराकृत करें। मुख्यमंत्री जी प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हैं। प्रकरणों के लंबित रहने पर अप्रिय स्थिति के लिए अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। इस माह की समाधान ऑनलाइन में थाने में एफआईआर न लिखने, नामांतरण एवं बंटवारे संबंधी राजस्व प्रकरण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा जाति प्रमाण पत्र जारी न करने के बिंदु शामिल हैं। समाधान ऑनलाइन में ऊर्जा विभाग से संबंधित बिजली न आने, वोल्टेज कम रहने और बिजली बिलों में सुधार, श्रम विभाग में असंगठित मजदूरों के लिए संबल योजना में पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, गांव में साफ-सफाई और पानी निकासी की उचित व्यवस्था, समेकित छात्रवृत्ति वितरण तथा पिछड़ावर्ग विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक एवं विदेश अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति के प्रकरण की समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर ने कहा है कि समाधान ऑनलाइन में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में स्वीकृत निर्माण कार्य पूरा कराने, नगरीय निकायों द्वारा सड़कों, गलियों और नालियों की साफ-सफाई, सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा सहकारी बैंक से संबंधित विषय एवं जल संसाधन विभाग द्वारा नहर में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की जाएगी। सभी कलेक्टर संबंधित अधिकारियों से लंबित प्रकरणों में कार्यवाही सुनिश्चित करके प्रकरणों का निराकरण कराएं। सभी अधिकारी विशेष प्रयास करके निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं।

# नववर्ष में किया पत्रकार मिलन एवं भोज कार्यक्रम

**रीवा।** भाजपा नेता गौरव तिवारी ने नए वर्ष के अवसर पर हनुमान वाटिका गार्डन में जिले के सभी पत्रकार बंधुओ के साथ भेंटवार्ता एवं सहभोज का आयोजन किया। इस आयोजन में जिले के सभी वरिष्ठ पत्रकार सम्मिलित हुए जिसमे भाजपा नेता गौरव तिवारी ने सभी पत्रकारों को नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं एवं सभी पत्रकारों के साथ भोज किया। गौरव तिवारी ने पत्रकारों से सारगर्भित चर्चा करते हुए जिले में हुए विकास कार्यों एवं संभावित विकास कार्यों के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पात्रकारगण एवं रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, पूर्व महापौर द्वय राजेन्द्र ताम्रकार, वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश गर्ग, मनीषा पाठक, पार्षद सतीश सिंह, सोनल शर्मा, बृजेन्द्र गौतम, बालानन्द द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष गौरव पांडेय, हिमांशु गुप्ता, अनंत गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# आनंद उत्सव मनाने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत जिला और विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न आयोजन होंगे। आनंद उत्सव मनाने के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति में सदस्य के रूप में आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा उप संचालक खेल एवं युवा कल्याण को शामिल किया गया है। समिति में सभी एसडीएम, उप संचालक जनसम्पर्क, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र तथा डॉ मुकेश येंगल प्रतिनिधि राज्य आनंद संस्थान को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। नोडल अधिकारी आनंद विभाग तथा संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

**कार्यालयवनमंडलाधिकारी,वनमण्डलसा० रीवा(म.प्र.)**
जयन्तीकुंज, झिरिया,रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 251335

क्रमांक/भण्डार/ 12216 | रीवा, दिनांक 27/12/2024
प्रति,

**ई-निविदासूचना**

वनमण्डल कार्यालय रीवा अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के स्वीकृत प्रोजेक्ट अनुसार वन परिक्षेत्र कैम्पस सिरमौर में परिक्षेत्राधिकारी आवस (भवन) निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में ई-निविदा एम0पी0 टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 30.12.2024 | Time 02:00 PM |
| Bid Submission Start Date - | 30.12.2024 | Time 02:30 PM |
| Bid Submission Closing Date- | 06.01.2025 | Time 02.00 PM |
| Bid Opening Date - | 07.01.2025 | Time 03:30 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था/ ठेकेदार ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

G- 21065

(मयंक चांदीवाल भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा

**मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय**
राजा भोज मार्ग कोलार रोड, चूना भट्टी, भोपाल (म.प्र.) - 462016
दूरभाष : 0755-2492093, फैक्स : 0755-2424640, वेबसाइट : https : mpbou.edu.in, ईमेल : registraroffice.mpbou@gmail.com

क्र./1341/डीएसई/मप्रभोमुविवि/2024 | भोपाल, दिनांक : 01.01.2025

**बी.एड. (विशेष शिक्षा दूरस्थ पद्धति) में अध्ययन केन्द्र स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रण**

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल दूरस्थ शिक्षा पद्धति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित करता है तथा बी.एड. विशेष शिक्षा (दूरस्थ शिक्षा पद्धति) पाठ्यक्रम में चार दिव्यांगताओं यथा HI(Hearing Impairment), VI(Visual Impairment), ID(Intellectual Disability)/(MR), LD(Learning Disability) में कोर्स संचालित किया जाता है।

उक्त पाठ्यक्रम हेतु नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना, भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली (RCI) जो कि भारत सरकार की दिव्यांगों के पुनर्वास हेतु विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अधिकृत नियामक संस्था है, के नियम एवं अधिनियम 2021 के कण्डिका 11.a. के अनुसार की जानी है।

इसके अनुसार केवल वे ही संस्थान निर्धारित प्रारूप में समस्त अभिलेखों के साथ आवेदन कर सकते हैं, जो पूर्व से ही RCI विनियमन 2021 के अनुसार बी.एड. विशेष शिक्षा के नियमित पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं।

पात्र संस्थाएं अपने **आवेदन 31 जनवरी 2025 तक** विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

प्रति,
निदेशक विद्यार्थी सहायता
मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), चूना भट्टी, भोपाल (म.प्र.)-462016

विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें।
निम्न वांछित दस्तावेज अवलोकन हेतु वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
**संलग्न** :– (1) Revised Manual On Assessment of Training Institutions Format (HI, VI, ID (MR), LD)
(2) 2021 RCI Guide Lines
(3) आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र

म.प्र. माध्यम/118084/2025 — कुलसचिव

**SECTION 1**

**Notice Inviting e-Tenders**

**Government of Madhya Pradesh**

**OFFICE OF THE DVISIONAL FOREST OFFICER, SIDHI DIVISION**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No./ Pkg/Code | Name of Work | District(s) | Probable Amount (Rs. in lakh) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LINE QUARTER OF RANGE CAMPAS SIDHI AT RANGE Sidhi, DISTT.- Sidhi M.P. | Sidhi | 4829198/- | 03 Months (ON OR BEFORE MARCH 15, 2025) |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from **28-12-2024** time 4.00 PM (date) to **11-01-2025** (time) ***3.00 PM*** (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.
4. The tender document can be purchased only online from the above website after making online payment using credit card or internet banking account. Detailed NIT and other details can be view on the abovementioned portal.

जी–21034 / 24

**DIVISIONAL FOREST OFFICER**
**DIVISION, Sidhi (M.P.)**

**कार्यालयवनमंडलाधिकारी,वनमण्डलसा० रीवा(म.प्र.)**
जयन्तीकुंज, झिरिया,रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 251335

क्रमांक/भण्डार/12201 | रीवा, दिनांक 27.12.2024
प्रति,

**ई-निविदासूचना**

वनमण्डल कार्यालय रीवा अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के स्वीकृत प्रोजेक्ट अनुसार वन परिक्षेत्र रीवा में नवीन लाईन क्वार्टर निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में ई-निविदा एम0पी0 टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 27.12.2024 | Time 04:00 PM |
| Bid Submission Start Date - | 27.12.2024 | Time 04:30 PM |
| Bid Submission Closing Date- | 09.01.2025 | Time 02.00 PM |
| Bid Opening Date - | 10.01.2025 | Time 03:30 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था/ ठेकेदार ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी–21027 / 24

(मयंक चांदीवाल भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,मैकेनिकल खण्ड**
**रीवा (म0प्र0)**
Email ID :- eephemrewa@rediffmail.com PH No. 07662-251023

क्रमांक2150 / तक / का.यं. / लो0स्वा0यां / मैके0खण्ड / 24–25 | रीवा, दिनांक 24 / 12 / 2024

**ई–निविदा सूचना क्रमांक 29/2024-25**
**System Tender No._2024_PHED_390408_1**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड रीवा के अन्तर्गत रीवा जिले मे रिग मशीन BEC-N-10 मे लगने वाले Different Type of Spare Parts प्रदाय हेतु ऑन लाइन डिजिटली हस्ताक्षरित मोहर बंद निविदा अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" "C" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखो जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग मे पंजीयन, सामग्री निर्माता/अधिकृत विकेता का प्रमाण–पत्र इत्यादि निविदा प्रस्तुत करते समय Online प्रस्तुत करना होगा। मोहरबन्द निविदा दिनांक 30.12.2024 को समय 10.00 AM से बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन प्रदर्शित होगी एव कय की जा सकेगी। दिनांक 30.12.2024. समय 10.00 AM से दिनांक 09.01.2025 समय 12.00 PM तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। तकनीकी ऑफर दिनांक 10.01.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। पात्र पाये जाने वाले संविदाकारो के वित्तीय ऑफर दिनांक 15.01.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेन्टस) राशि रू. ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन कय किये जा सकते है.। निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे एवं ऑनलाइन देखी जा सकती है।

**सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल उपखण्ड रीवा**

| क्र0 | समाग्री का विवरण | कम्पनी | मात्रा नग में. | अनुमानित लागत रू. | वयाने की राशि रू. | प्रपत्र का मूल्य रू. | सामग्री प्रदाय का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "B" Check Kit 80024600 | Mahle | 12 | 248170.00 (रू. दो लाख अड़तालिस हजार एक सौ सत्तर मात्र) | 4963/– | 2000/– | सहायक यंत्री लो. स्वा.यॉ. मेकेनिकल उपखण्ड रीवा |
| 2 | Engine Oil Filter 3166554 | Mahle | 4 | | | | |
| 3 | Super By Pass Filter 3873576 | Mahle | 3 | | | | |
| 4 | Element Fuel Filter 3166555 | Mahle | 3 | | | | |
| 5 | Fuel Filter 3238493 | Mahle | 2 | | | | |
| 6 | Compressor Oil Filter Primary 46020300 | Mahle | 3 | | | | |
| 7 | Compressor Oil Filter Secondary 46188320 | Mahle | 3 | | | | |
| 8 | Fuel Water Separator FS-19636 | Mahle | 7 | | | | |
| 9 | Fuel Water Separator FS-19634 | Mahle | 7 | | | | |
| 10 | Kit Air Cleaner 4055279/4055280 | Mahle | 1 | | | | |
| 11 | NTA 855 Kit Air filter Engine Cummins Inner/Outer | Mahle | 3 | | | | |
| 12 | Kit Air Filter Compressor Inner/Outer 32400089 | ELGI | 3 | | | | |
| 13 | Air Oil Separator Make of Providing and Fixing 535505 | ELGI | 1 | | | | |

जी–21021 / 24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मेकेनिकल खण्ड
रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,मैकेनिकल खण्ड**
**रीवा (म0प्र0)**
Email ID :- eephemrewa@rediffmail.com PH No. 07662-251023

कमांक2149/ तक / का.यं. / लो0स्वा0यां / मैके0खण्ड / 24–25 | रीवा, दिनांक 24/12/2024

**ई–निविदा सूचना क्रमांक 28./2024-25**
**System Tender No._2024_PHED_390407_1**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड रीवा के अन्तर्गत रीवा जिले मे रिग मशीन BEC-N-10 मे लगने वाले Wire Brainded Hydrolic Hose Pipe प्रदाय हेतु ऑन लाइन डिजिटली हस्ताक्षरित मोहर बंद निविदा अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" "C" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखो जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग मे पंजीयन, सामग्री निर्माता/अधिकृत विकेता का प्रमाण–पत्र इत्यादि निविदा प्रस्तुत करते समय Online प्रस्तुत करना होगा। मोहरबन्द निविदा दिनांक 30.12.2024 को समय 10.00 AM से बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन प्रदर्शित होगी एव कय की जा सकेगी। दिनांक 30.12.2024. समय 10.00 AM से दिनांक 09.01.2025 समय 12.00 PM तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। तकनीकी ऑफर दिनांक 10.01.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। पात्र पाये जाने वाले संविदाकारो के वित्तीय ऑफर दिनांक 15.01.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेन्टस) राशि रू. ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन कय किये जा सकते है.। निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे एवं ऑनलाइन देखी जा सकती है।

**सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल उपखण्ड रीवा**

| क्र0 | समाग्री का विवरण | मात्रा मी. में. | अनुमानित लागत रू. | वयाने की राशि रू. | प्रपत्र का मूल्य रू. | सामग्री प्रदाय का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Wire Branded Hydraulic Hose Pipe R2 Type 140 kg. /Cm2 (1"Dia) (Make Soni) | 20 | 166525.00 (रू. एक लाख छाछठ हजार पाच सौ पचीस मात्र) | 3331/– | 2000/– | सहायक यंत्री लो.स्वा.यॉ. मेकेनिकल उपखण्ड रीवा |
| 2 | Wire Branded Hydraulic Hose Pipe R2 Type 90 kg. /Cm2 (1½"Dia) (Make Soni) | 17 | | | | |
| 3 | Wire Branded Hydraulic Hose Pipe R2 Type 79 kg. /Cm2 (2"Dia) (Make Soni) | 12 | | | | |
| 4 | Wire Branded Hydraulic Hose Pipe R2 Type 245 kg. /Cm2 (½"Dia) (Make Soni) | 11 | | | | |
| 5 | Hydraulic Hose Pipe R2 Type 185 kg. /Cm2 (¾"Dia) (Make Soni)) | 15 | | | | |

G- 21058

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा0यॉ0 मेकेनिकल खण्ड
रीवा (म0प्र0)

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,मैकेनिकल खण्ड**
**रीवा (म0प्र0)**
Email ID :- eephemrewa@rediffmail.com PH No. 07662-251023

कमांक 2145 / तक / का.यं. / लो0स्वा0यां / मैके0खण्ड / 24–25 | रीवा, दिनांक 24.12.2024

**ई–निविदा सूचना क्रमांक 24/2024-25**
**System Tender No._2024_PHED_390400_1**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड रीवा के अन्तर्गत सतना जिले मे रिग मशीन BEC-N-3 मे लगने वाले Steel wire rop प्रदाय हेतु ऑन लाइन डिजिटली हस्ताक्षरित मोहर बंद निविदा अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" "C" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखो जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग मे पंजीयन, सामग्री निर्माता/अधिकृत विकेता का प्रमाण–पत्र इत्यादि निविदा प्रस्तुत करते समय Online प्रस्तुत करना होगा। मोहरबन्द निविदा दिनांक 30.12.2024 को समय 10.00 AM से बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन प्रदर्शित होगी एव कय की जा सकेगी। दिनांक 30.12.2024. समय 10.00 AM से दिनांक 09.01.2025 समय 12.00 PM तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। तकनीकी ऑफर दिनांक 10.01.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। पात्र पाये जाने वाले संविदाकारो के वित्तीय ऑफर दिनांक 15.01.2025 को 12.00 PM खोले जावेगे। निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेन्टस) राशि रू. ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेबसाइड www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन कय किये जा सकते है.। निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे एवं ऑनलाइन देखी जा सकती है।

**सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल उपखण्ड सतना**

| क्र0 | समाग्री का विवरण | मात्रा मी.में. | अनुमानित लाग़त रू. | वयाने की राशि रू. | प्रपत्र का मूल्य रू. | सामग्री प्रदाय का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Steel Wire rop 18 mm ISI Mark (Usha Martin) | 65 | 110100.00 (रू. एक लाख दस हजार एक सौ मात्र) | 2202/– | 2000/– | सहायक यंत्री लो.स्वा. यॉ.मेकेनिकल उपखण्ड सतना |
| 2 | Steel Wire rop 16 mm ISI Mark (Usha Martin) | 52 | | | | |
| 3 | Steel Wire rop 12 mm ISI Mark (Usha Martin) | 50 | | | | |
| 4 | Steel Wire rop 10 mm ISI Mark (Usha Martin) | 45 | | | | |
| 5 | Steel Wire rop 8 mm ISI Mark (Usha Martin) | 45 | | | | |

जी–21024 / 24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मेकेनिकल खण्ड
रीवा (म.प्र.)

# गायत्री स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**रीवा।** शहर के विंध्य विहार कॉलोनी में स्थित गायत्री हायर सेकण्डरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर आए छात्रों को समापन अवसर पर पुरुष्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद गोविंद तिवारी ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत किया और बच्चों के उत्साह की सराहना की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य गणेश तिवारी, कॉर्डिनेटर दीपक यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क – 8962086944

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा**
**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 20 / ब.ले.लि. / निविदा / 2024–2025 | रीवा, दिनांक 30 / 12 / 2024

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र–अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1– अमानत राशि 2– निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1– निविदा आमंत्रण क्र. 2– कार्यावधि सहित/ छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 391269 | उपसंभाग क्रमांक–3 रीवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पल्हान अन्तर्गत जामू पल्हान मार्ग के साहू बस्ती के समीप नदी पहुँच मार्ग लम्बाई 3.50 कि0मी0 का निर्माण कार्य | 302.03 | 1- 302030.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 391270 | उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा अन्तर्गत जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियांन गुढ बेला हर्दी पांती गड्डी पहुँच मार्ग लम्बाई 3.90 कि.मी. का निर्माण कार्य | 346.35 | 1- 346350.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 391271 | उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा अन्तर्गत ग्राम हर्दी महाडण्डी पांती पहुँच मार्ग लम्बाई 5.00 कि.मी. का निर्माण कार्य | 335.53 | 1- 335530.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 391272 | उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा अन्तर्गत जोधपुर नं.1 से मुरली पर पहुँच मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का निर्माण कार्य | 410.58 | 1- 410580.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 391273 | उपसंभाग मऊगंज अन्तर्गत चरैया से चिरैया पहुँच मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. का निर्माण कार्य | 338.19 | 1- 338190.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 391274 | उपसंभाग त्योंथर अन्तर्गत जवा डभौरा मुख्य मार्ग से महिलो 444 होते हुए नहर के पास से उंचाडीह ग्राम तक मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य | 301.32 | 1- 301320.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 391275 | उपसंभाग मऊगंज अन्तर्गत हटवा चक नं.01 से शाहपुर रोड व्हाया कौआढान पहुँच मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य | 253.07 | 1- 253070.00 2- 15000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 2287.07 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 24/01/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G- 21067/24

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक–1 रीवा

# कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक /342/राजस्व/न.पा.नि./2024–25 | रीवा, दिनांक 23/12/2024

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के महामृत्युंजय काम्पलेक्स ब्लाक ब्लाक B के हॉल एवं छत, अधिवक्ता चेम्बर, तानसेन काम्पलेक्स के प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल हाल, योजना क्रमांक 7 यातायात नगर के भूखण्ड, सिटी बस डिपो यातायात नगर (RCTSL) की दुकाने जो रिक्त है, के अंतरण हेतु प्रीमियम तथा भू–भाटक / किराया पर म.प्र. नगर पालिक निगम (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016, संशोधित नियम 2021 एवं संशोधित नियम 2023 के तहत ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति / निविदाकार / फर्म ऑन लाईन शुल्क जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। विवरण तालिका में दर्शित है। निर्धारित आवेदन पत्र शर्तो नियमावली के साथ रूपये 1000=00 का भुगतान कर ऑनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :–

1. ऑन लाईन भुगतान किये गये शुल्क की रसीद
2. आधार कार्ड
3. पैन कार्ड

उपरोक्त दस्तावेजों की स्कैन कॉपी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की स्वयं की होगी। निविदा संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नानुसार है :–

1. ऑन लाईन निविदा फार्म खरीदने की प्रारंभ तिथि – 02/01/2025 समय सायं 05.00 बजे से।
2. ऑन लाईन निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि – 31/01/2025 समय सायं 18.00 बजे तक।
3. ऑन लाईन निविदा फार्म जमा करने की प्रारंभ तिथि – 02/01/2025 समय सायं 05.00 बजे से।
4. ऑन लाईन निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि – 31/01/2025 समय सायं 18.00 बजे तक।
5. ऑन लाईन तकनीकी लिफाफा खुलने की तिथि – 03/02/2025 समय सुबह 12.00 बजे से।
6. ऑन लाईन वित्तीय लिफाफा खुलने की तिथि – कार्यालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ऑनलाइन सूचित किया जावेगा।

निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकार को ई–टेण्डरिंग पोर्टल www-mptenders.gov.in मे आवश्यक शुल्क जमा कर पंजीयन कराना होगा। पोर्टल में पंजीयन के बिना कोई भी निविदाकार निविदा में भाग नही ले सकता। प्रतिभूति राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी। उच्चतम निविदादाता द्वारा विक्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि निविदा खुलने के दिनांक से 21 दिन के भीतर जमा करनी होगी शेष राशि उक्त नियम 2016 के संशोधित नियम 7 के अनुसार जमा करनी होगी। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते विकाश शाखा, कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा से कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती हैं।

महामृत्युंजय काम्पलेक्स एस.ए.एफ. चौराहा हाल ब्लाक–बी

| क्र. | निविदा क्र. | स्थल | किराया/लीज | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | न्यूनतम निर्धारित किराया/प्रतिमाह | श्रेणी | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_390305_1 6th Call | प्रथम तल | किराया प्रतिमाह | 18x15 मीटर | 31727.00 | GEN | 1,90362.00 |
| 2. | 2024_UAD_390306_1 6th Call | छत | किराया प्रतिमाह | 1148.49 वर्गमीटर | 117750.00 | GEN | 7,06500.00 |

तानसेन काम्लेक्स, अधिवक्त चेम्बर एवं सिटी बस डिपो यातायात नगर (RCTSL) Block-A की दुकाने

| क्र. | निविदा क्र. | स्थल | किराया/लीज | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | न्यूनतम निर्धारित किराया/प्रतिमाह | श्रेणी | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_390308_1 6th Call | तानसेन काम्पलेक्स हाल | प्रथम तल/ किराया प्रतिमाह | 3112.00 वर्गफिट | 40058.00 | GEN | 2,40348.00 |
| 2. | 2024_UAD_390309_1 | तानसेन काम्पलेक्स हाल | द्वितीय तल/ किराया प्रतिमाह | 1600.00 वर्गमीटर | 18392.00 | GEN | 110352.00 |
| 3. | 2024_UAD_390310_1 | तानसेन काम्पलेक्स हाल | तृतीय तल/ किराया प्रतिमाह | 2000.00 वर्गमीटर | 11326.00 | GEN | 67956.00 |
| क्र. | निविदा क्र. | स्थल | किराया/लीज | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | न्यूनतम निर्धारित आरक्षित मूल्य | श्रेणी | प्रतिभूति राशि |
| 4 | 2024_UAD_390312_1 6th Call | अधिवक्ता चेम्बर | 25 (लीज) | 3.44x2.65 मीटर | 344000.00 | GEN | 8600.00 |
| 5 | 2024_UAD_390314_1 | योजना क्रमांक 7 यातायात नगर | WS/87 (लीज) | 12x24 मीटर | 1372–/ प्रति वर्गफिट | GEN | 106292.00 |
| 6 | 2024_UAD_390315_1 | योजना क्रमांक 7 यातायात नगर | WS/89 (लीज) | 12x24 मीटर | 1372–/ प्रति वर्गफिट | GEN | 106292.00 |
| 7 | 2024_UAD_390317_1 | योजना क्रमांक 7 यातायात नगर | WS/95 (लीज) | 12x24 मीटर | 1372–/ प्रति वर्गफिट | GEN | 106292.00 |
| 8 | 2024_UAD_390318_1 | सिटी बस डिपो यातायात नगर (RCTSL) Block-A | GF-08 (लीज) | 21.60 वर्ग मीटर | 1163376.00 | GEN | 29085.00 |
| 9 | 2024_UAD_390319_1 | सिटी बस डिपो यातायात नगर (RCTSL) Block-A | FF-03 (लीज) | 21.60 वर्ग मीटर | 814363.00 | GEN | 20360.00 |

टीप :– 30 वर्षीय लीज पर आवंटित अचल सम्पत्तियों का निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5% तत्पश्चात् अगले 20 वर्षो के लिए 0.5% लीजरेन्ट देय होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

# इस बार वोटिंग सिस्टम से चुने जायेंगे आरडीसीए के पदाधिकारी, 3 को होगा चुनाव

## प्रबंधकीय समिति एवं वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में दी गई जानकारी




**रीवा।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजिंग कमेटी एवं वार्षिक सामान्य सभा की बैठक विश्वविद्यालय स्टेडियम में सम्पन्न हुई। एसोसिएशन की मैनेजिंग कमेटी की बैठक में वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट , आडिट रिपोर्ट , वर्ष 24-25 के बजट एवं क्रिकेट गतिविधियों के कैलेंडर से संबंधित सभी प्रस्तावों का कमेटी के द्वारा अनुमोदन किया गया । मैनेजिंग कमेटी द्वारा अनुमोदित वार्षिक रिपोर्ट, आडिट रिपोर्ट एवं बजट आदि को वार्षिक सभा में पारित किया गया । एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के नवीन पदाधिकारियों के चुनाव के लिये कार्यवाही प्रारंभ की गयी। सर्वप्रथम एसोसिएशन के सदस्य अजय कुमार मिश्रा प्रस्ताव पेश करते हुये कहा कि पूर्व परंपराओं के अनुसार राजीव खन्ना को पुनः अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के लिये प्रस्तावित करता हूँ तथा एसोसिएशन के संरक्षक नागेन्द्र सिंह एवं श्री खन्ना से नई टीम गठित करने का अनुरोध करता हूँ । डॉ. दीपक कपूर के द्वारा उनके प्रस्ताव का समर्थन किया गया परंतु कुछ सदस्यों ने उक्त प्रस्ताव से असहमति दर्शाते हुये इस बार नवीन कार्यकारिणी के चयन हेतु चुनाव कराने की मंशा प्रकट की। अतः एसोसिएशन के संविधान के अनुरूप यदि एक भी सदस्य चुनाव हेतु अनुरोध करता है तो चुनाव कराना आवश्यक होगा का पालन करते हुये चुनाव कराने का निर्णय लिया गया । बैठक के समापन पर संरक्षक नागेंद्र सिंह ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि मै 50 वर्षों से ज्यादा समय से एसोसिएशन का अध्यक्ष या संरक्षक रहा हूँ व इस दौरान आप सभी का स्नेह व सम्मान मुझे मिला इसके लिये सबका आभारी हूँ । परंतु कभी चुनाव की नौबत नहीं आई। तदोपरांत सेवा निवृत्त संयुक्त कलेक्टर अनूप सिंह को एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एवं रामभूषण मिश्रा, संचालक शारीरिक शिक्षा को सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। नामांकन के वापस लेने की तिथि 2 जनवरी शाम 6 बजे नियत की गयी है। इसके पश्चात बचे हुये अभ्यर्थियों के बीच रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के 9 पदाधिकारियों एवं अन्य समितियों के 11 सदस्यों के चयन हेतु 3 जनवरी को चुनाव कराये जाएंगे । इन चुनावों में एसोसिएशन के 69 सदस्यों एवं 6 संस्थागत सदस्यों के द्वारा वोट के माध्यम से अगले दो वर्षों 2024 से 2026 तक के लिये अपने प्रतिनिधियों को चुना जाएगा तथा उसी दिन सायं 4 बजे निर्वाचित नवीन पदाधिकारियों के निर्वाचन की घोषणा भी की जाएगी।

# आज से शुरू होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

## स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में होगी गतिविधियां

**जागरण,रीवा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री की मंशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी के मध्य नई दिल्ली में 28वां राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विज्ञान मेला एकल एवं समूह, समूह लोक नृत्य में 10 तथा समूह लोक नृत्य गायन (चयन ट्रायल) में 10, कविता, लेखन, भाषण, पेंटिंग तथा कहानी लेखन में जिला स्तरीय मोबाइल फोटाग्राफी एवं विज्ञान मेला समूह में प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। आयोजन खेल एवं युवा कल्याण नेहरू युवा केन्द्र एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज से स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में किया जायेगा। सभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम के धौलपुरी द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय आयोजन में सभी विधाओं में युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय आयोजन में सभी विधाओं के समूह लोक गायन एवं कहानी लेखन को छोड़कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

## न्यूज कार्नर

### नियत समय पर निराकृत करें सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण




**उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालय प्राचार्यों को जारी किया पत्र**

**रीवा।** सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने की हिदायत महाविद्यालय प्राचार्यों को दी गई है। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग ने सभी प्राचार्यों को विगत सप्ताह पत्र जारी किया है। पत्र में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को निराकृत कर रिपोर्टिंग देना सर्वोच्च प्राथमिकता दर्शाया गया है। पत्र में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उल्लेखित किया गया है कि प्रकरणों का निराकरण करने में एल-1 टीआरएस कॉलेज और एल-2 अधिकारी यानि अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य स्तर पर ज्यादा विलम्ब होता है। अत: एल-1 और एल-2 अधिकारी को प्रकरणों का निराकरण करने में अधिक गम्भीरता बरतने के लिए कहा गया है।
गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को लेकर विभाग हमेशा संजीदा रहा है परंतु स्थानीय अधिकारी इन शिकायतों को गम्भीरता से नहीं लेते और मनमाफिक निराकरण कर शिकायत या तो बंद कर देते हैं या आगे फारवर्ड कर देते हैं। प्राचार्यों की इस लापरवाही से वह शिकायत हमेशा एक्टिव नजर आती है। इस लापरवाही पर लगाम कसने के निर्देश विभाग ने दिए हैं। गत दिवस हुई समीक्षा बैठक में भी विभाग के आला अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा था। अब अधिकारियों की यह समझाइश क्या असर दिखाती है, यह जल्दी ही देखने को मिल सकता है।

## जेडी लोक शिक्षण की कुर्सी के प्रभार में हो गया खेल

# सीनियर उप संचालक की जगह जूनियर सहायक संचालक को दे दिया प्रभार

### जेडी के रिटायरमेंट के बाद हुआ गोलमाल

जागरण, रीवा




संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय की कुर्सी के प्रभार में खेल हो गया। जेडी एसके त्रिपाठी रिटायरमेंट के साथ ही प्रभार में भी खेल कर गए। कार्यालय में उप संचालक की जगह सहायक संचालक के प्रभाव का प्रस्ताव कमिश्नर के पस भेज दिए। अब सहायक संचालक ने जेडी के प्रभार का आदेश भी जारी कर दिया है।

ज्ञात हो कि एसके त्रिपाठी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के पद पर पदस्थ रहे। 31 दिसंबर को वह पद से रिटायर हो गए। संयुक्त संचालक का पद शासन के निर्देशानुसार कार्यालय के सबसे वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने के निर्देश हैं। जेडी कार्यालय में सबसे वरिष्ठ पद पर उप संचालक नीरव दीक्षित पदस्थ हैं। इसके बाद भी उप संचालक को दरकिनार कर सहायक संचालक को जेडी का अस्थाई प्रभार का आदेश जारी कर दिया गया है। शासन के नियमों के विपरीत आदेश और प्रभार सौंपने की कार्रवाई की गई है। हालांकि जो प्रस्ताव कमिश्नर के पास भेजा गया है। उसी में जेडी कार्यालय से गड़बड़ी की गई। कमिश्नर रीवा संभाग रीवा को धोखे में रखकर आदेश जारी कराया गया। दरअसल केपी तिवारी सहायक संचालक हैं लेकिन प्रस्ताव उप संचालक का बनाकर भेजा गया। इसके बाद भी यदि वरिष्ठता देखी जाए तो नीरव दीक्षित केपी तिवारी से कई साल नौकरी और पद में वरिष्ठ हैं। ऐसा खेल क्यों किया गया, यह सभी जानते हैं। अब इसी पद को लेकर कार्यालय में खींचतान मचना तय है। अब जूनियर के अंडर में सीनियर को काम के दौरान दिक्कतें होंगी और नोकझोंक की स्थिति भी निर्मित होगी।

### प्रभार के लिए यह है लोक शिक्षण का आदेश और नियम

लोक शिक्षण के 2012 के आदेश में स्पष्ट रूप से आदेश दिया गया है कि संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के अवकाश, प्रवास या पद रिक्त होने की स्थिति पर संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण का लिंक अधिकारी संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ उप संचालक लोक शिक्षण रहेंगे। यदि उक्त अवधि में वरिष्ठ उप संचालक भी नहीं हैं तो अन्य उप संचालक लिंक अधिकारी होंगे। उप संचालक पदस्थ न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी लिंक अधिकारी होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी के अवकाश, प्रवास या रिक्त पद होने पर जिला कार्यालय का सहायक संचालक लिंक अधिकारी होगा।

### वरिष्ठता के मामले में संभाग में नहीं है कोई

स्कूल शिक्षा विभाग में यदि वरिष्ठता की बात करें तो उप संचालक नीरव दीक्षित से वरिष्ठ कोई भी नहीं है। नीरव दीक्षित के पदस्थ होने के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग में प्रभार को लेकर गड़बड़ी की गई। यह सारा तानाबाना जेडी कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों और अधिकारियों का खेल माना जा रह है। जेडी कार्यालय में संतोष त्रिपाठी के रहते कई गड़बड़ियां हुई हैं। इसी को छुपाने के लिए ही यह सारा खेल किया जाना माना जा रहा है।

## दिल्ली परेड में भाग लेंगे टीआरएस के अभिषेक



**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के छात्र अभिषेक मिश्रा का चयन आरडीसी परेड के लिए हुआ है। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर लाल किले में परेड का आयोजन होगा, जिसमें एनसीसी के सीनियर अंडर ऑफिसर के रूप में अभिषेक भी भाग लेंगे। छात्र के चयन पर प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी, एनसीसी ऑफिसर डॉ रविंद्र धुर्वे, पिता आदित्यनाथ मिश्रा सहित अन्य इष्टजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# जिले में दिनभर चलती रही शीतलहर, बढ़ी गलन

### धूप निकलने पर भी ठिठुरते रहे लोग, तापमान में आई गिरावट



**रीवा।** जिले में बुधवार को लगभग पूरी तरह बादल छंट गए। सुबह से जिले में कोहरा रहा। हालाकि जल्दी ही धूप निकल आई। फिर भी जिले में बुधवार को शीतलहर का जबरदस्त प्रभाव रहा। शीतलहर के चलते पूरे दिन लोगों को खासी गलन महसूस हुई। दोपहर के समय भी धूप की तपन का अहसास लोगों को नहीं हो सका। फिर शाम ढलने तक गलन और बढ़ गई। साथ में सर्द हवाएं भी चलती रहीं, जिसके चलते लोगों ने समय पर घरों के अंदर दुबकना मुनासिब समझा। अब जिले में कड़ाके की ठंड का प्रहार हो सकता है। मौसम विभाग ने भी इस बाबत संकेत दिए हैं। मौसम विभाग की मानें तो अभी जिले में एक-दो दिन मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, उत्तर भारत से आने वाली बर्फीली हवाएं लोगों को कड़ाके की ठंड महसूस करायेंगी।
गौरतलब है कि जिले में पिछले एक हफ्ते से घने बादल रहे। इस बीच जिले में दो दिन हल्की वर्षा भी हुई। अब बीते सोमवार से मौसम खुलने लगा है। मौसम खुलने के बाद से जिले में ठँड का प्रभाव बढ़ने लगा है। शहर से लेकर गांव अंचल तक लोग ठँड के चलते घरों में सिकुड़ने लगे हैं। घर के बाहर रहने वाले लोग अलाव का सहारा लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बहरहाल, बुधवार को आसमान साफ होने से तापमान में भी कमी देखने को मिली है। बताया गया कि बुधवार को दिन का तापमान बीते दिन से 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक 18.2 डि.से. दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी गत दिवस की अपेक्षा 2.5 डि.से. की गिरावट के साथ 10.0 डि.से. पर कायम हुआ। अब एक-दो दिन तक जिलेवासियों को और कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है। अर्थात दिन और रात के तापमान में और गिरावट आ सकती है।

# जीडीसी में छात्राओं के लिए नहीं बचा खेल मैदान

## सरकारी विभागों ने ही दबा रखी है महाविद्यालय की भूमि




**रीवा।** शहर के एकमात्र शासकीय कन्या महाविद्यालय में खेल मैदान की कमी हो गई है। महाविद्यालय के खेल मैदान में कई तरह के निर्माण कार्य हो गए हैं, लिहाजा अब महाविद्यालय की छात्राओं को खेलने के लिए कोई जगह नहीं बची है। शेष जमीन पर सरकारी व गैर सरकारी अतिक्रमण हो चुका है। विगत 30 दिसम्बर 2019 को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री जीडीसी पहुंचे थे, जहां अतिक्रमण की समस्या सुनते ही उन्होंने तुरंत अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को निर्देशित किया था। अब उच्च शिक्षा मंत्री को निर्देश दिए हुए पांच वर्ष से अधिक समय बीत गया, परंतु कलेक्टर द्वारा इस दिशा में अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।

गौरतलब है कि कॉलेज के पास कुल 14 एकड़ जमीन है, जिसमें से तकरीबन 2 एकड़ जमीन उद्यान विभाग ने दबा रखी है। कॉलेज की अन्य भूमि पर भी सरकारी व गैर सरकारी अतिक्रमण काबिज है। बताते हैं कि सात साल पहले तत्कालीन उद्योग मंत्री ने दो बार कलेक्टर को निर्देश दिए कि उद्यान विभाग का कब्जा हटाकर जीडीसी की जमीन वापस दिलाई जाए, परंतु उद्योग मंत्री के इस निर्देश को जिला प्रशासन ने अनसुना कर दिया। फिर तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देश को भी जिला प्रशासन द्वारा दरकिनार कर दिया गया। इसी कारण आज तक इस मामले में जिला प्रशासन ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की, जबकि अतिक्रमण हटाने के नाम गरीबों के आश्रय व व्यवसायिक स्थल जरुर जिला प्रशासन गिरा रहा है। महाविद्यालय प्रबंधन की मानें तो उक्त भूमि मिल जाने से खेल मैदान की कमी दूर हो सकती है।

### स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स को और सुविधाओं की दरकार

बहरहाल, महाविद्यालय के पास एक नया स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स है। इस कॉम्पलेक्स में भी छात्राओं को खेलने की पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही। वहीं, कॉम्पलेक्स के बगल से थोड़ी सी खाली जगह दिखती है। उक्त स्थान को महाविद्यालय द्वारा बैडमिंटन कोर्ट के रूप में विकसित किया गया था, जो अब धूल के साथ ओझल हो गया। बता दें कि महाविद्यालय में लाइब्रेरी भवन, दो छात्रावास समेत कक्षा भवन का नवनिर्माण हुआ है तथा कांफ्रेंस हॉल का निर्माण हो चुका है। इन निर्माण कार्यों की वजह से खेल मैदान की कमी आई है।

# रेलवे ट्रैक में आने वाली दरार की जानकारी देगी नई तकनीक

## ठँड के दिनों में काम करेगा रेलवे कंटीन्यूअस रेल ब्रोकन डिटेक्शन सिस्टम

**रीवा।** सर्दी के मौसम में अक्सर रेल पटरी में दरार आने की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं को टालने के लिए रेलवे कंटीन्यूअस रेल ब्रोकन डिटेक्शन सिस्टम का ट्रायल करने जा रहा है। इस सिस्टम की खासियत ये है कि ट्रैक टूटने से पहले ही रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना मिल जाएगी। पश्चिम मध्य रेलवे अंतर्गत पहली बार इसकी परीक्षण भोपाल-बीना रेल सेक्शन के सौंराई-सुमेर स्टेशनों के बीच अगले माह किया जाएगा। यह परीक्षण सफल रहा तो इस ठँड के मौसम से उक्त तकनीक का लाभ रेलवे द्वारा लिया जायेगा। विदित हो कि विगत वर्ष सतना जंक्शन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 की रेललाइन में दरार आ गई थी, जिसके ऊपर से पवन एक्सप्रेस निकल गई। यात्रियों से भरी ट्रेन गुजरने के बाद स्थानीय रेल प्रबंधन को खतरे की जानकारी मिली। पेट्रोलिंग मैन द्वारा जानकारी मिलने पर स्टेशन में हड़कम्प मच गया और तीव्रता से उक्त स्थल की रेललाइन बदली गई। यदि पेट्रोलिंग मैन की नजर उक्त टूटी पटरी पर नहीं पड़ती तो बड़ी घटना हो सकती थी। ऐसी गम्भीर घटना की आशंका को देखते हुए ही यह रेलवे कंटीन्यूअस रेल ब्रोकन डिटेक्शन सिस्टम अख्तियार किया जा रहा है। परीक्षण सफल होने पर रीवा स्टेशन की तरफ आने वाली रेललाइन में भी इसका प्रयोग किया जायेगा।

### परीक्षण के बाद मिलेगी सुविधा

अधिकारियों के मुताबिक विगत 6 वर्ष में भोपाल-बीना सेक्शन में ठंड में रेलवे ट्रैक टूटने की 11 बार घटनाएं हुई हैं। इसको देखते हुए सबसे पहले यहां सिस्टम लगाया जा रहा है। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह सिस्टम रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) की मदद से तैयार करवाया जाएगा। इसके उपरांत रीवा-सतना समेत अन्य रेल सेक्शन में भी यह सुविधा दी जायेगी।

### एआई तकनीक का उपयोग

इंजीनियर्स के मुताबिक इस सिस्टम से सटीक रिजल्ट प्राप्त करने के लिए उसमें लगाए जाने वाले उपकरणों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जाएगा। पूरा सिस्टम 5-जी इंटरनेट, आधुनिकतम इंफॉर्मेशन सिस्टम से लैस उपकरणों का उपयोग कर तैयार करवाया जाएगा, ताकि जल्द ही ट्रैक टूटने से लेकर अन्य कोई खराबी की जानकारी मिल सके। ठँड के मौसम में जहां भी रेलवे ट्रैक टूटता है। यह सिस्टम लगते ही ट्रैक टूटने से पहले ही संबंधित लोकेशन की जानकारी रेलवे कंट्रोल रूम पर पहुंच जाएगी। उसमें समय रहते सुधार हो सकेगा।

# हैंडबॉल प्रीमियर लीग 2025 सीजन आज से




## एनसीसी मैदान में होगा आयोजन

**रीवा।** 8 वर्षों से लगातार अनवरत हैंडबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन टीआरएस कॉलेज के एनसीसी मैदान में किया जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश से 200 खिलाड़ी शामिल होंगे। महिला पुरुष और बालक बालिकाओं की 16 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें 50 अधिकारी पूरे मध्य प्रदेश से शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता प्रीमियर लीग फॉर्मेट पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता के मार्गदर्शक प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं संरक्षक परमजीत सिंह डंग हैं। यह प्रतियोगिता ओलंपिक एसोसिएशन रीवा और जिला हैंडबॉल संघ रीवा के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के कार्यकारी अधिकारी मुनेंद्र मिश्रा के साथ हैंडबॉल संघ के सचिव वीरेंद्र शुक्ला, वेदांत मिश्र, रोहित शुक्ला, अंशुमन गुप्ता, आकाश, विवेक निषाद, आयुष, रोशनी यादव, रश्मि यादव, वर्षा पांडे, सागर त्रिपाठी, शुभम द्विवेदी इत्यादि खिलाड़ी अधिकारी प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनवरत प्रयास में लगे हुए हैं। यह प्रतियोगिता 2 से 5 जनवरी तक आयोजित होगी जिसमें लगभग 40 मैच खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आज 2 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे होगा। समापन समारोह 5 जनवरी को फाइनल मैच के साथ-साथ सम्पन्न होगा। यह जानकारी हैंडबॉल संघ के सचिव वीरेन्द्र शुक्ला ने दी है।

# भोपाल के खिलाफ रीवा ने पहली पारी में बनाए 266 रन

## स्व. हीरालाल गायकवाड़ अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

### आर्यन सिंह की शानदार बल्लेबाजी



**रीवा।** रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व मे मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के बीच खेली जाने वाली स्व.हीरालाल गायकवाड़ अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप सी के अंतर्गत एमपीसीए क्रिकेट मैदान में रीवा एवं भोपाल की टीमों के बीच आरंभ हुये 4 दिवसीय मैच के पहले दिन के खेल में रीवा ने पहली पारी 266 रन बनाये । इस मैच मे टॉस रीवा की टीम ने जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया रीवा के ओपनर स्वाभिमान सिंह पहले ही ओवर में बिना खाता खोले आउट हुये। उसके बाद आर्यन सिंह एवं पियूष पाण्डेय ने दूसरे विकेट के लिये 71 रनों की साझेदारी कर रीवा को शुरुआती झटके से उबारा । उसके पश्चात हर्षित यादव एवं आर्यन सिंह ने तीसरे विकेट के लिये 124 रनों की साझेदारी करते हुये रीवा को एक बड़े स्कोर की राह पर डाला तथा एक समय रीवा स्कोर 2 विकेट पर 195 रन था तथा टीम निश्चय ही बड़ा स्कोर बना सकती थी पर रीवा के निचले क्रम के बल्लेबाजों की असफलता की वजह से उनकी पहली पारी 92 ओवरों में 266 के स्कोर पर सिमट गयी । रीवा के अंतिम 5 विकेट तो मात्र 6 रन ही जोड़ सके । रीवा के लिये उनके ओपनर आर्यन सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी की पर दुर्भाग्य से वो अपने शतक से मात्र 2 रन पहले आउट हो गये । आर्यन ने 223 गेंदों का सामना करते हुये 18 चौकों की मदद से शानदार 98 रन बनाये । उनके अतिरिक्त हर्षित यादन ने भी 59 रनों अच्छी पारी खेली । कप्तान हर्षित दुबे ने 37 रन व पियूष पाण्डेय ने 35 रन बनायें । भोपाल की ओर से हिमांशु मेवड़ा ने गेंदबाजी की अगुवाई करते हुये 46 रन देकर 4 विकेट लिये। उनके अलावा युवराज सिंह , द्रोण श्रीवास्तव एवं प्रतीक शुक्ला ने 2-2 विकेट लिये । इस मैच में शहडोल के सचिन पाराशर एवं व्योमकेश त्रिपाठी के द्वारा अंपायरिंग का दायत्वि निभाया जा रहा है जबकि स्कोरर सिंगरौली के बेरू किरण कुमार हैं । खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखने के लिये चयनकर्ता के रूप में मध्यप्रदेश जूनियर सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन व पूर्व रणजी खिलाड़ी इंदौर के रवि कोहली भी बतौर चयनकर्ता मैच के दौरान उपस्थित रहे ।

# विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया

**जागरण, रीवा।** शासकीय उमावि महसांव में संस्था से स्थानांतरित एवं पदोन्नत हुए शिक्षकों का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्राचार्य महेश कुमार तिवारी के मॉडल स्कूल में प्राचार्य पद पर स्थानांतरित होने एवं राघवेन्द्र सोहगौरा उमाशि केन्द्र के हाईस्कूल प्राचार्य पद पर शासकीय कन्या हाईस्कूल गुढ़ से पदांकन होने, उमाशि आशारानी सिंह, लक्ष्मीनिधि पटेल, श्वेता तिवारी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के संस्था से स्थानांतरित होने एवं माध्यमिक शिक्षक से उमाविशि पद पर पदोन्नत उपरांत कन्या पाण्डेन टोला में पदांकित अरविंद भारतीय पटेल, सहायक शिक्षक पूनम रानी नामदेव एवं प्राथमिक शिक्षक अर्चना पयासी का भी संस्था से स्थानांतरित होने पर विदाई सह सम्मान आयोजित किया गया। शुभारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रभारी प्राचार्य राजकुमार सिंह, वरिष्ठ उमाशि वीणा पटेल एवं शिक्षक रविशंकर मिश्र सहित स्टाफ के अन्य सदस्यों के सहयोग से अतिथियों का स्वागत किया गया। उमाशि कु. अंजली द्विवेदी, जनशिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी एवं संचालन कर रहे उमाशि नवीन शुला द्वारा गीतों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया, संस्था द्वारा समस्त अतिथियों को सुपाड़ी के गणेशजी की प्रतिमा एवं शॉल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि हाईस्कूल प्राचार्य पिपरांव सीधी सुभाष त्रिपाठी, संतोष सिंह, राजकुमार मिश्र, हेमलता चौरसिया उपस्थित रहे। संस्था द्वारा नव पदस्थ शिक्षक ऋतु शर्मा, महेन्द्र त्रिपाठी व प्रभा द्विवेदी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मधु वर्मा, मंजुला वर्मा, अर्चना मिश्रा, एम गीता, सविता त्रिपाठी, प्रतिभा सिंह तोमर, विरेन्द्र शर्मा, विपिन पटेल, राजेश तिवारी, अर्चना पाण्डेय, सरला पाण्डेय, प्रमिला मिश्रा, प्रतिभा मिश्र, गीता वर्मा, रेशी करोसिया, राममिलन पटेल, रमेश साकेत, अंजू अवधिया, अखलेश रावत सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

**॥गीता॥**

**रूपं महत्ते बहुवक्त्रनेत्रं महाबाहो बहुबाहूरुपादम्।**
**बहूदरं बहुदंष्ट्राकरालं दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम्।**

**भावार्थ :** अर्जुन बोले- हे महाबाहो, आपके अनेक मुखों व नेत्रों वाले, अनेक भुजाओं, जंघाओं और चरणों वाले, बहुत उदरों वाले, बहुत विकराल दाढ़ों वाले महान रूप को देखकर सब प्राणी व्यथित हो रहे हैं और मैं भी व्यथित हो रहा हूं।

# स्पेस स्टेशन बनाने में मदद करेगा स्पैडेक्स मिशन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा से सोमवार की रात पीएसएलवी रॉकेट के जरिये अपना बेहद महत्वाकांक्षी स्पैडेक्स मिशन (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) लांच किया, जो 2024 का उसका आखिरी मिशन भी था। इसरो ने इसे अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक 'महत्वपूर्ण मील का पत्थर' बताया है, तो यह यूं ही नहीं है। माना जा रहा है कि इसरो के इस मिशन की सफलता पर ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के निर्माण और चंद्रयान-4 मिशन की सफलता निर्भर करेगी, जो चंद्रमा पर जाने, वहां उतरने, वापस आने और पृथ्वी पर पहुंचने का मिशन है। चंद्रयान-4 के लिए इसरो का यह डॉकिंग मिशन कितना जरूरी है, इसे इस तरह समझा जा सकता है कि चंद्रयान-4 में वस्तुतः कई मॉड्यूल हैं, जिन्हें दो अलग-अलग मॉड्यूलों में एकत्रित करके अलग-अलग समय में लांच किया जाना है, तथा पृथ्वी की कक्षा के साथ-साथ चंद्रमा की कक्षा में भी डॉक किया जाना है। जाहिर है, स्पेडेक्स मिशन की सफलता पर ही चंद्रयान-4 मिशन निर्भर करेगी। इसरो के इस मिशन का उद्देश्य पीएसएलवी रॉकेट की मदद से अंतरिक्ष में दो छोटे यानों की डॉकिंग, यानी जोड़ने तथा अनडॉकिंग, यानी अलग करने की प्रक्रिया को पूरा करना है।

**इसरो के बेहद महत्वाकांक्षी स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य पीएसएलवी रॉकेट की मदद से अंतरिक्ष में दो छोटे यानों की डॉकिंग, यानी जोड़ने तथा अनडॉकिंग, यानी अलग करने की प्रक्रिया को पूरा करना है। मिशन की सफलता पर ही चंद्रयान-4 मिशन की सफलता निर्भर करेगी।**

दरअसल, इस मिशन में एक उपग्रह के दो हिस्से को एक ही रॉकेट में लांच किया गया है। अंतरिक्ष में इन्हें अलग-अलग जगहों पर छोड़ा गया है। फिर इन्हें एक दूसरे के करीब लाकर जोड़ा जाना है। इस मिशन में दो उपग्रह हैं। चेसर, यानी पीछा करने वाला तथा टारगेट, यानी लक्ष्य। मिशन में चेसर टारगेट का पीछा करेगा और उससे डॉकिंग करेगा। अंतरिक्ष में दो अलग-अलग चीजों को जोड़ने की यह तकनीक ही आने वाले दिनों में भारत को अपना स्पेस स्टेशन बनाने में मदद करेगी। इस तरह भारत स्पेस डॉकिंग करने वाले देशों की चुनिंदा लीग में शामिल हो गया है। इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ के मुताबिक, डॉकिंग के आगामी सात जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। इसरो को इस प्रयोग से भविष्य में कक्षा छोड़कर अलग दिशा में जा रहे उपग्रह को वापस कक्षा में लाने की तकनीक भी मिल जायेगी। साथ ही, इससे कक्षा में सर्विसिंग और रीफ्यूलिंग का विकल्प भी खुल जायेगा। यह मिशन उपग्रह की मरम्मत करने, ईंधन भरने और मलबे को हटाने में भी सहायक होगा।

**प्रसंगवश**

# मस्तिष्क में रासायनिक प्रभाव से मिलती हैं खुशियां

नए साल 2025 के सूर्योदय के साथ नई हवाएं, फिजाएं खिलीं, उनके साथ नए उल्लास और नई उम्मीदें भी जागी। 2025 का भावुक, हार्दिक स्वागत पूरे यौवन पर हैं। युवा पीढ़ी कुछ ज्यादा ही खुश और सक्रिय दिख रही है। युवा लोग छोटे-छोटे समूहों में पार्टियों का आनंद ले रहे हैं। अलग-अलग किस्म और तरह-तरह




के कोणों से रील्स बनाई जा रही हैं। सोशल मीडिया पर इन रील्स की बहार है। लोग व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और टिकटॉक सरीखे सोशल मीडिया मंचों पर एक-दूसरे को, नववर्ष की, शुभकामनाएं दे रहे हैं। उनके सुनहरे भविष्य की कामनाएं कर रहे हैं। दुआएं दे रहे हैं। बेशक इसे सोशल मीडिया का 'फैशन' करार दिया जाए अथवा एक जमात ऐसी रील्स और शुभकामना-संदेशों को 'फिजूल संस्कृति' मानती रहे। यह उनकी सोच, उनके पूर्वाग्रह हो सकते हैं, लेकिन औपचारिक तौर पर शुभकामनाएं देने या भेजने के वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक, चिकित्सीय और भावनात्मक प्रभाव भी पड़ते हैं, यह विभिन्न शोधों के जरिए सामने आ रहा है। जब आप किसी को शुभकामनाएं देते हैं, तब मानव-मस्तिष्क में 'डोपामाइन' और 'ऑक्सीटोसिन' सरीखे रसायनों का उत्पादन बढ़ता है। यह तनाव कम करने और खुशियों को बढ़ाने में मदद करते हैं। जो लोग हररोज या नियमित तौर पर शुभकामनाएं भेजते हैं, उनमें अवसाद के लक्षण अपेक्षाकृत कम देखे गए हैं। लोग तनाव और अवसाद के इलाज पर ही लाखों रुपए फूंक देते हैं और फिर भी स्थायी चैन नहीं मिलता। क्यों न नियमित रूप से शुभकामनाएं भेजी जाएं? अमरीकी साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि शुभकामनाएं देने से हृदय गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। एक शोध यह भी है कि शुभकामनाएं देने और सकारात्मक भावनाओं से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता का महत्व समझ में आया, जिसकी कमी के कारण असंख्य असामयिक मौतें हुईं। यह सोशल मीडिया का युग है, लिहाजा लोग प्रत्येक पर्व, विशेष दिन या अवसर, उपलब्धि आदि पर आपस में बधाई देते हैं और शुभकामनाएं देते हैं। कुछ तो हररोज की शुभकामनाएं भेजते हैं, 'राम-राम' कहते हैं, 'नमस्कार' के चित्र के साथ अभिवादन भी साझा करते हैं। ऐसा मानवीय व्यवहार 'फिजूल' या 'निरर्थक' कैसे हो सकता है? शुभकामनाओं के आदान-प्रदान से लोगों में आपसी विश्वास बढ़ता है, भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है।

हर नया साल एक नई उम्मीद, नया संकल्प और नये अवसर लेकर आता है। नए साल की दस्तक के साथ, हम हर दिन को एक नए अवसर के रूप में अपनाते हैं, जो हमें अपनी खुशियों को संजोने और बेहतर बनाने की प्रेरणा भी देता है। यह नववर्ष का मौका है, लिहाजा खूब शुभकामना-संदेश भेजिए, लिखिए और रचनात्मकता का परिचय दें। पाठकों को नववर्ष की शुभकामनाएं।

**शुभकामनाएं देने के वैज्ञानिक और भावनात्मक प्रभाव भी पड़ते हैं, यह विभिन्न शोधों में सामने आ रहा है। जब आप किसी को शुभकामनाएं देते हैं, तब मस्तिष्क में 'डोपामाइन' और 'ऑक्सीटोसिन' रसायनों का उत्पादन बढ़ता है। यह तनाव कम करने और खुशियों को बढ़ाने में मदद करते हैं। जो लोग हररोज या नियमित तौर पर शुभकामनाएं भेजते हैं, उनमें अवसाद के लक्षण अपेक्षाकृत कम देखे गए हैं।**

# कर सुधारों से आयकर राशि में हुआ तेजी से इजाफा

**कर व्यवस्था**

**पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है। पिछले 10 वर्षों में आयकर संग्रह में करीब 182 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। अब समय आ गया है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा की खरीददारी पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी में राहत सुनिश्चित की जाए। यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है।**

**- डा. जयंती लाल भंडारी -**

जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण व राहत संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए यह कहा गया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर मुक्त किया गया है। इस्तेमालशुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया है।

ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। पिछले 10 वर्षों में आयकर संग्रह में करीब 182 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढकर 10.45 लाख करोड़ रुपए का रहा। यह भी कोई छोटी




बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए।

जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है। जीएसटी विनिर्माताओं, कारोबारियों, निर्यातकों और आम लोगों के लिए लाभप्रद माना गया है। जीएसटी लागू होने के पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क आदि) से करीब 8.63 लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई थी। जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढ़कर 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है।

देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढने के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी। ऐसे में यह उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित की गई वीके गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके। साथ ही विभिन्न दृष्टिकोणों से आयकर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में आगे बढने की रणनीति प्रस्तुत की जानी होगी।

इसी प्रकार जीएसटी की जटिलताओं को कम करके इसे अधिक सरल व कारगर बनाना होगा। इसके अलावा सरकार के द्वारा जीएसटी चोरी के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जाना होगा, क्योंकि अभी कई कारोबारी फर्जी बिल के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रभावी बदलाव किए जाने होंगे। जीएसटी दरों को कम करने के साथ जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाया जाना होगा। अब समय आ गया है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा की खरीददारी पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी में राहत सुनिश्चित की जाए। क्विक कॉमर्स कंपनियों पर लगने वाले जीएसटी को लेकर निर्णय लिया जाए। साथ ही पेट्रोलियम उत्पादों और जमीन व रियल एस्टेट को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। निस्संदेह ऐसे प्रयासों से सरकार को आयकर और जीएसटी की अधिक प्राप्ति हो सकेगी। देश की जीडीपी में कर राजस्व का योगदान बढ़ेगा और इससे सरकार विकसित भारत के लिए अधिक रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।

# समय की जरूरतों के अनुरूप सैन्य कानूनों में बदलाव जरूरी

**राष्ट्रीय सुरक्षा**

**इजराइल, चीन और जापान ने अपनी सैन्य संरचना में स्वदेशी परंपराओं को प्राथमिकता दी है। हमारे यहां अग्निवीर भर्ती प्रणाली को बदलकर नियमित सैनिकों की भर्ती होनी चाहिए, आखिर यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है।जिन क्षेत्रों में भारतीय सेना में बदलावों की जरूरत है, उनमें जेसीओज और अन्य रैंक के नामकरण में बदलाव होना चाहिए।**

**-अनुज आचार्य -**

यदि यह पूछा जाए कि क्या भारतीय सेना में अभी भी अंग्रेजों द्वारा स्थापित परंपराएं जारी हैं जो हमें विरासत में मिली हैं तो जवाब हां में ही होगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय सेना को ब्रिटिशकालीन नीतियों एवं परंपराओं की तर्ज पर ही संगठित किया गया था और वे तौर तरीके अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि भारतीय सेना का आधुनिकीकरण तो हुआ है, लेकिन रेजिमेंटों के तौर तरीके, नियम कायदे अभी भी अंग्रेजों द्वारा स्थापित परंपराओं के हिसाब से चल रहे हैं। जो थोड़े बहुत बदलाव हुए भी हैं तो उनमें सितंबर 2022 में भारतीय नौसेना ने ब्रिटिश-प्रेरित जॉर्ज क्रॉस को हटाकर एक नया ध्वज अपनाया गया है। यह ध्वज शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरित है, शेष कुछ खास बदलाव नहीं दिखता है। हालांकि औपनिवेशिक प्रथाओं को खत्म करने के लिए, स्वदेशी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है। इसमें प्राचीन भारतीय रणनीतिकारों के कार्यों को सैन्य नेतृत्व द्वारा पाठ्यक्रमों में शामिल करना शामिल है। जिन क्षेत्रों में भारतीय सेना में बदलावों की जरूरत है, उनमें निचले दर्जे के जेसीओज और अन्य रैंक के नामकरण में बदलाव होना चाहिए।

अंग्रेजों के समय वाले सैन्य कानूनों में आधुनिक समय की जरूरतों के अनुरूप बदलाव आवश्यक है। अंग्रेजों ने क्षेत्रवार, धर्म एवं समुदायों पर आधारित रेजिमेंटों की स्थापना की थी जो अभी भी जस की तस हैं। बड्डी अथवा बैटमैन यानी सहायक प्रथा अभी भी प्रचलन में है जिसकी प्रायः आलोचना सुनने को मिलती रहती है, क्योंकि एक ट्रेंड सोल्जर से जूते पॉलिश करवाना या अन्य घरेलू काम करवाना कतई जायज नहीं ठहराया जा सकता है। अभी भी अधिकारियों और जवानों



की सहूलियतों, वेतन-भत्तों एवं ड्यूटी में भारी अंतर है।

हालांकि सेना के उत्तरी और पूर्वी कमांड में जवानों के तनाव को कम करने के लिए 'मिलाप' और 'सहयोग' जैसे प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। कुछ ऐसे ही कार्यक्रम एवं उपाय केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कार्मिकों के लिए भी प्राथमिकता के आधार पर शुरू किए जाने की जरूरत है। यह देखते हुए कि आने वाले समय में लड़ी जाने वाली लड़ाईयां परमाणुयुक्त, एनबीसी वारफेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोनॉमस सिस्टम, हाइपरसोनिक हथियार, डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स, बायोटेक्नोलॉजी, क्वॉन्टम टेक्नोलॉजी वाली, अत्याधुनिक मिसाईल और ड्रोन तकनीक पर आधारित होंगी। लिहाजा हमारे सैनिकों को व्यवहारकुशल एवं बौद्धिक रूप से सक्षम बनाने, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन स्किल, साइबर लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स वारफेयर, प्रोपेगेंडा, मनोवैज्ञानिक तौर तरीके, मीडिया तथा सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सतर्कता बरतने, हनीट्रेप आदि पर आधारित नई लड़ाइयों से निपटने की ट्रेनिंग देने की आवश्यकता है।

भर्ती संबंधी नियमों में बदलाव लाकर निचले स्तर पर सीधे जेसीओज एवं हवलदार पदों पर उच्च शिक्षित युवाओं को भर्ती करने तथा पुराने रेंक्स का नाम बदलकर वायुसेना की तर्ज पर नए पद नाम दिए जाने चाहिए। इसके अलावा मार्डन सोल्जर्स की वेशभूषा में हमारे सैनिकों को सुसज्जित करने की भी जरूरत है ताकि इनका मनोबल बढ़े। यह अनिवार्य हो जाता है कि सशस्त्र सेनाओं के आला अधिकारी ब्रिटिश समय के रैंक और पदनामों को बदलें।

इन बदलावों के सामरिक लाभ भी होंगे और सेना के जवानों में मानसिक गुलामी की भावना समाप्त होगी। इसके अलावा, रक्षा बलों के आधुनिकीकरण को तेजी से बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। दुनिया के कई देशों ने राष्ट्रीय पहचान को बढ़ावा दिया है। उदाहरण के लिए, इजराइल, चीन और जापान ने अपनी सैन्य संरचना में स्वदेशी परंपराओं को प्राथमिकता दी है। सबसे बढ़कर अग्निवीर भर्ती प्रणाली को बदलकर नियमित सैनिकों की भर्ती होनी चाहिए, आखिर यह राष्ट्रीय अखंडता एवं सुरक्षा से जुड़ा मामला है। भारतीय सेना को एक ऐसे संगठन के रूप में उभरना होगा जो राष्ट्रीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्वितीय मिश्रण हो। भारतीय सेना को राष्ट्रीय परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। यह न केवल सेना के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि हमारी राष्ट्रीय पहचान को भी सशक्त एवं सार्थक करेगा।

## SUDOKU 02

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 7 | 3 | |
| | | 9 | 3 | | | 2 | | 5 |
| 7 | 5 | | 6 | | | | | 1 |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| 8 | 3 | | 4 | | 6 | | 1 | 2 |
| 4 | | | | | | | 8 | |
| 3 | | | | | 7 | | 2 | 9 |
| 5 | | 4 | | | 8 | 1 | | |
| | 7 | 1 | | | 2 | | | |

## SOLUTIONS 01

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 7 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यस्थल पर आपको कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**वृषभ :** आय व व्यय के बीच बैलेंस बनाना चाहिए। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार करने वालों को आज शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन :** आज पिता का साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती है।

**कर्क :** आज लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। कोई सुखद समाचार मिल सकता है। परीक्षा की तैयारी करने वालों को आवेदन कर सकते हैं। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा। पारिवारिक दिक्कतें दूर हो सकती हैं। वाद-विवाद से दूर रहें।

**कन्या :** आज धन लाभ मिलने की संभावना है। निवेश के अच्छे अवसर मिलेंगे। शिक्षा से जुड़े लोगों को अच्छे परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

**तुला :** आज किसी मित्र पर धन खर्च करना पड़ सकता है। परिवार की कलह से मन परेशान हो सकता है। सरकारी नौकरी करने वालों को आज अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक :** आज कामकाज के कारण व्यस्तता रह सकती है। धन का निवेश कर सकते हैं, जिससे आपको लाभ होगा। खर्चों पर काबू रखें। कारोबार में लाभ होगा।

**धनु :** आज घर व व्यवसाय में धन खर्च करना पड़ सकता है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा करने वालों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापारियों को मुनाफा होगा।

**मकर :** आज प्रोफेशनल लाइफ में सफलता हासिल होगी। मन प्रसन्न रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी।

**कुंभ :** मन प्रसन्न रहेगा। आज आर्थिक लाभ होगा। विवाह के लिए कुछ लोगों को अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं। बिजनेस में लाभ होगा। कार्यस्थल पर आपकी स्किल की तारीफ हो सकती है।

**मीन :** अधूरे कार्यों में सफलता हासिल होगी। कुछ लोग कर्ज उतारने में सफल होंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे छात्रों को शुभ परिणाम मिलेंगे। संतान को महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता हासिल होगी।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 2 जनवरी 2025 दिन गुरुवार पौष मास शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य धनु राशि में चंद्रमा का राशि में मंगल कर्क राशि में बुध वृश्चिक राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र कुंभ राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा प्रातः 10.30 बजे मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा दोपहर 4.30 बजे मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा रात्रि 11.00 बजे मकर राशि का नक्षत्र श्रवण का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा।

**योग :** हर्षण। **करण :** तैतुल।

**चौघड़िया, गुरुवार**

सुबह 6.00 से 7.30..........शुभ
सुबह 7.30 से 9.00.......... रोग
सुबह 9.00 से 10.30.......... उद्वेग
सुबह 10.30 से 12.00.......... चर
दोपहर 12.00 से 1.30.......... लाभ
दोपहर 1.30 से 3.00.......... अमृत
दोपहर 3.00 से 4.30..........काल
शाम 4.30 से 6.00.......... शुभ

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | श्रवण | प्रथम | तांबा | मकर | खी |
| प्रातः 10.30 | श्रवण | द्वितीय | तांबा | मकर | खू |
| दोपहर 4:30 | श्रवण | तृतीय | तांबा | मकर | खे |
| रात्रि 11.00 | श्रवण | चतुर्थ | तांबा | मकर | खो |

**राहुकाल :** दोपहर 1.30 से 3 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** दक्षिण दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** दोपहर 12 से 1.30 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र :** ऊं भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं। भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्॥ **पं. अरविंद तिवारी**

**जीवन दर्शन**

# भाग्य बदला जा सकता है कर्म से

कर्म के सिद्धांत के अनुसार आपके कर्म ही आपके भाग्य का निर्माण करते हैं, आपके सुख-दुःख का कारण होते हैं। ज्ञानी लोगों द्वारा अक्सर ये सलाह दी जाती है कि आपको अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन ये सवाल कई लोगों के मन में होता है कि क्या कर्म के द्वारा भाग्य को बदला जा सकता है। प्रेमानंद महाराज से जब ये सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कर्म और भाग्य दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण पहलू हैं और ये एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि आपको 84 लाख योनि के बाद आपको मनुष्य जीवन मिलता है और केवल मनुष्य जीवन में ही आपको अपने कर्मों को सुधारने का मौका भी मिलता है। पशु अपने भाग्य को नहीं बदल सकता लेकिन मनुष्य अपने कर्मों द्वारा अपने भाग्य को बदल सकता है। प्रेमानंद महाराज के अनुसार, कर्म ही भाग्य का निर्माण करता है। व्यक्ति के वर्तमान और पिछले कर्म ही उसके भविष्य को आकार देते हैं। यदि अच्छे कर्म किए जाएं, तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है। भाग्य कोई स्थायी और अपरिवर्तनीय चीज़ नहीं है।

अपने वर्तमान कर्मों को सुधारकर और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर, व्यक्ति अपने भाग्य को बदल सकता है। महाराज मानते हैं कि केवल कर्म करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे सही दिशा में करना भी आवश्यक है। इसके साथ ही, भक्ति, साधना, और आत्म-अवलोकन के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है। ईश्वर की कृपा और भक्ति से, कर्म के प्रभाव को भी बदला जा सकता है। जब व्यक्ति सच्चे मन से प्रयास करता है और धर्म के मार्ग पर चलता है, तो ईश्वर उसका मार्ग प्रशस्त करते हैं।

अध्यात्म में भी कर्म के सिद्धांत के अनुसार व्यक्ति जितने भी कष्ट भोगता है या उसके भाग्य में जो दुर्गति लिखी होती है, वो उसके संचित कर्मों (पिछले जन्मों के बुरे कर्मों ) का परिणाम होती है। इसलिए, अगर आपके खाते में बुरे कर्म हैं, तो ये आवश्यक है कि आप अच्छे कर्मों को कर अपने भाग्य के परिणाम को बदलने की कोशिश करें या उन बुरे कर्मों को नष्ट करें।

**-प्रेमानंद महाराज -**

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश भर के स्कूलों में 12 को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार



**जागरण, भोपाल।** प्रदेश भर के स्कूलों में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हर साल प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### लोकसेवकों के वेतन की जानकारी आरटीआइ के तहत देना अनिवार्य

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लोक सेवकों के वेतन की जानकारी देना अनिवार्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह जानकारी सार्वजनिक महत्व की है, जिसे गोपनीय मानकर मना नहीं किया जा सकता। लिहाजा, सूचना आयोग और लोक सूचना अधिकारी द्वारा पूर्व में पारित आदेश निरस्त किया जाता है। याचिकाकर्ता द्वारा अपेक्षित जानकारी एक माह के भीतर प्रदान करने के निर्देश दिए जाते हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील दी कि लोक सेवकों के वेतन की जानकारी को सार्वजनिक करना सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-चार के तहत अनिवार्य है। लोक सेवकों के वेतन की जानकारी को धारा 8(1)(जे) का हवाला देकर व्यक्तिगत या तृतीय पक्ष की सूचना बताकर छिपाना अधिनियम के उद्देश्यों और पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है। याचिकाकर्ता ने वन परिक्षेत्र, छिंदवाड़ा में कार्यरत दो कर्मचारियों को हुए वेतन भुगतान के संबंध में जानकारी मांगी थी। इस पर लोक सूचना अधिकारी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(जे) का हवाला देते हुए जानकारी को निजी और तृतीय पक्ष की जानकारी बताते हुए मना कर दिया। यह भी तर्क दिया गया कि संबंधित कर्मचारियों से उनकी सहमति मांगी गई थी, लेकिन उत्तर न मिलने के कारण जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।

### श्रीवास्तव ने किया पदभार ग्रहण, कार्यप्रणाली जानी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने नए साल के पहले दिन बुधवार को पदभार ग्रहण किया। अधिकारियों की बैठक लेकर आयोग की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने आयोग द्वारा स्थानीय निकायों के चुनाव में किये जा रहे नवाचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आयोग के उप सचिव मनोज मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नर्मदापुरम जिले में स्थित पर्यटन केंद्र पचमढ़ी में प्राकृतिक रेश्मी वस्त्रों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शनी प्राकृत- द गिफ्ट ऑफ नेच्यूरल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वस्त्रों के निर्माण,विक्रय व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पचमढ़ी न केवल अप्रतिम सुंदरता और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि प्रदेश के वस्त्र शिल्पियों के बनाए कलात्मक वस्त्रों के विक्रय की दृष्टि से भी देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इपने पचमंढ़ी प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी भेंट की।

# हर साल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में होंगे तीन बड़े विकास कार्य

## एसीएस स्तर के अधिकारी विधायकों से करेंगे चर्चा, प्रस्तावित कार्य होंगे अगले बजट में शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष तीन-तीन बड़े विकास कार्य कराएगी। यह काम स्थानीय विधायकों की प्राथमिकताओं के आधार पर कराए जाएंगे। इसके लिए मुख्य सचिव सभी विधायकों से वन टू वन चर्चा करेंगे। इसके बाद इन विकास कार्यों को बजट में शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने की रणनीति पर काम करेगी। सरकार सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक समान विकास कार्य हों, इसके लिए विधायकों को इस रणनीति में शामिल करेगी। बताया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ मंत्रणा की थी और उन्हें इस दिशा में अपने स्तर पर प्रयास करने को कहा है। साथ ही उन्होंने सभी अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों को विधायकों से वन टू वन चर्चा करने की जिम्मेदरी दी। बताया गया है कि सभी विधायकों से चर्चा के उपरांत एसीएस अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव देंगे। इसके बाद प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए बजट में प्रावधान कराया जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्येक बजट में ऐसे विशेष कार्यों के लिए हर विधानसभा को लगभग 20 करोड़ की राशि आवंटित की जाएगी।



### एक बार फिर एसीएस अधिकारी उतरेंगे मैदान में

काफी अरसे बाद एक बार फिर अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी मैदानी दौरे कर यह पता लगाएंगे कि जनता से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल पा रहा है या नहीं। विशेष तौर पर यह अधिकारी युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ दिलाने मिशन मोड पर काम करेंगे।

### प्रदेश के नए जिलों को मिलेगा अधिक बजट

जानकारों की मानें तो प्रदेश के नए जिलों को सरकार सर्वसाधन युक्त बनाने के लिए अन्य जिलों की तुलना में अधिक बजट उपलब्ध कराएगी। इन जिलों के विधायकों के साथ सीएम जल्द ही अलग से बैठक कर वहां की प्राथमिकताओं को लेकर चर्चा करेंगे। हालांकि सीएम इन जिलों के प्रवास के दौरान वहां की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं।

### छह जनवरी से सीएम हाउस में फिर लगेगा जनदर्शन

इस माह की 6 तारीख से एक बार फिर से मुख्यमंत्री निवास पर जनदर्शन की शुरुआत होगी। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने जनदर्शन की शुरुआत की थी, जिसे तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने जारी रखा। किंतु कोविड़ संक्रमण के दौरान इसे बंद करना पड़ा था। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इसे एक बार फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है और अब 6 जनवरी को मुख्यमंत्री अपने निवास पर जनदर्शन में आमजन से सीधे मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण कराएंगे। बताया गया है कि सीएम सचिवालय ने इस आयोजन की नए सिरे से रुपरेखा तैयार की है। इसके लिए अधिकारी की विशेष टीम बनाई गई, जो जनदर्शन के दौरान आवेदकों की समस्या के निराकरण तक माइक्रो स्तर पर निगरानी करेंगे।

### इस पर रखेंगे नजर

- एसीएस दौरे के दौरान इस बात का पता लगाएंगे कि संबंधित जिले में युवाओं और बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की दिशा में क्या-क्या किया जा रहा है। बताया गया है कि युवाओं को रोजगार दिलाने उपलब्ध कराने के उन्हें दक्ष्य किया जाएगा। सरकार इसके लिए 500 करोड़ की राशि का अगले बजट में प्रावधान कर सकती है।
- किसानों की आमदनी दोगुनी कैसे हो, इसके लिए सरकार के प्रयासों का कितना लाभ किसानों को मिल रहा है। विशेषकर पशुपालक किसानों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा घोषित सुविधाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं ।
- महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है या नहीं। स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों को बाजार मिल पा रहा है या नहीं, इसका भी अधिकारी आंकलन करेंगे।
- गरीब कल्याण को लेकर प्रदेश में चलाई जा रहीं योजनाओं की स्थिति क्या है। जिलों में कितने परिवारों को इसका लाभ मिल पा रहा है।

# सौरभ से लोकायुक्त को मिली लाल डायरी में छिपे हैं भ्रष्टाचार के काले कारनामे : जीतू

## प्रदेश में चेक पोस्ट तो बंद हैं, लेकिन अवैध वसूली जारी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि परिवहन विभाग से पूर्व आरक्षक के यहां से छापे के दौरान लोकायुक्त को एक लाल डायरी मिली है, जिसमें कोडवर्ड में कई सफेदपोश और रसूखदार लोगों के नाम लिखे हैं। उन्होंने कहा कि डायरी की सही तरीके से जांच होनी चाहिए और पता लगाना चाहिए कि आखिर आरक्षक के पास इतना धन कहां से आया। डायरी के कोड वर्ड के आधार पर ऐसे लोगों का पता लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मप्र की सीमा पर चल रहे भ्रष्टाचार में सरकार की भूमिका स्पष्ट हो चुकी है। प्रदेश में चेक पोस्ट तो बंद हैं, लेकिन अवैध वसूली पोस्ट जरूर चालू हैं। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में दो सप्ताह में करोड़ों रुपयों के भ्रष्टाचार, घपलों-घोटालों और गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है। कभी 100 करोड़ की लाल डायरी तो कभी अवैध वसूली के कारनामे उजागर हो रहे हैं। सरकार और भ्रष्ट नौकरशाही की मिलीभगत से चार पहिया, आठ पहिया वाहनों सहित बड़े वाहनों के वसूली पोस्ट से गुजरने के दौरान वसूली की जा रही है। आखिर यह ऊपर से दबाव बना कौन रहा है? इसकी हकीकत सामने आना चाहिए? पटवारी ने कहा कि परिवहन विभाग में इतने बड़े स्तर पर हो रही अवैध वसूली को लेकर परिवहन मंत्री की चुप्पी से यह साबित होता है कि यह सब परिवहन मंत्री की गहरी साजिश और उनकी मिलीभगत की ओर ही इशारा करती है। प्रदेश की जनता का पैसा खुलेआम लूटा जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। क्या भ्रष्टाचार और लूट, भाजपा सरकार की यही 'डबल इंजन की रफ्तार' है? जीतू ने कहा कि ऐसे भ्रष्ट मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए और प्रशासनिक ड्यूटी को कलंकित करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल सेवा से बर्खास्त करना चाहिए। यदि ऐसा नही होता तो परिवहन विभाग में व्याप्त इस तरह की अराजकता के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर भ्रष्ट नौकरशाह और भ्रष्ट मंत्री से इसका जबाव लेगी।

### भार्गव ने कहा- मेरा नाम नहीं



इधर, जीतू पटवारी के इस खुलासे पर भाजपा के नेताओं ने जवाब दिया है। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा डायरी के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, अलबत्ता वे यह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि उस डायरी में उनका नाम नहीं होगा। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि उन्हें लगता है कि लाल डायरी और इस तरह के विषयों पर बात करने का औचित्य नहीं है। अगर कुछ गलत है तो सबको दिखता है और सरकार भी उसके खिलाफ कार्यवाही करती है। कांग्रेस केवल अपना हित सिद्ध करने के लिए इस तरह का आरोप लगाती है। इस तरह की डायरियां रखने का काम कांग्रेस के शासन काल में ही होता था।

### टीम जीतू अगले 6 माह तक मैदान में रहेगी

मध्यप्रदेश में भाजपा की सदस्यता अभियान के बाद अब कांग्रेस अपने सदस्य बनाने के लिए मैदान में उतरेगी। प्रदेश के हर बूथ पर 25 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे पूरा करने के लिए टीम जीतू अगले 6 माह तक मैदान में रहेगी। कांग्रेस ने प्रदेश में अपनी ताकत को फिर से मजबूत बनाने के लिए संगठन को बूथ स्तर तक ले जाने की रणनीति बनाई है। इसके लिए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अपने पदाधिकारियों के साथ रणनीति तैयार की है। जिसमें सदस्यता के लिए विधानसभा प्रभारी बनाए जाएंगे। यह जिम्मेदारी प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों को सौंपी जाएगी। जानकारी के अनुसार विधानसभा प्रभारी प्रथम चरण में ग्राम पंचायत समिति और मोहल्ला समितियों का गठन कराएंगे। जिनके जरिए कांग्रेस सदस्यता अभियान को पूरा करने में जुटेगी। प्रदेश के सभी 64 हजार बूथों पर कांग्रेस मौजूद रहे,इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। कांग्रेस ने तय किया है कि हर बूथ पर कम से कम 25 सदस्य बनाए जाए। इसके लिए कांग्रेस बूथ में कम से कम 25 घरों तक पहुंचेगी और हर घर से कम से कम एक सदस्य बनाने का प्रयास करेगी।

# मानव-वन्य जीव टकराव रोकने के लिए बनाए जाएंगे कॉरिडोर

## वन्य जीव के हमले में मौत पर मिलेगी 25 लाख की क्षतिपूर्ति

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में हर साल 80 से ज्यादा लोगों की मौत बाघ, हाथी और तेंदुए के हमले में हो जाती है। इन मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए वन विभाग द्वारा अब नई योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत वन्य प्राणियों के विचरण के लिए सुरक्षित वन्य जीव कॉरिडोर बनाए जाएंगे। बता दें कि प्रदेश के 30 फीसदी बाघ खुले वन में विचरण कर रहे हैं। भोपाल में भी 18 से ज्यादा बाघों का मूवमेंट है। ऐसे में अब इन बाघों को पकड़कर संरक्षित वन क्षेत्र में छोड़े जाने की तैयारी है, जिससे बाघों को सुरक्षित आवास मिलेगा और मानव-बाघ टकराव की घटनाओं में भी कमी आएगी। वन्य प्राणियों के हमले में लोगों को समय पर सहायता मिले, इसके लिए 1 राज्य स्तरीय व 14 रीजनल रेस्क्यू स्क्वॉड का गठन किया गया, जो वन्य प्राणियों के हमले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालेंगी और लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य करेगी। इतना ही नहीं किसी भी वन्य प्राणी के हमले में किसी व्यक्ति की मौत होने पर व्यक्ति को 8 लाख रुपए के स्थान पर अब 25 लाख रुपए की क्षति पूर्ति भी दी जाएगी और इसका भुगतान 30 दिन के भीतर कर दिया जाएगा।

### 15 हजार पालतू पशु बन रहे बाघ का निवाला

विभिन्न टाइगर रिजर्व अभयारण्यों और वनों के आसपास स्थिति गांवों में बाघ सालाना 15 हजार से ज्यादा लापतू पशुओं का शिकार कर रहा है। इसके अलावा हर साल 80 से ज्यादा लोगों की मौत बाघ-तेंदुए के हमले में हो रही है। इतना ही हर साल 1300 से ज्यादा लोग वन्य प्राणियों क हमले घायल हो जाते हैं, या स्थाई रूप से विकलांग हो जाते हैं। इन घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए ही वन्य प्राणियों को संरक्षित क्षेत्र में छोड़ने की योजना बनाई जा रही है।

### हाथियों के लिए गठित की एलिफेंट टास्कफोर्स

प्रदेश में छत्तीसगढ़ व इससे लगे हुए इलाकों में हाथियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में कई पर्यटक एशियाई हाथी को देखने के लिए भी प्रदेश में पहुंच रहे हैं। ऐसे में हाथियों की सुरक्षा के लिए एलीफेंट टॉस्कफोर्स का गठन किया गया है। यह टॉस्कफोर्स हाथियों को मानवीय बस्तियों में आने से रोकेगी, साथ ही हाथियों के प्रबंधन के लिए प्रभावी योजना तैयार करेगी। हाथी विचरण क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों को भी इस योजना से जोड़ा गया है और हाथी की निगरानी के लिए एआई तकनीक का सहारा लिया जा रहा है।

# अब लाड़लियों को यूनीपे से दी जाएगी छात्रवृत्ति

**विसं, भोपाल।** प्रदेश में नए साल से मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पंजीकृत पात्र बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान यूनीपे के माध्यम से किया जायेगा।

**छात्राओं के खाते में सीधे पहुंचेगी राशि**

इससे अब पात्र छात्राओं के खाते में सीधे राशि पहुंचेगी और मोबाइल पर इसकी सूचना भी प्राप्त हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में बालिका को कक्षा 6, कक्षा 9, कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में छात्रवृत्ति देने एवं स्नातक प्रथम एवं अंतिम वर्ष में प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। अब तक लगभग 29 लाख से अधिक बालिकाओं को 813.64 करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है। पूर्व में यह राशि जिलों के द्वारा आहरित कर सम्बंधित बालिका के खाते में डिपोजिट की जाती थी, इसमें समय लगता था और बालिका को सूचना भी नहीं प्राप्त हो पाती थी। नई व्यवस्था से योजना और पारदर्शी होगी महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि विभाग लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को यूनीपे पेमेंट पोर्टल के माध्यम से सहायता राशि का हस्तांतरण करता है। इसके लिए प्रत्येक हितग्राही का बैंक खाता आधार लिंक एवं डीबीटी इनेबिल्ड होना चाहिए, इसके पोर्टल का संचालन एमपीएसईडीसी द्वारा किया जा रहा है। इसमें कोई मैन्युअल हस्तक्षेप नहीं है। एमपीएसईडीसी के पोर्टल पर पेमेंट आर्डर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा जनरेट किया जाता है।

# 9वां टाइगर रिजर्व बनेगा माधव नेशनल पार्क, एनओसी जारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शिवपुरी स्थित माधव नेशनल पार्क को जल्द ही टाईगर रिजर्व का दर्जा दिया जाएगा। वन विभाग को तकनीकी अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। बता दें कि प्रदेश में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसे देखते हुए मानव बाघ टकराव रोकने के लिए वन्य जीवों के लिए सुरक्षित आवास बनाए जा रहे हैं। इसी के तहत माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने की तैयारी की जा रही है। रातापानी के पहले माधव नेशनल पार्क को ही 8वां टाइगर रिजर्व बनाया जा रहा था, लेकिन रातापानी में बाघों की अधिक संख्या को देखते हुए रातापानी को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया। रायसेन एवं सीहोर जिले में रातापानी अभयारण्य का कुल 1272 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अधिसूचित है। टाईगर रिजर्व बनने के बाद कुल क्षेत्रफल में से 763 वर्ग किलोमीटर को कोर क्षेत्र घोषित किया गया है।

# दिल्ली से लौटी सूची, प्रदेश प्रभारी नेताओं से करेंगे चर्चा

## प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह पहुंचे भोपाल, सरोज पांडे सहित दूसरे नेता आएंगे

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा अपने जिला संगठनों के नए मुखिया को चुनने गुरुवार को एक बार फिर से प्रदेश मुख्यालय में बैठेगी, जिसमें दिल्ली से लौटी सूची पर दिग्गज नेताओं के साथ प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में बीते माह 3 दिन जिला स्तर पर चुनाव पर्यवेक्षकों के द्वारा स्थानीय नेताओं और मंडलाध्यक्षों से रायशुमारी के बाद तैयार की गई सूची को दिल्ली भेजा गया था। बताया गया है कि उक्त सूची को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भोपाल लौटा दिया गया। जिस पर प्रदेश के चुनाव पर्यवेक्षक सरोज पांडे,प्रदेश के प्रभारी डॉ.महेन्द्र सिंह,प्रदेश चुनाव अधिकारी विवेक शेजवलकर के अलावा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद चर्चा करेंगे और अंत तौर पर नामों पर मुहर लगाकर सूची को एक बार फिर से दिल्ली भेजा जाएगा,जहां से जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की जाएगी। सूत्रों की माने तो इस प्रक्रिया में एक से तीन दिन लग सकते है। ऐसे में जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा 4 या 5 जनवरी से होनी शुरु हो जाएगी ।बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश भी मौजूद रह सकते है।



### ये भी रहेंगे बैठक में

जानकारी के अनुसार बैठक में वरिष्ठ नेताओं के अलावा जिला चुनाव पर्यवेक्षक ,संगठन के संभाग प्रभारी,जिला प्रभारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे। इन सभी से वरिष्ठ नेता वन टू वन चर्चा करेंगे। इस दौरान उन्हें दिल्ली से मिले निर्देशों के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

### दिल्ली से ये मिले हैं निर्देश

पार्टी से जुड़े सूत्रों की माने तो दिल्ली ने जिलाध्यक्षों के निर्वाचन को लेकर कुछ नई गाइडलाइन दी है। इसमें जिले में जिस नेता का नाम सबसे ज्यादा लोगों द्वारा दिया गया है,पैनल में उसका नाम सबसे ऊपर रखा जाएगा।

### नए जिलों के नहीं बदलेंगे अध्यक्ष


जानकारों की माने तो प्रदेश के नए जिलों में मौजूदा जिलाध्यक्षों को नहीं बदला जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो मैहर,पांढुर्णा,मऊगंज का जिला भाजपा संगठन पुराने अध्यक्ष ही चलाते रहेंगे। इनके अलावा बड़वानी,बुरानपुर,इंदौर ग्रामीण छिंदवाड़ा, हरदा, छतरपुर, पन्ना, बालाघाट और रतलाम जिले में भी मौजूदा अध्यक्षों को फिर से मौका मिल सकता है।

**गड़बड़ी** | पद छूटने के बाद बंद होना चाहिए थी मंत्रियों की आईडी, कर्मचारियों की लापरवाही से है चालू

# ई-आफिस पर शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री और जीतू पटवारी खेल मंत्री

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मंत्रालय का ई-आफिस कितना कारगर है, इसका अंदाजा ई-आफिस की प्रोफाइल देखकर लगाया जा सकता है। जहां आज भी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य के मुख्यमंत्री बताए जा रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस सरकार का पतन होने के बाद भाजपा सरकार में खेल मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। जबकि दो माह पहले मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ई-आफिस को व्यवस्थित संचालत करने के निर्देश दिए थे।

इसके बाद भी ई-आफिस में काफी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। पुराने कर्मचारी ई-आफिस पर कार्य करने से बच रहे हैं। एक जनवरी से ई-आफिस मंत्रालय में प्रारंभ होना था, लेकिन अभी फिजिकली फाइलों को मूवमेंट बदस्तूर चालू है। सीएस जैन के निर्देश के मुताबिक एक जनवरी से मंत्रालय के सभी विभागों में फाइलों को मूवमेंट ई-आफिस के तहत होना था, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वर्तमान में ई-आफिस और फिजिकली फाइलों का मूवमेंट जारी है। मंत्रियों का पद छूटने के बाद उनकी आईडी बंद होना चाहिए थी। कैबिनेट फाइल होने के बाद नये मंत्रियों के नाम से आईडी तैयार कर फाइलों का मूवमेंट होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वर्तमान में पूर्व मंत्री आज भी आईडी पर बने हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने विधानसभा चुनाव लड़ा ही नहीं। इसके बावजूद वे ई-आफिस में प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उनकी प्रोफाइल आईडी मुख्यमंत्री के नाम से ई-आफिस में दिखाई दे रही है। जबकि वे सांसद बनने के बाद आज देश के केंद्रीय कृषि मंत्री हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जेल मंत्री बताए जा रहे हैं। यहां तक कि मनमोहन यादव लॉ मिनिस्ट बताए गए हैं। जीतू पटवारी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बनकर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में पटवारी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हैं। डेढ़ साल की कांग्रेस सरकार का पतन होने के बाद वे खेल मंत्री हैं। ऐसा हो सकता है वे अपनी आईडी खोलकर खेल एवं युवा कल्याण की फाइलें खोलकर पढ़ भी सकते हैं और राज्य सरकार की गतिविधियों को देख सकते हैं। ऐसे कई और मंत्री हैं, जो पद पर नहीं होने के बाद भी ई-आफिस में अपना पदभार ग्रहण किए हुए हैं।



### ई ऑफिस का सीएम ने किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से ई ऑफिस का शुभारंभ किया। विभिन्न विभागों द्वारा बुधवार से समस्त नस्तियों ई ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे विभागों के कार्य प्रचलित नस्तियों के स्थान पर ही ई ऑफिस के माध्यम से होंगे। इसके लिए विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया है। ई-ऑफिस के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ राजेश राजौरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पूर्व में बल्लभ भवन सहित दूसरे प्रशासनिक कार्यालयों को ई आफिस में तब्दील करने की बात कहते आ रहे हैं।

### ई-आफिस से बच रहे पुराने कर्मचारी

एक जनवरी से मंत्रलाय में ई-आफिस शुरू हो जाना था। अभी भी मंत्रालय के पुराने कर्मचारी ई-आफिस पर कार्य करने से बच रहे हैं। वे ई-आफिस में आनलाइन और आफलाइन फाइलों को चढ़ा रहे हैं। ई-आफिस में फाइलों की संख्या को बढ़ाने के लिए कम पेजों वाली फाइलों को स्कैन कर नंबरिंग कर अपलोड कर रहे हैं। वहीं मैनुयली फाइलों की भी नंबरिंग हो रही है। जब सभी फाइलों को ई-आफिस पर चढ़ाया जाना है, तो उनकी को मैनुयली फाइलों के विकल्प पर नंबरिंग क्यों कराई जा रही है। कुछ कर्मचारियों का कहना है कि शासन को ई-आफिस को सफल बनाना है, तो विभागों में सरकारी प्रेस से नोटशीट को तैयार कराने का कार्य बंद कर देना चाहिए। इससे नोटशीट नहीं आएगी, तो पुराने कर्मचारी सभी फाइलें ई-आफिस पर ले जाकर कार्य करना शुरू कर देंगे।

### फाइलें अपलोड नहीं कर रहे कर्मचारी

जानकारी के मुताबिक मंत्रलाय में कुछ बड़े विभाग हैं, जो ई-आफिस पर अपनी फाइलें अपलोड कर उनके मूवमेंट करने से बच रहे हैं। उनके कर्मचारी नहीं चाहते हैं कि उनकी फाइलें ई-आफिस पर दिखाई दें। उन्हें मोटी मोटी फाइलें स्कैन करने में पसीने छूट रहे हैं। जबकि छोटे छोट विभाग फाइलों को स्कैन कर ई-आफिस पर अपलोड करने में परहेज नहीं कर रहे हैं। सीएस जैन के निर्देश के बाद भी कई विभाग ई-आफिस से दूरी बनाए हुए हैं।

# अमेरिका में नया साल मना रहे लोगों को ट्रक से रौंदा, 10 मरे

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू ऑर्लियंस शहर में एक जनवरी को एक शख्स ने नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हो गए। घटना भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे की है। इस वक्त न्यू ऑर्लियंस में रात के 3 बजकर 15 मिनट हो रहे थे। शहर की सबसे व्यस्तम बॉर्बन स्ट्रीट पर हजारों लोग जश्न मना रहे थे। अचानक एक गाड़ी भीड़ को रौंदते हुए आगे बढ़ी। टक्कर के बाद भगदड़ मच गई। कई लोग टक्कर के बाद दूर जा गिरे। इसके बाद उसमें से एक शख्स उतरा। उसने लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस फोर्स को भी फायरिंग करनी पड़ी। हमलावर की मौत हो चुकी है। अमेरिकी मीडिया ने पुलिस प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि ऐसा लगता है कि हमला जान-बूझकर किया गया था।

## प्रथम पेज की खबरों का शेष

### भोपाल में कड़ाके की ठंड...

**प्रदेश में सबसे ठंडा रहा छतरपुर :** मंगलवार-बुधवार रात छतरपुर सबसे ठंडा रहा यहां पारा 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुना में 6.5, सागर में 6.7, राजगढ़ में 7.6, मंडला में 7.7, टीकमगढ़ में 7.9, मलाजखंड में 8, रतलाम-रायसेन में 8.3, उमरिया में 8.5, नरसिंहपुर में 9, खजुराहो-सतना में 9.4 डिग्री दर्ज किया गया। बाकी शहरों में भी पारे में गिरावट देखने को मिली। राजधानी भोपाल में पारा 8.4, जबलपुर में 9, ग्वालियर में 9.9, उज्जैन में 11.8 और इंदौर में 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### किसानों को 1350 रुपए ...

खाद मिलती रहेगी। डीएपी की वास्तविक कीमत 2433 रुपए है। सरकार इस पर 1083 रुपए सब्सिडी देती है। यह सब्सिडी कंपनियों को दी जाती है। कैबिनेट ने कृषि में तकनीकी के विस्तार के लिए 824.77 करोड़ का फंड बनाने को भी मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इन दोनों फसल बीमा योजनाओं को एक साल के लिए बढ़ाया गया है। इनका धन आवंटन भी 69012 से बढ़ाकर 69516 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 14 से 16 रुपए सस्ता




**नई दिल्ली, जेएनएन।** 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16 रुपए सस्ता हो गया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। नई दरें लागू भी हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कटौती की। अब राजधानी दिल्ली में इसके दाम 14.50 रुपए घटकर 1804 रुपए हो गए हैं। कोलकाता में इसकी कीमत 16 रुपए घटकर 1911 रुपए हो गई। मुंबई में कॉमर्शियल सिलेंडर 15 रुपए घटकर 1756 रुपये का हो गया है, जबकि चेन्नई में यह सिलेंडर 1966 रुपये का मिल रहा है। हालांकि, तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

### जय-बापू, जय-भीम जय-संविधान अभियान कल से



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस 3 जनवरी से देश भर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करेगी। अभियान का समापन 26 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली मध्य प्रदेश के महू में होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी की विरासत और संविधान को बचाने के लिए हर ब्लॉक, जिले और राज्य में रैलियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो अभियान 26 जनवरी के बाद भी जारी रहेगा। अप्रैल 2025 में गुजरात में एआईसीसी का सेशन आयोजित किया जाएगा। अभियान 27 दिसंबर को शुरू होना था। लेकिन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन के बाद यह टल गया था।

### 8 पाकिस्तानियों को मिली 20 साल जेल की सजा

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को 8 पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल जेल की सजा सुनाई है। दोषियों को 10 साल पहले ड्रग्स की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया था। स्पेशल जज शशिकांत बांगर ने सभी दोषियों पर 2-2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, 2015 में इंडियन कोस्ट गार्ड ने गुजरात तट पर एक बोट से पाकिस्तानी नागरिकों को 232 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। हेरोइन की कीमत 6.96 करोड़ थी। कोस्ट गार्ड के जहाज संग्राम के तत्कालीन कमांडिंग ऑफिसर ने स्पेशल कोर्ट में घटना का ब्यौरा दिया। दोषियों के नाम अलीबख्शा सिंधी, मक्सूद मासिम, मोहम्मद नाथो, मोहम्मद अहमद इनायत, मोहम्मद यूसुफ गगवानी, मोहम्मद यूनुस सिंधी, मोहम्मद गुलहसन सिंधी और गुलहसन सिद्दीक सिंधी हैं।

### पाकिस्तान में खुली भगत सिंह गैलरी

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने लाहौर स्थित पुंछ हाउस में भगत सिंह गैलरी को लोगों के लिए खोल दिया है। यह वहीं जगह है, जहां 93 साल पहले आजादी की लड़ाई के दौरान भगत सिंह के केस का मुकदमा चला था। गैलरी मे भगत सिंह के जीवन व संघर्ष से संबंधित दस्तावेज रखे हैं। इसमें तस्वीरें, पत्र, अखबार और मुकदमे से जुड़े अन्य दस्तावेज शामिल हैं। गैलरी का उद्घाटन पंजाब के मुख्य सचिव जाहिद अख्तर जामन ने किया है। इस इमारत को इसके असल स्वरूप में रखा गया है। गैलरी में भगत सिंह की तरफ से आजादी के लिए किया गया संघर्ष दिखाया गया है। पाकिस्तान पंजाब के पुरातत्व विभाग ने 2018 में पहली बार स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी सामग्री सार्वजनिक की थी। इसमें शहीद भगत सिंह के केस फाइल से संबंधित कुछ रिकॉर्ड भी शामिल है।

### नए साल के पहले दिन चीन के राष्ट्रपति ने दिया बड़ा बयान

# चीन के साथ ताइवान के विलय को कोई नहीं रोक सकता : शी जिनपिंग



**बीजिंग, जेएनएन।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2.3 करोड़ लोगों के आबादी वाले द्वीप राष्ट्र ताइवान के स्वतंत्रता समर्थक ताकतों को स्पष्ट चेतावनी दी है। उन्होंने मंगलवार(31 दिसंबर) को अपने न्यू ईयर स्पीच में कहा कि चीन के साथ ताइवान के विलय को कोई नहीं रोक सकता। चीन ने पिछले एक वर्ष के दौरान अपनी सीमाओं के करीब युद्धपोत भेजकर और लगभग हर दिन हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करके ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ा दिया है। ताइवान के अधिकारियों ने इसे द्वीप पर अपनी सैन्य उपस्थिति को सामान्य करने के चीन का प्रयास बताया है। लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को चीन अपना क्षेत्र मानता है, जबकि ताइवान ने बीजिंग के ऐसे दावों को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि केवल ताइवान के लोग ही उसका भविष्य तय कर सकते हैं और बीजिंग को इस फैसले का सम्मान करना चाहिए। टेलीविजन पर प्रसारित भाषण में शी जिनपिंग ने कहा कि ताइवान और चीन के लोग एक ही परिवार हैं। कोई भी हमारे पारिवारिक बंधनों को नहीं तोड़ सकता है और कोई भी चीन के साथ ताइवान के एकीकरण को रोक नहीं सकता। पिछले साल भी, शी ने अपने नए साल के भाषण में कहा था कि चीन के साथ ताइवान का एकीकरण अपरिहार्य है और दोनों पक्षों के लोगों को इस सामान्य उद्देश्य की भावना से बंधे रहना चाहिए और चीन राष्ट्र के उदय पर गौरवान्वित होना चाहिए।

#### हर रोज द्वीप के निकट अपने पोत और सैन्य विमान भेजता है चीन

चीन लगभग हर रोज द्वीप के निकट अपने पोत और सैन्य विमान भेजता है। बीते दिनों अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य सहायता प्रदान करने पर चीन ने आपत्ति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की थी कि उन्होंने ताइवान को 5710 लाख डॉलर की सैन्य सहायता की है। उन्होंने हथियारों और सैन्य उपकरणों के जरिए किसी विदेशी राज्य को सहायता आवंटित करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के अधिकार के तहत यह कदम उठाया था। बाइडेन के इस फैसले का विरोध करते हुए चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने एक बार फिर चीन के ताइवान क्षेत्र को सैन्य सहायता और हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। यह वन-चाइना पॉलिसी और चीन-अमेरिका के बीच तीन संयुक्त विज्ञप्तियों, विशेष रूप से 17 अगस्त, 1982 की विज्ञप्ति का गंभीर उल्लंघन है।

#### मिनटों में ताइवान में तबाही ला सकता है चीन

पिछले कुछ वर्षों में चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ गया है, खासकर लाई चिंग-ते के मई 2024 में ताइवान के राष्ट्रपति बनने के बाद। लाई चिंग-ते को चीन अलगाववादी नेता मानता है, जो स्वतंत्र एवं संप्रभु ताइवान की वकालत करते हैं। चीन साफ तौर पर कहता रहा है कि वह ताइवान को अपने नियंत्रण में लेने के लिए बल प्रयोग से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के सत्ता में आने के बाद से चीन तीन दौर का सैन्य अभ्यास कर चुका है। ताइवान के अधिकारियों के अनुसार, चीन इस महीने की शुरुआत में अंतिम युद्धाभ्यास काफी बड़े पैमाने पर हुआ। हालांकि, बीजिंग की ओर से आधिकारिक तौर पर युद्धाभ्यास की पुष्टि नहीं की गई। बता दें कि अमेरिका समेत कई देश ताइवान की स्वतंत्रता और संप्रभुता का समर्थन करते हैं, भारत भी उनमें शामिल है।

# केजरीवाल ने संघ प्रमुख भागवत से पूछे 4 सवाल

### भाजपा वोट खरीद रही, आपका समर्थन है?



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने संघ प्रमुख भागवत से 4 सवाल पूछे हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने पूछा कि भाजपा नेता पैसे बांट रहे हैं। पूर्वांचल और दलित लोगों के नाम कटवाने का भी प्रयास कर रहे हैं। वोट खरीद रहे है। क्या आरएसएस को नहीं लगता कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। इसके जवाब में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सचदेवा ने कहा कि आपकी औकात नहीं है कि आप सरसंघचालक से बात भी कर सकें। जब आप कनाडा में आतंकवादियों से पैसा लेते हैं, तो क्या आरएसएस प्रमुख से पूछते हैं? इतना ही नहीं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि आपने महिला सम्मान योजना के नाम पर पंजाब और दिल्ली की माताओं-बहनों को एक भी पैसा न देकर धोखा दिया, तब आपने किसी से पूछा? आपका काम ही धोखा देना और मुद्दों से ध्यान भटकाना है। केजरीवाल के लेटर के जवाब में सचदेवा ने भी केजरीवाल को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने केजरीवाल से नए साल पर 5 संकल्प लेने को कहा है।

#### दिल्ली के पूर्व सीएम ने किए भागवत से सवाल

- मीडिया में खबरें चल रही है कि आरएसएस दिल्ली चुनावों में भाजपा के लिए वोट मांगेगी, क्या यह सही है?
- लोग आपसे जानना चाहते हैं कि पिछले दिनों भाजपा ने जो गलत हरकतें की हैं, क्या आरएसएस उनका समर्थन करती है।
- भाजपा के नेता खुलकर पैसे बांटकर वोट ख़रीद रहे हैं। क्या आरएसएस वोट खरीदने का समर्थन करती है?
- गरीब, दलित, पूर्वांचलों के वोट कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। क्या आरएसएस को लगता है कि ऐसा करना लोकतंत्र के लिए सही है।

## शंभू बॉर्डर पर बनाई गई किसान आंदोलन तेज करने की रणनीति

### 6 को बॉर्डर पर ही मनाया जाएगा प्रकाश पर्व



**चंडीगढ़, जेएनएन।** किसान नेता सरवन सिंह पंधेर के नेतृत्व में बुधवार को शंभू बॉर्डर पर किसानों की अहम बैठक हुई है। मीटिंग में तय हुआ है कि 6 जनवरी को गुरु गोबिंद का प्रकाश पर्व शंभू बॉर्डर पर मनाया जाएगा। मीटिंग में किसान आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाई गई। आसपास के इलाकों के किसानों से कहा गया है कि वे प्रकाश पर्व पर शंभू बॉर्डर आएं और किसानों के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें। वहीं हरियाणा के जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला ने खनौरी बॉर्डर पहुंचकर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। बता दें कि पिछले साल के फरवरी के महीने से खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांग एमएसपी के लिए कानून बनाने की है। इसी आंदोलन में डल्लेवाल आमरण अनशन कर रहे हैं। उनकी सेहत भी खराब है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई हो रही है।

#### हाई पावर कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होगा किसान मोर्चा

संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि वह सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाईपावर कमेटी की 3 जनवरी को होने वाली मीटिंग में शामिल नहीं होगा। मोर्चे के नेता हरिंदर सिंह लक्खोवाल ने बताया कि कमेटी की ओर से जो पत्र आया है, उसमें रास्तों को खोलने के बारे में किसानों को मनाने जैसी बातें कही गई हैं। जबकि रास्ते किसानों ने नहीं, सरकार ने बंद किए कर रखे हैं। सरकार जब चाहे तक रास्ते खोल दे, किसानों को इससे कोई दिक्कत नहीं है। पत्र में किसानों की मांगों को लेकर कोई बात नहीं की गई है, तो ऐसी मीटिंग में किसान क्यों जाएं।

## पांचजन्य ने किया भागवत के बयान का समर्थन कुछ लोग स्वार्थ के लिए कर रहे मंदिरों का प्रचार

### आरएसएस प्रमुख ने कहा था- मंदिर-मस्जिद विवाद सही नहीं



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुखपत्र पांचजन्य ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। भागवत ने कहा था कि मंदिर-मस्जिद विवाद सही नहीं है। इसके समर्थन करते हुए पांचजन्य ने अपनी संपादकीय में लिखा कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए मंदिरों का प्रचार कर रहे हैं और खुद को हिंदू विचारक के रूप में पेश कर रहे हैं। पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर ने संपादकीय मंदिरों पर यह कैसा दंगल में लिखा कि मंदिरों का राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। इसे राजनीति का हथियार नहीं बनाना चाहिए। इस संबंध में भागवत का बयान गहरी दृष्टि और सामाजिक विवेक का आह्वान है। मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में कहा था कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इस तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। हर दिन एक नया मामला उठाया जा रहा है। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है? भारत को दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हालांकि, आरएसएस के अंग्रेजी मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने मोहन भागवत से अलग राय रखी थी। पत्रिका ने इसे ऐतिहासिक सच जानने और सभ्यतागत न्याय की लड़ाई कहा था। भागवत के बयान के बाद मीडिया में लड़ाई जैसी स्थिति पैदा हो गई है। या तो यह जानबूझकर बनाई जा रही है। एक स्पष्ट बयान से कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। भागवत का बयान समाज से इस मुद्दे पर समझदारी से निपटने की एक स्पष्ट अपील थी। इन मुद्दों पर अनावश्यक बहस और भ्रामक प्रचार को बढ़ावा देना चिंताजनक है।

#### अंग्रेजी मुखपत्र ऑर्गनाइजर की राय अलग

आरएसए के अंग्रेजी मुखपत्र ऑर्गनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने संपादकीय में लिखा था कि सोमनाथ से लेकर संभल और उससे आगे का ऐतिहासिक सत्य जानने की यह लड़ाई धार्मिक वर्चस्व के बारे में नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय पहचान की पुष्टि करने और सभ्यतागत न्याय की लड़ाई है। पत्रिका ने कांग्रेस पर चुनावी लाभ के लिए जातियों का शोषण करने का आरोप लगाया। केतकर लिखते हैं कि कांग्रेस ने जातियों को सामाजिक न्याय दिलाने में देरी की। जबकि अंबेडकर जाति-आधारित भेदभाव के मूल कारण तक गए और इसे दूर करने के लिए संवैधानिक व्यवस्था की।

### भारत-पाक ने एक-दूसरे को दी परमाणु ठिकानों की जानकारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार, 1 जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची की जानकारी दी। परमाणु प्रतिष्ठान वह जगह है, जहां परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा 1991 से एक समझौते के तहत चल रही है। भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस सूची का आदान-प्रदान किया। इसके साथ ही, भारत और पाकिस्तान ने कैदियों और मछुआरों के बारे में भी एक-दूसरे को जानकारी दी। 2008 में हुए बाइलैटरल एग्रीमेंट ऑन कांसुलर एक्सेस के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को ये सूचियां साझा की जाती हैं। 31 दिसंबर 1988 को दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ था। समझौते में तय हुआ था कि भारत और पाकिस्तान हर साल 1 जनवरी को एक-दूसरे से अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की लिस्ट साझा करेंगे। इसमें यह भी तय हुआ था कि दोनों देश एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं करेंगे। यह समझौता 27 जनवरी 1991 को लागू हुआ। पहली बार 1 जनवरी 1992 को दोनों देशों ने यह जानकारी साझा की थी। तब से हर साल 1 जनवरी को यह जानकारी साझा की जाती है।

## महाकुंभ के दौरान गंगा-यमुना और संगम में डूबने से बचाएगी स्पेशल टीम, ट्रायल में दिखाया टैलेंट




**प्रयागराज, जेएनएन।** महाकुंभ 2025 को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। ऐसे में महाकुंभ मेला के सुरक्षित आयोजन को लेकर सभी विभाग अपने-अपने स्तर से लगातार ट्रायल करते हुए नजर आ रहे हैं। महाकुंभ के दौरान लोग गंगा-यमुना के पावन संगम पर डुबकी लगाएंगे। इस दौरान नविकों और जल पुलिस के पास लोगों के सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसे देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग से लेकर जल पुलिस तक लगातार यमुना में डूबते हुए श्रद्धालुओं को बचाने का ट्रायल कर रहे हैं। मनोज कुमार शर्मा उप-महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में टीम आपदा प्रबंधन और प्रशिक्षण के लिए बड़े पैमाने पर सामुदायिक जागरुकता, स्कूल सुरक्षा और क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अभियान चला रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम द्वारा पक्का घाट संगम प्रयागराज में लगभग 90 नाविक जल आपदा बचाव का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आगामी महाकुंभ को देखते हुए पानी मे डूबने से कैसे बचें और आने वाले श्रद्धालुओं का कैसे ध्यान रखें इन सभी चीजों की जानकारी दी जा रही है।



#### 90 स्थानीय नाविक को जल आपदा बचाव की प्रशिक्षण

साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंप्रोवाइज मेथड से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने स्ट्रेचर बनाना, फर्स्ट एड देना, सर्पदंश के समय उपचार देने के तरीके शामिल थे। आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान के तहत आपदाओं से बचने व उसके नुकसान को कम करने के तरीके बताएं गए। करीब 90 स्थानीय नाविक को जल आपदा बचाव की प्रशिक्षण दिया गया तथा सभी लोगो को प्रमान पत्र प्रदान किया गया।

#### श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

उप महानिरीक्षक मनोज तुमार शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है ऐसे में इन नविकों के प्रशिक्षण द्वारा हम श्रद्धालुओं पर अपनी नजर रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि नाविक संघ की उपाध्यक्ष का साथ मिलने से हम लोगों का काम काफी आसान हो गया। इन नविको को प्राथमिक उपचार से लेकर सीपीआर और अस्पताल पहुंचने तक की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

## लखनऊ के होटल में परिवार के पांच लोगों की हत्या

**लखनऊ/आगरा, जेएनएन।** लखनऊ के एक होटल में बाप-बेटे ने अपने परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी। पत्नी और 4 बेटियों की हत्या के बाद पिता होटल से भाग गया, जबकि बेटा थाने गया। वहां पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में 5 लोगों की लाश पड़ी थी। डीसीपी रवीना त्यागी ने बताया कि बेटे अरशद (24) के साथ पिता मो. बदर ने पत्नी आसमां, 4 बेटियों- आलिया (9), अक्सा (16), अल्शिफा (19) और राहीमीन (18) की हत्या कर दी। परिवार 30 दिसंबर को लखनऊ आया था। नाका इलाके के शरनजीत होटल में कमरा लिया। बेटे ने मर्डर करने के दौरान वीडियो भी बनाया। इसमें पिता बच्ची का गला दबाते हुए नजर आ रहा है। कमरे में लाशें पड़ी हैं। परिवार आगरा के इस्लाम नगर, टेढ़ी बगिया का रहने वाला था। शरनजीत होटल में कमरा नंबर-109 में ठहरा था। जांच के बाद पुलिस ने कमरा सील कर दिया। वीडियो में कहा कि पड़ोसियों ने प्रताड़ित किया, योगी जी इंसाफ दिलवाइए। अरशद ने हत्या के दौरान वीडियो बनाया। इसमें आगरा में पड़ोसियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने जीना हराम कर दिया। हमारे घर पर कब्जा करना चाहते हैं। हम 13 दिन से फुटपाथ पर सोने के लिए मजबूर हैं। आरोपी हमारी बहनों को बेचना चाहते थे। धर्म परिवर्तन करना चाहते थे : आज ये बहुत तड़पी हैं। योगी जी हमारे जीते जी नहीं तो मरने के बाद ही इंसाफ दिलवाइए। ऐसे मुसलमानों को मत छोड़ना। मकान के पेपर मेरे पास हैं। मकान को हम मंदिर के नाम करना चाहते थे।

**बेटे के साथ बाप ने पत्नी व 4 बेटियों को मारा**

## उत्तराखंड पर्यटन और आईटीबीपी- उत्तरी सीमांत मुख्यालय के बीच हुआ समझौता




**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के कुशल नेतृत्व में, राज्य में सीमावर्ती गांव पर्यटन एक बड़ी छलांग लगाने के लिए बाध्य है। बुधवार को उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और आईटीबीपी-उत्तरी सीमांत मुख्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से सीमावर्ती गांवों का समग्र विकास करना है। उत्तराखंड पर्यटन सीमावर्ती गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तराखंड के दूरदराज के जिलों में हेली-सेवाओं का विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार का लक्ष्य इन गांवों में रोजगार के अवसर पैदा करना और रिवर्स माइग्रेशन के लिए एक प्रवृत्ति स्थापित करना भी है। राधा रतूड़ी, मुख्य सचिव, संजय कुमार गुंज्याल, आईजी, आईटीबीपी-उत्तरी सीमांत की उपस्थिति में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईटीबीपी के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने आदि कैलाश, ओम पर्वत, टिम्मरसैंण महादेव, हेमकुंड साहिब आदि जैसे दूरदराज के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने मौजूदा हेलीपैड की सेवाओं का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा, इन गांवों के निवासियों को आपातकालीन चिकित्सा बचाव सेवाएं प्रदान करने के लिए भी हेलीपैड का उपयोग किया जाएगा। वर्तमान में, आईटीबीपी की मौजूदगी उत्तराखंड के तीन सीमावर्ती जिलों - उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में है। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस पहल के लिए पर्यटन विभाग को बधाई दी और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के नेक काम में अपना पूरा समर्थन देने के लिए आईटीबीपी को धन्यवाद दिया। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि पर्यटन के उद्देश्य से हवाई मार्गों की पहचान आईटीबीपी के साथ मिलकर की जाएगी, ताकि हेली टूरिज्म सर्किट को बढ़ावा दिया जा सके।

**परेशानी** | यूक्रेन के रास्ते यूरोप को रूसी गैस की सप्लाई बंद

# जेलेंस्की ने 5 साल पुराना एग्रीमेंट नहीं बढ़ाया, हंगरी, स्लोवाकिया और मोल्दोवा को सबसे ज्यादा नुकसान



**मॉस्को, जेएनएन।** रूस की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी गाजप्रोम और यूक्रेन के बीच पाइपलाइन के जरिए यूरोपीय देशों को गैस भेजने का समझौता अब टूट गया है। इसके साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच बचा हुआ आखिरी कारोबारी और राजनीतिक समझौता अब खत्म हो चुका है। समझौते के टूटने से अब यूरोप के कई देशों तक रूसी प्राकृतिक गैस का निर्यात रुक गया है। रूसी कंपनी गाजप्रोम ट्रांजिट एग्रीमेंट के तहत जंग के दौरान भी स्लोवाकिया, मोल्दोवा और हंगरी समेत कई देशों को प्राकृतिक गैस भेजती थी। यक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशेंको ने एक बयान में कहा कि हमने रूसी गैस के ट्रांजिट को रोक दिया है।

### यूक्रेन का एग्रीमेंट बढ़ाने से इंकार, स्लोवाकिया ने दी धमकी

यूरोपीय देशों के गैस भेजने के लिए ट्रांजिट एग्रीमेंट की शुरुआत 2019 में हुई थी। इसे 31 दिसंबर 2024 को खत्म होना था। यूक्रेन ने इस एग्रीमेंट को रिन्यू करने से इंकार कर दिया था। स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन कई सप्ताह से ट्रांजिट एग्रीमेंट रद्द न करने को लेकर यूक्रेन को मनाने की कोशिश कर रहे थे। उनकी कोशिश नाकाफी साबित हुई। ये दोनों यूरोपीय नेता पुतिन समर्थक माने जाते हैं।

#### मोल्दोवा की स्थिति सबसे खराब

मोल्दोवा की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है। यह यूक्रेन की सीमा से कटा हुआ देश है और रूस समर्थित अलगाववादियों से जूझ रहा है। ट्रांजिट एग्रीमेंट रद्द होने की आशंका के चलते मोल्दोवा में दिसंबर की शुरुआत में ही 60 दिन की इमरजेंसी लगा दी गई थी। मोल्दोवा की तरह स्लोवाकिया और हंगरी के लिए उतनी दिक्कतें नहीं है।

#### 60 साल बाद रूसी गैस की सप्लाई रुकी

यूक्रेन में हजारों किमी लंबी पाइपलाइनें बिछी हैं। इन्हें सोवियत काल में बिछाया गया था। करीब 60 साल से इन पाइपों की मदद से हर साल करीब 150 बिलियन घन मीटर (बीसीएम) रूसी प्राकृतिक गैस को पश्चिमी यूरोप तक भेजा जाता था। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यूरोपीय यूनियन के देशों ने रूसी जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता घटा दी।

**कल से 17 जनवरी तक आनलाइन जमा होंगे आवेदन, फिलहाल 87 फीसदी पदों पर होगी भर्ती**

# राज्य सेवा में पचास पद महिलाओं के लिए आरक्षित



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एमपीपीएससी द्वारा 158 पदों पर भर्ती करने शुक्रवार से आनलाइन आवेदन जमा होने लगेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है। एमपीपीएससी 16 फरवरी को राज्य के 52 जिलों में आफलाइन परीक्षा लेगा। इसमें राज्य प्रशासनिक सेवा सहित डेढ़ दर्जन विभागों में भर्ती होना है। इसमें महिलाओं के लिए 50 पद आरक्षित कर दिए गए हैं। राज्य सरकार अभी तक पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर अंतिम निर्णय नहीं ले सकी है। इसके चलते प्रदेश में भर्तियां और प्रमोशन अटके हुए हैं। ओबीसी को आरक्षण में 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए मामला हाईकोर्ट में लंबित है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा नहीं होने पर अपना निर्णय दे रखा है। इसके चलते हाईकोर्ट से स्थगन आदेश जारी किया गया था। अब मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण भर्ती अटक रहीं हैं। एमपीपीएससी ने ओबीसी के 14 फीसदी आरक्षण देने के बाद 13 फीसदी आरक्षण के पदों को होल्ड पर डाल दिया है। एमपीपीएससी 87 फीसदी पदों पर भर्ती कराएगा। 13 फीसदी पदों पर भर्ती हाईकोर्ट के अंतिम फैसले के बाद की जाएगी। क्योंकि ओबीसी को 13 फीसदी आरक्षण नहीं दिया जाता है, तो उक्त 13 फीसदी पदों को सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से भरा जाएगा। उक्त परीक्षा के रिजल्ट 87-13 फार्मूले पर जारी किए जाएंगे। 13 फीसदी आरक्षण में रिजल्ट आने में विलंब होता है, तो एमपीपीएससी 13 फीसदी उम्मीदवार ओबीसी और सामान्य वर्ग से साक्षात्कार लिए बुलाएगा।

#### त्रुटि सुधार के लगेंगे पचास रुपये

उम्मीदवार तीन से 17 जनवरी के दोपहर 12 बजे तक जमा होंगे। एमपीपीएससी ने कहा कि आवेदन जमा करते समय जानकारी को सही से देख लें। इसके बाद भी आवेदन में कोई त्रुटि होती है, तो वे आठ से 19 जनवरी तक त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें हर भर्ती के तहत पचास रुपये का भुगतान करना होगा। इसके बाद एमपीपीएससी प्रवेश पत्र तैयार करेगा। यह परीक्षा प्रदेश के 52 जिलों में आयोजित कराई जाएगी। 11 फरवरी को प्रवेश पत्र जारी हो जाएंगे और 16 फरवरी को प्रारंभिक परीक्षा होगी। परीक्षा दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण सामान्य अध्ययन का सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरा चरण सवा दो से शाम सवा चार बजे तक चलेगा। उम्मीदवारों को अपने दस्तावेजों को आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होंगे।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

78,507

+368

### Nifty 50 Top5 Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Maruti Suzuki | 11,273.95 | 3.22% |
| M&M | 3,086.95 | 2.49% |
| Larsen | 3,689.00 | 1.66% |
| Bajaj Finance | 6,947.95 | 1.65% |
| Eicher Motors | 4,906.45 | 1.31% |

### Nifty 50 Top5 Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Hindalco | 587.50 | -1.58% |
| Dr Reddys Labs | 1,355.35 | -1.40% |
| Adani Ports | 1,206.35 | -1.01% |
| ONGC | 236.35 | -0.96% |
| Tata Steel | 136.58 | -0.95% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 85.64 |
| यूरो | 88.70 |
| येन | 05.45 |
| पौंड | 107.13 |

# शेयर बाजार ने नए साल के पहले निवेशकों की करा दी बल्ले-बल्ले

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय शेयर बाजारों ने नए साल का आगाज तेजी के साथ किया। सेंसेक्स आज 1 जनवरी को 368 अंक बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी बढ़कर 23,750 के पास पहुंच गया। इसके चलते साल के पहले ही दिन शेयर बाजारों के निवेशकों की संपत्ति लगभग 3 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बाजार में आज की तेजी चौतरफा रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.03 फीसदी की तेजी रही। रियल्टी और मेटल छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी आज हरे निशान में रहे। कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 368.40 अंक या 0.47 फीसदी की तेजी के साथ 78,507.41 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स, निफ्टी 98.10 अंक या 0.41 फीसदी बढ़कर 23,742.90 के स्तर पर बंद हुआ।

**इन शेयरों में तेजी और गिरवट** : बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर हरे निशान में यानी बढ़त के साथ बंद हुए। इसमें मारुति सुजुकी के शेयरों में 3.26 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा बजाज फाइनेंस, लर्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स के शेयर 1.15 फीसदी से लेकर 2.45 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के बाकी 8 शेयर आज गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें भी टाटा स्टील का शेयर 0.98 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं अदाणी पोर्ट्स , जोमैटो, एचसीएल टेक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में 0.21 फीसदी से 0.80 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई।



### निवेशकों ने 3.08 लाख करोड़ कमाए

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज 1 जनवरी को बढ़कर 444.43 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार 31 दिसंबर को 441.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 3.08 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 3.08 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

# दिसंबर में 1.77 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछला साल जाते-जाते भी सरकार का खजाना भर गया. वित्त मंत्रालय ने बुधवार को आंकड़े जारी कर बताया कि दिसंबर में देश का जीएसटी संग्रह पिछले साल के मुकाबले 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये रहा। 2023 के दिसंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा था। 2024 के नवंबर महीने में देश का कुल जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपये था। सरकार ने आंकड़े जारी कर बताया कि दिसंबर महीने में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32,836 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 40,499 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 47,783 करोड़ रुपये और उपकर 11,471 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले 7 फीसदी से भी अधिक रहा है। दिसंबर में घरेलू लेन-देन से जीएसटी 8.4 प्रतिशत बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपये रहा जबकि आयात पर टैक्स लगाने से प्राप्त राजस्व करीब चार प्रतिशत बढ़कर 44,268 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

### 2024 में बना वसूली का रिकॉर्ड

जीएसटी कलेक्शन को लेकर साल 2024 काफी अच्छा रहा। इस दौरान कलेक्शन ने बाकायदा रिकॉर्ड बना दिया। साल 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सर्वाधिक कलेक्शन अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था। कंपनियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट के रूप में दिसंबर महीने में 22,490 करोड़ रुपये लौटाए भी गए हैं। यह पिछले साल के इसी माह के मुकाबले 31 प्रतिशत अधिक है। लौटाई गई राशि के समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.54 लाख करोड़ रुपये रहा है।

### कहां से आता है ज्यादा कलेक्शन

सरकार को सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन घरेलू मोर्चे से प्राप्त होता है। इसमें आम आदमी के खर्च के साथ कंपनियों की ओर से किया जाने वाला खर्चा भी शामिल है। आयात शुल्क के रूप में भी सरकार को काफी कलेक्शन मिलता है।




**माय मनी**

# नए साल 2025 में खुद से करेंगे ये पांच वादे तो फिर कभी नहीं होगी पैसों की कमी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2025 आ गया है। नए साल की शुरुआत के मौके पर लोग जश्न मनाते हैं। लेकिन, यह पिछले साल से सबक लेकर नई शुरुआत करने का भी मौका है। आपको इस मौके पर खुद से 5 वादे करने की जरूरत है। इससे आपको भविष्य में कभी पैसे-रुपये की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आइए इन वादों के बारे में जानते हैं।

### मार्केट गिरे या चढ़े निवेश जारी रखे

मार्केट में गिरावट से घबराना स्वाभाविक है। लेकिन, इस गिरावट के चलते म्यूचुअल फंड के सिप को रोक देना या म्यूचुअल फंड्स में अपने निवेश को बेच देना ठीक नहीं है। अक्टूबर 2024 में स्टॉक मार्केट में गिरावट शुरू हुई थी। यह अब तक जारी है। कई लोगों ने अपने सिप को रोक दिया है। लेकिन, आपको भूलकर भी यह गलती नहीं करनी चाहिए। लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार करने के लिए सिप के रास्ते निवेश को जारी रखना बहुत जरूरी है।

### हर साल बढ़ाएं एसआईपी अमाउंट

अगर सिप के निवेश के अमाउंट को हर साल कुछ-कुछ बढ़ाया जाए तो इसके मैजिकल इफेक्ट होते हैं। अगर आपने 2024 में हर महीने 10,000 रुपये का निवेश सिप से किया है तो आपको 2025 में इस अमाउंट को कम से कम 25 फीसदी तक बढ़ाना जरूरी है। इससे लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार करना काफी आसान हो जाएगा।



### इंश्योरेंस कवर को रिव्यू करें

अगर आपके पास लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस पहले से है तो अच्छा है। आपको दोनों का रिव्यू करना होगा। इसकी वजह यह है कि आपकी इनकम और जिम्मेदारियों में बदलाव के साथ आपके इंश्योरेंस कवर में बदलाव करना जरूरी है। अगर आपका इंश्योरेंस कवर आज की आपकी इनकम और जिम्मेदारियों के लिहाज से पर्याप्त नहीं है तो आपको टॉप-अप पॉलिसी लेकर इसे बढ़ाना होगा।

### न करें अनरेगुलेटेड इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश

अनरेगुलेटेड प्रोडक्ट्स और स्कीम में निवेश करने से बचें। अगर आप किसी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको एक बार फिर यह समझ लेने की जरूरत है कि यह इनवेस्टमेंट रिस्की है। अगर आपको किसी तरह की आगे प्रॉब्लम होती है तो आपको शिकायत करने के लिए कोई प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होगा। आम तौर पर लोग ज्यादा रिटर्न के लालच में ऐसी स्कीम और इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करते हैं जो रेगुलेटेड नहीं होती हैं।

### लोन स्कीम के झांसे में न आएं

अब लोन लेना काफी आसान हो गया है। इसमें फिनटेक कंपनियों का बड़ा हाथ है। कई लोग बाय नाउ, पे लेटर जैसी स्कीम का फायदा उठाने से खुद को रोक नहीं पाते। कुछ लोग क्रेडिट कार्ड के लोन ऑफर का इस्तेमाल करने से खुद को रोक नहीं पाते। लेकिन, यह आपको कर्ज के जाल में फंसा सकता है।

# खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाने हो सकता है बड़ा एलान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाम ऑयल की कीमतें 2024 में 22 फीसदी बढ़ी हैं। इससे इंडिया का इंपोर्ट बिल भी बढ़ा है। इसकी वजह यह है कि इंडिया में खाद्य तेलों की कुल खपत में पाम ऑयल की बड़ी हिस्सेदारी है। इंडिया में सालाना 2.3-2.5 करोड़ टन खाद्य तेल की खपत होती है। इसमें से करीब 1.5 से 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात होता है। इसमें पाम ऑयल की हिस्सेदारी करीब 80 लाख से एक करोड़ टन तक है। इंडिया इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से पाम तेल का आयात करता है। सरकार लगातार खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता घटाने की कोशिश कर रही है। यूनियन बजट 2025 में सरकार देश में खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़ा ऐलान कर सकती है। सरकार हर उस चीज का उत्पादन देश में बढ़ाना चाहती है, जिसका अभी ज्यादा आयात होता है। इसमें खाद्य तेलों के आलावा दलहन भी शामिल है। हर साल इन चीजों के आयात पर सरकार को काफी विदेशी मुद्रा खर्च करना पड़ता है। दरअसल, इंपोर्ट बिल पेमेंट के लिए सरकार डॉलर का इस्तेमाल करती है। इंपोर्ट बिल बढ़ने पर सरकार को ज्यादा डॉलर की जरूरत पड़ती है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ जाता है।

**खाद्य तेलों के आयात पर 15 अरब डॉलर खर्च** : सरकार 2027 तक दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनना चाहती है। दलहन का आयात छह साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गया। सरकार को दलहन के आयात पर 3.7 अरब डॉलर खर्च करना पड़ा। वनस्पति तेलों के आयात पर 14.8 अरब डॉलर खर्च करना पड़ा।

# एयर इंडिया यात्रियों को फ्री वाईफाई

नई दिल्ली, जेएनएन। अब डोमेस्टिक फ्लाइट में सफर करने वाले यात्री भी आसमान में इंटरनेट की सुविधा का इस्तेमाल कर पाएंगे। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया ने नए साल यानी 2025 के पहले ही दिन अपने हवाई यात्रियों को बड़ा तोहफा दिया है और उन्हें फ्लाइट में फ्री वाई-फाई उपलब्ध कराने का ऐलान किया है। एयरलाइन फिलहाल एयरबस-350, बोइंग-789-0 और चुनिंदा अन्य एयरबस विमानों में वाई-फाई सुविधा मुहैया कराएगी। कंपनी अपने यात्रियों को एक साथ कई डिवाइसेज में वाई-फाई का इस्तेमाल करने की इजाजत देगी। इसका मतलब है कि आप हवाई सफर के दौरान लैपटॉप और स्मार्टफोन में इंटरनेट कनेक्ट कर सकेंगे। एयर इंडिया की यह सुविधा लैपटॉप, टैबलेट और आईओएस या एनड्रॉइड सिस्टम वाले स्मार्टफोन जैसी सभी डिवाइसेज के लिए उपलब्ध रहेगी।

**घटिया सड़कों पर उखड़े पूर्व मंत्री कोठारी, ननि कमिश्नर से बोले-**

# जिसको जो कमाना है कमाए, लेकिन क्वॉलिटी से कंप्रोमाइज मत कीजिए

## मैं फोटो खिंचाने या पब्लिसिटी के लिए नहीं आया हूं और न चुनाव लड़ना है, सुधार नहीं हुआ तो आमरण अनशन पर बैठ जाऊंगा



**जागरण, रतलाम।** प्रदेश में किए जा रहे घटिया निर्माण कार्यों और भ्रष्टाचार पर एक बार फिर पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी की नाराजगी सामने आई है। अपने शहर की गलियों में कांक्रीट सड़कों की घटिया क्वालिटी पर उखड़े पूर्व मंत्री कोठारी ने रतलाम नगर निगम के कमिश्नर हिमांशु भट्ट को जमकर फटकार लगाई। चेतावनी भरे लहजे में उन्होंने निगम कमिश्नर से कहाकि मैं यहां फोटो खिंचवाने या पब्लिसिटी के लिए नहीं आया हूं और न मुझे चुनाव लड़ना है। मगर सुधार नहीं हुआ तो आमरण अनशन पर बैठ जाऊंगा। पूर्व मंत्री ने भ्रष्टाचार को लेकर भी कमिश्नर से सीधे शब्दों में कहा जिसको कमाना है कमाए, लेकिन क्वालिटी से कंप्रोमाइज मत कीजिए। शहर की घटिया सड़कों को लेकर तमतमाए पूर्व गृह मंत्री कोठारी बुधवार शाम स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ नगर निगम पहुंचे। कमिश्नर भट्ट से मिलते ही उन्होंने जर्जर सड़कों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने निगम कमिश्नर से सीधा सवाल किया कि मैं दो महीने पहले भी आया था, आपने अभी तक मेरे बताए मामलों में क्या एक्शन लिया। फिर उन्होंने कमिश्नर को आड़े हाथों लेते हुए कहाकि मैं यहां फोटो खिंचाने, पब्लिसिटी के लिए नहीं आया हूं। मुझे चुनाव भी नहीं लड़ना है। जनता का पैसा लग रहा है। उसका सदुपयोग होना चाहिए। सुधार नहीं होता है तो आमरण अनशन पर बैठूंगा। दो महीने में भी आप सुधार नहीं कर पाए हैं। सड़कों से गिट्टी-पत्थर निकल आए हैं। आप कभी इन सड़कों पर पैदल चलकर देखिए। आम आदमी को कितनी परेशानी हो रही है, आपका अंदाज भी है। मैं नौनाई पर रोजाना पैदल घूमता हूं। आज यहां जनता की तरफ से आया हूं। जनता का पैसे का सदुपयोग होना चाहिए।

# न्यू ईयर के सेलिब्रेशन में नाबालिगों के अश्लील वीडियो वायरल

**जागरण, इंदौर।** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के अश्लील वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। खजराना इलाके में रिंग रोड स्थित डोपा माइन पब के यह वीडियो पूरे शहर में वायरल हो रहे हैं। पब में न्यू ईयर पार्टी के दौरान नाबालिग लड़के-लड़कियां शामिल हुए। यहां देर रात तक शराब और डांस के बीच अश्लीलता का माहौल बना रहा। नशे में झूमते युवाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। मालूम हो कि कमिश्नर संतोष सिंह ने सभी पब और होटलों को तय समय पर बंद कराने और नशाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद पब में नियमों की अनदेखी हुई और प्रशासन इस पार्टी पर सख्ती से कार्रवाई करने में असफल रहा। पब के अंदर अश्लील डांस और नाबालिगों की मौजूदगी के वायरल वीडियो ने पुलिस-प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पब खजराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां सख्ती के निर्देशों के बावजूद इस तरह की घटना सामने आई।

# विज्ञान कांग्रेस में देशभर के 700 विद्यार्थी लेंगे भाग, मुस्लिम देशों के बच्चे भी आएंगे

## 12 साल बाद मैपकास्ट को मिली राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा स्कूली छात्रों के लिए 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन शुक्रवार से रविन्द्र भवन में किया जाएगा। इसमें पूरे देश से करीब 700 विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ ही गल्फ कॉपरेटिव काउंसिल के देश (बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर एवं सउदी अरब) के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। इसकी थीम स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना है। इस दौरान विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र व कार्यशालाएं आयोजित होंगी। ये जानकारी मैपकास्ट के महानिदेशक अनिल कोठारी ने होटल अशोका में प्रेस वार्ता के दौरान दी। उनके साथ वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रवीण दिघर्रा, पूर्व वैज्ञानिक राजेश शर्मा, विकास शेंडे मौजूद थे। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) एक राष्ट्रीय विज्ञान संचार कार्यक्रम है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1993 में हुई थी। हर साल नया राज्य विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी करता है। गत वर्ष गुजरात ने मेजबानी की थी। 12 साल पहले 2013 में मैपकास्ट ने मेजबानी की थी। डीजी कोठारी के प्रयासों के चलते वर्तमान में 12 साल बाद मैपकास्ट को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी करने का मौका मिला है। यह भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) का एक कार्यक्रम है। इसमें 10 से 17 वर्ष के बच्चों के पंजीयन किए जाते हैं। बच्चों को वैज्ञानिक माडल तैयार करना होते हैं। इसमें दो-दो बच्चों की एक टीम बनाई जाएगी। हर टीम को चयन किया जाएगा। इसमें बारीकी से और गहन अवलोकन, प्रासंगिक प्रश्न उठाना, मॉडल बनाना, मॉडल के आधार पर समाधान की भविष्यवाणी करना आदि शामिल हैं।

### सीएम यादव के साथ होंगे सीएस जैन

डीजी कोठारी ने बताया कि चार दिवसीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ तीन जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। इस दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सचिव डॉ अभय करंदीकर, मुख्य सचिव अनुराग जैन, आईआईटी इंदौर के निदेशक डॉ सुहास जोशी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्रीय मंत्री और राज्य के केबिनेट मंत्रीगण भी सम्मिलित होंगे।

# एमपीपीएससी आंदोलन करने वालों को पकड़ा

**जागरण, इंदौर।** नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) के दो वरिष्ठ सदस्यों को उनके घर से हिरासत में लिए जाने की घटना ने विवाद खड़ा कर दिया है। बुधवार को ये सदस्य, राधे जाट और रंजीत, डीडी पार्क में एक मीटिंग आयोजित करने वाले थे, जिसमें एमपीपीएससी (मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग) की भर्तियों में कम पदों की संख्या और अन्य मुद्दों पर चर्चा होनी थी लेकिन मीटिंग से पहले ही, पुलिस ने उन्हें उनके घर से ले जाकर मीटिंग को रोक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एनईवाययू ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर सरकार की कार्यवाही की आलोचना करते हुए लिखा, मध्यप्रदेश सरकार की तानाशाही देखिए, अब मीटिंग भी नहीं करने दे रहे। ट्वीट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं को टैग करते हुए यूनियन ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाए।

# ट्रेनों में बढ़ी चोरियां, निशाने पर मोबाइल और बैग

**जागरण, बीना।** ट्रेनों में यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ चोरी की वारदात बढ़ती चली जा रही हैं। किसी का मोबाइल तो किसी का बैग अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस ने ऐसे मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी सुरेश कुमार शर्मा अपने परिवार के साथ इंदौर से हावड़ा की यात्रा क्षिप्रा एक्सप्रेस से कर रहे थे। कोच एस-6 बर्थ के कोच क्रमांक 7 पर उनकी पत्नी सरिता शर्मा अपने सिरहाने बैग रखकर सो गई। नींद खुलने पर उनकी पत्नि ने देखा कि अज्ञात चोर ने उनका पर्स चोरी कर लिया है। जिसमें 5000 रूपये नगद, एक रेडमी कंपनी का मोबाइल, कीमत 10 हजार रूपये, एक डेविड कार्ड आईडीईआई बैंक, सरिता शर्मा का आधार कार्ड कुल कीमती 15000 रूपये कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। इसी प्रकार आवेदक अनिल पिता जटाशंकर त्रिपाठी ने जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह डॉ.अंबेडकर नगर एक्सप्रेस के कोच एम-1 बर्थ 47 पर रीवा से इंदौर की यात्रा कर रहा था।

# नए साल में बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार, सुबह से रही भक्तों की भीड़

## दर्शन व्यवस्था में लगे कर्मचारियों की कार्य शैली में कलेक्टर की सख्ती का नजर आया असर

**जागरण उज्जैन।** नए वर्ष के पहले दिन भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से दोपहर तक एक लाख के करीब श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके थे। बुधवार सुबह महाकाल मंदिर के कर्मचारी श्रद्धालुओं से विनम्रता से पेश आते नजर आए। नए साल में बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया।

महाकाल मंदिर में रुपए लेकर दर्शन करने के चर्चित मामले के बीच नए साल के पहले दिन बुधवार को पूरी व्यवस्था कलेक्टर ने अपने हाथ में ली तथा 1 जनवरी को दर्शन का पूरा प्लान कलेक्टर ने बनाया था।

महाकाल मंदिर में 1 जनवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं इसी को देखकर कलेक्टर ने करीब तीन दिन पहले ही अधिकारियों की बैठक ली थी और स्पष्ट निर्देश दिए थे कि श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई दिक्कत नहीं आए। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने नए साल के पहले दिन की दर्शन व्यवस्था का पूरा प्लान तैयार किया था।



तीन स्थानों से लोगों को दर्शन कराए जा रहे थे और कलेक्टर ने एक दिन पहले दर्शन व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की कोई भी दर्शन व्यवस्था में लगा कर्मचारी किसी भी श्रद्धालुओं को धक्का नहीं देगा और विवाद नहीं करेगा तथा छूएगा नहीं। यदि किसी मंदिर कर्मचारी ने ऐसा किया तो उसे सीधा बर्खास्त कर दिया जाएगा। इसका आज नए साल के पहले दिन असर देखने को मिल कर्मचारी हाथ जोड़कर सबसे निवेदन कर रहे थे। पूर्व में यह भी देखने में आया था कि जैसे ही श्रद्धालु महाकाल मंदिर के गर्भ ग्रह के सामने पहुंचते हैं तो उन्हें धक्का दे दिया जाता है और आगे बढ़ा दिया जाता है।

अब यह तय किया गया कि श्रद्धालु 5 सेकंड भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे और उन्हें धक्का नहीं दिया जाएगा। हाथ जोड़कर निवेदन कर आगे बढ़ाया जाएगा। इसका असर बुधवार को देखने को भी मिला। कर्मचारी हाथ जोड़कर लाइन को आगे बढ़ा रहे थे। प्रशासक एवं एडीएम अनुकूल जैन ने बताया महाकाल की व्यवस्था में कलेक्टर के निर्देश पर काफी सुधार किया जा रहे हैं और आने वाले दिनों में भी और सुधार किए जाएंगे।

### खजराना पहुंचे लाखों भक्त

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान, पितृ पर्वत, बिजासन और हर मंदिर में रात तक भक्तों की कतार लगी रही। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में सुबह 4 बजे से दर्शन शुरू हुए और दिनभर में लगभग तीन लाख भक्तों ने दर्शन किए। बिजासन माता मंदिर में एक लाख और पितृ पर्वत में 50 हजार से अधिक भक्त पहुंचे। खजराना मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि अलसुबह अभिषेक अनुष्ठान के बाद श्री गणेश और परिवार को नवीन वस्त्र धारण कराए गए। बाजे-गाजे, घंटे घड़ियाल के साथ सुबह आरती की गई। श्रीगणेश का पाठ सामूहिक रूप से किया गया। दर्शनों के लिए सुबह ब्रहम मुहूर्त में 4 बजे ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं। दर्शन आसानी से हो सकें, इसके लिए घुमावदार रैलिंग का रास्ता बनाया गया है। खजराना गणेश मंदिर में हर दिन भगवान का मनमोहक श्रृंगार किया जाता है, लेकिन नए साल के मौके पर भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार किया गया है, साथ ही मंदिर को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया।

# संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में कल शिरकत करेंगे भागवत

**जागरण, इंदौर।** संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत शुक्रवार 3 जनवरी को इंदौर में शिरकत करेंगे। दशहरा मैदान में हो रहे आयोजन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। शासन-प्रशासन, पुलिस विभाग तमाम तरह की सुरक्षा व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बीते दो माह से सैकड़ों स्वयंसेवक कार्यक्रम की तैयारियों में लगे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग बैठक व्यवस्था और तमाम तरह की तैयारी की हैं। पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से नजरे बनाए है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में मालवांचल को संघ की दृष्टि से मजबूत और बेहतर माना जाता है। भागवत 3 जनवरी को दशहरा मैदान में होने वाले संघ के स्वयं सेवक घोष वादक प्रस्तुति देंगे। आने-जाने वालों के लिए विभिन्न तरह के पास का पहले से ही वितरण किया जा चुका है। लोगों के बैठने से लेकर पार्किंग व्यवस्था तक सुनिश्चित कर दी है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गाइडलाइन जारी की है। करीब 15 हजार से अधिक स्वयंसेवक और समाजजनों के इस कार्यक्रम में शिरकत करने की उम्मीद है।



आयोजन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

# सीएम राइज स्कूल बनने के बाद बेहतर हुए 12वीं परीक्षा के परिणाम

## सीएम राइज स्कूल से शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहा सुधार

आंचलिक डेस्क



विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की आधुनिक शिक्षा देने के लिए जिले भर में सीएम राइज स्कूल स्थापित किए गए हैं। रीवा जिले में प्रथम चरण में 12 स्कूलों को इस परियोजना में शामिल किया गया है। सीएम राइज स्कूलों का संचालन आधुनिक उत्कृष्ट स्कूलों की तरह किया जा रहा है। इनमें पठन-पाठन की सुविधाओं, भवन आदि से लेकर पाठ्यक्रम तक में सुधार किया गया है। नवीन भवनों का निर्माण पूरा होने के बाद सीएम राइज स्कूल आवासीय विद्यालय की तरह विद्यार्थियों को आवास और भोजन की सुविधा देने के साथ आधुनिक शिक्षा देंगे। सीएम राइज स्कूलों में आधुनिक प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, ऑडिटोरियम, खेलकूद की व्यवस्था, आधुनिक क्लासरूम की व्यवस्था की जा रही है।

इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि सीएम राइज स्कूलों में चुने हुए शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। नई पद्धति से पढ़ाई करने के बाद सीएम राइज स्कूलों में कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सुधार हुआ है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में 3 स्कूलों को छोड़कर शेष 9 स्कूलों के परीक्षा परिणाम बेहतर हुए हैं। कक्षा 12वीं में 2023 में शासकीय उमावि डभौरा में 67 प्रतिशत, उमावि कन्या सेमरिया में 32.6 प्रतिशत, शासकीय पीके कन्या उमावि रीवा में 74 प्रतिशत, शासकीय उमावि रघुराजगढ़ में 58.33 प्रतिशत, शासकीय उमावि ढेरा में 37.71 प्रतिशत, उत्कृष्ट उमावि सिरमौर में 37.16 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी तरह उत्कृष्ट उमावि मऊगंज में 48.05 प्रतिशत, उमावि बालक मनगवां में 54.1 प्रतिशत, उमावि रायपुर कर्चुलियान में 53.31 प्रतिशत, उमावि गौरी में 70 प्रतिशत, उमावि बालक देवतालाब में 26.8 प्रतिशत तथा उमावि त्योंथर में 44.9 प्रतिशत रहा।

कमिश्नर ने बताया कि सीएम राइज स्कूल बनने के बाद 2024 में शासकीय उमावि डभौरा में 54.36 प्रतिशत, उमावि कन्या सेमरिया में 86.62 प्रतिशत, शासकीय पीके कन्या उमावि रीवा में 90.68 प्रतिशत, शासकीय उमावि रघुराजगढ़ में 49.12 प्रतिशत, शासकीय उमावि ढेरा में 92.86 प्रतिशत, उत्कृष्ट उमावि सिरमौर में 69.88 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी तरह उत्कृष्ट उमावि मऊगंज में 66.49 प्रतिशत, उमावि बालक मनगवां में 61.75 प्रतिशत, उमावि रायपुर कर्चुलियान में 79.83 प्रतिशत, उमावि गौरी में 66.67 प्रतिशत, उमावि बालक देवतालाब में 50.62 प्रतिशत तथा उमावि त्योंथर में 33.94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

# शा.उ.मा.विद्यालय महसांव में विदाई व सह सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न



**रीवा ।** शा.उ.मा.वि.महसांव में विदाई सहसम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ संस्था से स्थानान्तरित हुए एवं पदोन्नति हुए शिक्षकों का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य महेश कुमार तिवारी के मॉडल स्कूल में प्राचार्य पद पर स्थानान्तरित होने पर एवं राघवेन्द्र सोहगौरा उ.मा.शि.के हाईस्कूल प्राचार्य पद पर शासकीय कन्या हाईस्कूल गुढ़ में पदांकन होने पर विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदाई सह सम्मान में संस्था के उ.मा.शि.डा.आशा रानी सिंह, लक्ष्मीनिधि पटेल, स्वेता तिवारी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के संस्था से स्थानान्तरित होने एवं माध्यमिक शिक्षक से उ.मा.शि.पद पर पदोन्नति उपरांत कन्या पाण्डेन टोला रीवा में पदांकित अरविन्द भारतीय पटेल, सहायक शिक्षक पूनमरानी नामदेव एवं प्राथमिक शिक्षक अर्चना पयासी को भी संस्था से स्थानान्तरित होने पर विदाई सह सम्मान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात संस्था के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागतगीत प्रस्तुत किया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य राजकुमार सिंह, वरिष्ठ उ.म.शि.वीणा पटेल एवं शिक्षक रविशंकर मिश्र स्टाफ के अन्य सदस्यों के सहयोग से अतिथियों का स्वागत किया गया उ.मा.शि.कुमारी अंजली द्विवेदी, जन शिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी एवं कार्यक्रम का संचालन कर रहे उ.मा.शि.नवीन शुक्ला द्वारा गीतों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्था द्वारा समस्त अतिथियों को रीवा के प्रसिद्ध सुपाड़ी के गणेश जी की प्रतिमा एवं साल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष त्रिपाठी हाईस्कूल प्राचार्य पिपरांव सीधी, संतोष सिंह, राजकुमार मिश्र, हेमलाल चौरसिया उपस्थित रहे। संस्था द्वारा नव पदस्थ शिक्षकों रीतू शर्मा, महेन्द्र त्रिपाठी एवं प्रभा द्विवेदी का संस्था में स्वागत सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के मधूवर्मा, मंजुला वर्मा, अर्चना मिश्रा, एम.गीता, सविता त्रिपाठी, प्रतिभा सिंह तोमर, वीरेन्द्र शर्मा, विपिन पटेल, राजेश तिवारी, अर्चना पाण्डेय, सरला पाण्डेय, प्रमिला मिश्रा, प्रतिभा मिश्र, गीता वर्मा, रेशी करोसिया, राममिलन पटेल, रमेश साकेत, अंजू अवधिया अखलेश रावत आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखंड रामचरित मानस एवं भंडारे का हुआ आयोजन

**अतरैला नि प्र।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर सिद्ध दुअरानाथ हनुमान मंदिर दुअरा में आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरैला के संचालक श्रीनिवास मिश्रा द्वारा संगीतमय अखंड रामचरित मानस का पाठ के साथ साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित धर्मानुरागी भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ग्रामवासियों का बढ़ाया हौसला

**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खतिलवार ग्राम पंचायत सराई में विगत कुछ दिनों से तेंदुए के आतंक में जी रहे निवासियों से भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रशांत पाठक ने मुलाकात की तथा तेंदुए के हमले में घायल 13 वर्षीय सूरज, रामसागर एवं भैरव प्रसाद से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी ली व उनका हाल चाल जाना। ग्राम वासियों के साथ तेंदुए के पदचिन्ह देखते हुए घटना स्थल का मुआयना किया तथा ग्राम वासियों को हिम्मत बढ़ाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच रावेंद्र सिंह, शिक्षक पारस नाथ एवं खतिलवार निवासी उपस्थित रहे।

## चाकघाट में हिंदू सनातनियों का हुआ स्वागत



**चाकघाट ।** नागपुर से अयोध्या धाम जाने के लिए यात्रा पर साइकिल से निकले 35 सनातनी हिंदू भाइयों का नगर चाकघाट रात्रि विश्राम, व भोजन इत्यादि की व्यवस्था नगर के उत्साही युवा एवं चाकघाट व्यापार मंडल के द्वारा कराया गया । अगले दिन नव वर्ष की पहली किरण के साथ ( 1 जनवरी 2025 ) को सभी साइकिल यात्रियों ने चाकघाट व्यापार मंडल एवं नगर के समस्त युवाओं तथा चाकघाट पुलिस थाना के प्रभारी महोदय घनश्याम मिश्रा जी से सौजन्य मुलाकात कर काफी उत्साहित हुए। इस धर्म यात्रा के दौरान सभी यात्रियों ने नगर के लोगों के प्रति व चाकघाट व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, उन्होंने कहा कि आपके नगर चाकघाट में हमें रात्रि में कोई भी असुविधा नहीं हुई, और हम सभी लोगों को काफी अच्छा लगा ।

हम सभी एकजुट होकर प्रभु राम जी से प्रार्थना करते हैं, कि आप सब की सारी मनोकामनाएं पूरे करें, नव वर्ष आपके पूरे परिवार के लोगों के लिए मंगलकारी हो । साथ ही पूरा नगर , चाकघाट व्यापार मंडल इसी प्रकार अपने नगर में आगंतुकों को सम्मान एवं आदर सर्वदा देता रहे, यही हमारी कामना है । इस उद्गार के पश्चात सभी साइकिल यात्रियों ने अपने गंतव्य अयोध्या धाम की ओर हर्षोल्लास पूर्वक प्रस्थान किया।

# सरपंच-सचिव से 18 लाख की वसूली के आदेश

## सिर्फ कागजों तक सीमित रह गये आदेश और जांच

**मऊगंज।** नईगढ़ी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत से लेकर नगर परिषद तक और नल जल योजना से लेकर लोक निर्माण विभाग आदि के निर्माण कार्यों में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा राजनीतिक संरक्षण में बिना डर के लूटा जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि निर्माण कार्यों में निर्माण एजेंसियों द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत नहीं की जाती है, बल्कि जमीनी हकीकत यह है कि जांच एवं शिकायत की फाइलें और कागज जिम्मेदार अधिकारियों की आलमारी की शोभा बढ़ा रही है या गायब हो गई हैं। इसका परिणाम यह है कि निर्माण कार्यों में होने वाले भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहें हैं ।

इसी तरह निर्माण कार्यों में मऊगंज जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत जोरौट में हुई अनियमितता के खिलाफ रामलल्लू प्रजापति और स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है। स्थल पर विभिन्न कार्य बिना कराए ही कई लाखों की राशि आहरित कर ली गई। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा की गई थी कि जोरौट ग्राम पंचायत में गोहिया तालाब में जल क्षमता वृद्धि एवं तालाब विस्तारीकरण के कार्य में 220050 की राशि आहरित कर ली गई और सीमेंट ,कांक्रीट, नाली निर्माण छगन प्रजापति के घर से ललऊ प्रजापति के घर तक के कार्य में 4 71200 की राशि आहरित कर ली गई । सीमेंट, कांक्रीट, नाली निर्माण छठिलाल प्रजापति के घर से तुलसी प्रजापति के घर तक के कार्य में 292840 रुपए आहरित कर ली गई। हिंदूआ नाला जोरौट में जल क्षमता वृद्धि एवं बुलडोजर चेक डैम निर्माण के कार्य में 46600 की राशि आहरित की गई । रमवा तालाब में जल क्षमता वृद्धि एवं तालाब विस्तारीकरण के कार्य में 375120 की राशि निकाली गई। चारागाह निर्माण कार्य में 154525 की राशि आहरित की गई। यात्री प्रतीक्षालय के कार्य में 87000 की राशि आहरित की गई। बाउंड्रीवॉल निर्माण शासकीय हाई स्कूल के चारों तरफ के कार्य में 154000 की राशि आहरित की गई, जिसमें पुरानी बाउंड्री वॉल को ही नया बताया गया है। रिचार्ज पिट का निर्माण कार्य राजेश गुप्ता के घर के पास में 1500 की राशि आहरित की गई। इन सभी कार्यों को स्थल पर कराया ही नहीं गया है। ये सभी कार्य सिर्फ कागजों में कराए गए हैं। तत्कालीन सरपंच लालता प्रसाद गौतम, तत्कालीन सचिव चिंतामणि साकेत एवं ग्राम रोजगार सहायक विजय कुमार शर्मा द्वारा राशि निकाल ली गई है, जिसकी जांच अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग त्योंथर को भेजी गई थी । इनके द्वारा जांच प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा क्रमांक 2 कार्यालय को भेजा गया था। जिसमे कई लाख की राशि बिना कार्य कराए निकाली गई थी । इसका प्रतिवेदन दिया गया था। इस संबंध में दिनांक 30/01/2024 एवं 13/02/2024 को विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा द्वारा संबंधित सरपंच,सचिव और ग्राम रोजगार सहायक को सूचना पत्र जारी करते हुए सुनवाई का अवसर दिया था। सुनवाई में तत्कालीन सरपंच न ही उपस्थित हुए न ही कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। इससे पता चलता है कि सरपंच द्वारा वित्तीय अनियमितता की गई है। जिसकी वसूली के लिए 14/03/2024 को विहित अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा द्वारा कुल वसूली राशि 1802835 को वसूलने के आदेश दिया था। लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और शिकायतकर्ता रामलल्लू प्रजापति निवासी ग्राम पंचायत जोरौट के द्वारा जनसुनवाई में मऊगंज कलेक्टर को भी शिकायत की गई थी कि बिना शौचालय निर्माण कराए ही ग्राम पंचायत जोरौट के सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा 14 लख रुपए की राशि आहरित की गई है। शिकायत में ग्राम पंचायत जोरोट जनपद पंचायत नईगढ़ी के भूतपूर्व सरपंच लालता प्रसाद गौतम एवं सचिव चिंतामणि साकेत एवं रोजगार सहायक विजय पाठक के द्वारा शौचालय निर्माण हेतु दिनांक 19/02/2020 को 6लाख84000 पंचायत खाते से आहरित किया गया है इसी तरह दिनांक 28/01/ 2022 को 7 लाख 20000 भूतपूर्व सचिव देवनारायण एवं सरपंच लालता प्रसाद गौतम एवं रोजगार सहायक विजय पाठक द्वारा आहरित किया गया है किंतु निकाली गई सरकारी राशि से ग्राम पंचायत जोरौट में कोई शौचालय निर्माण कार्य नहीं किया गया है। शिकायत को जनपद पंचायत नईगढ़ी एवं वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार की गई है किंतु आरोपी के राजनीतिक प्रभाव के कारण आज तक मौके पर कोई जांच कार्यवाही तक नहीं की गई । सरकारी राशि आहरित कर फर्जी बिल-वाउचर तैयार किया गया है एवं हितग्राहियों को फर्जी सूची बनाकर आहरित राशियों को स्वयं के प्रयोजन में खर्च करते हुए कई लाख रुपए का गबन किया गया है। जिसकी जांच कराए जाने की मांग शिकायकर्ता द्वारा कई बार की जा चुकी है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## जनसुनवाई में पहुंचे 14 आवेदन निराकरण का आश्वासन



**मऊगंज ब्यूरो।** जिला मऊगंज बनने के बाद कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा जनसुनवाई हर मंगलवार को आयोजित की जा रही है। ज्यादातर शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कुल 14 शिकायती आवेदन पड़े जिसमें 10 आवेदन राजस्व विभाग एवं चार आवेदन पुलिस विभाग के रहे। सबसे ज्यादा शिकायती आवेदन राजस्व बिजली विभाग एवं अतिक्रमण के रहे । जनसुनवाई के दौरान आवेदनों का निराकरण करने संबंधित कार्यालय को आवेदन भेजे गए हैं निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है।

**चार आवेदन पुलिस विभाग के :** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडे द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी थानों से चार शिकायती आवेदन दर्ज किए गए। शिकायती आवेदनों में अवैध शराब की बिक्री मारपीट एवं पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने के शिकायती आवेदन पड़े हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित सभी थानों को आवेदन पत्र भेजे गए हैं ताकि समय पर निराकरण हो सके।

# स्वसहायता समूह की महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

## आरडीओ के खिलाफ की कार्रवाई की मांग



**जवा ब्यूरो।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा जवा में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर दो दर्जन से ज्यादा स्वा सहायता समूह की महिलाओं ने यूबिआई शाखा जवा के सामने धरना प्रदर्शन कर बैंक में पदस्थ ग्रामीण विकास अधिकारी सुनील सारंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में विद्या स्वासहायता समूह पथरौड़ा की अध्यक्ष अर्चना सिंह,वागेश्वर स्वा सहायता समूह की अध्यक्ष अंजना सिंह सचिव किरण कोल,राधा स्वसहायता समूह भखरवार की अध्यक्ष रानी आदिवासी सचिव विमला देवी, मातृछाया स्वसहायता समूह निमगहना की अध्यक्ष संगीता तिवारी का आरोप है कि यूबिआई शाखा जवा में पूरी तरह से अराजकता हावी है एक तो नवीन स्वसहायता समूह के खाते तक नही खोला जा रहा है वहीं जिन समूहों का खाता पांच से तीन वर्ष पूर्व खाते खुले हुए हैं लेकिन उन स्व सहायता समूह के खातों सीसीएल तक नही किया जा रहा है ना ही शासन की मंशानुरूप रोजगार व्यापार के लिए बैंक लोन ही दिया जा रहा है जिसके चलते हम लोग अपना व्यापार नही कर पा रहे हैं का दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक में पदस्थ ग्रामीण विकास अधिकारी सुनील सारंग आरडीओ द्वारा हम लोगों को प्रतिदिन बुलाया तो जाता है लेकिन काम नही किया जा रहा है वा विरोध करने पर डांट फटकार कर भगा दिया जाता है कहते हैं मैं स्वसहायता का कोई भी कार्य नही कर पाऊंगा जिसकी शिकायत शाखा प्रबंधक बसंत कुमार मेहता से की गई तो उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है पर नाराज स्वसहायता समूह के अध्यक्ष सचिवों का कहना है कि यदि हमारी मांगों का शीघ्रता के साथ निराकरण नहीं किया गया तो बैंक के सामने बैठ कर भूख हड़ताल शुरू किया जायेगा उन्होंने यूबिआई के क्षेत्रीय महाप्रबंधक रीवा का ध्यानाकर्षण कराकर शीध्र स्वसहायता के कार्यो का निराकरण कराये जाने की मांग की है। उक्त अवसर पर संकठा स्वासहायता समूह डोढव, लक्ष्मी स्वासहायता समूह महिलो,राधा स्वासहायता समूह वेलगवां,सूरज स्वासहायता समूह भनिगवां, महामाया स्वासहायता समूह जवा, शांति स्वासहायता समूह जवा सहित दो दर्जन से ज्यादा स्वासहायता समूह के अध्यक्ष सचिवों ने भाग लिया।

## धूमधाम के साथ नए साल का हुआ आगाज

### नगर एवं ग्रामीण मंदिरों में मत्था टेक की शुरुआत

**बैकुंठपुर निप्र.।** नव वर्ष 2025 का आगाज बुधवार को लोगों ने पूजा पाठ से किया। सुबह से ही शहर समेत ग्रामीण मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। लोगों ने अपने आराध्य की पूजा अर्चना करके अपने और परिवार के लिए मंगलकामना की। घरों में भी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। नूतन वर्ष श्रद्धालुओं ने मन्दिर में मत्था टेका। द्वारिका दीश मंदिर बैकुंठपुर में राम चरित मानस का पाठ समापन के उपरांत हवन ,आरती के साथ 1जनवरी को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बैकुंठपुर नगर समेत ग्रामीण इलाके से बुजुर्ग ,महिलाएं,बच्चे मौजूद रहे। इसी तरह झंडा बाजार में नव वर्ष पर खिचड़ी का वितरण किया गया। सेमरिया में बसामन मामा, पूर्वाफाल,चचाई, क्योटी में जमकर सैलानियों की भीड़ उमड़ी व लोगों ने खूब लुत्फ उठाया । इसके अलावा सिद्ध प्रसिद्ध तेंदुन के पटेहरा हनुमान मंदिर में ,माड़ौ के अलोपी मैया ,तेदुन की आनंदी मैया, बैकुंठपुर की फूलमती मैया ,युगली किशोर मन्दिर,रामगोविंद मन्दिर,द्वारिकाधीश मन्दिर ,सीताराम मन्दिर में सुबह से लेकर शाम तक नए वर्ष को लेकर मन्दिरों में पहुचकर मन्नते मांग नई शुरुआत की गयी। नगर के सड़को पर हैप्पी न्यू ईयर लिख कर खुशी का इजहार किया।

## जिला प्रभारी व पूर्व प्रत्याशी ने किया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण



**जागरण, रीवा।** देवतालाब विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं जिला प्रभारी मऊगंज अमरनाथ पटेल द्वारा बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जुड़मानिया, चिल्लबहेरा, शाहपुर, परासिया, नईगढ़ी सहित समपस्थ ग्रामों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष विरेन्द्र साकेत, सेक्टर अध्यक्ष राम कैलाश साकेत, सेक्टर अध्यक्ष मोहित साकेत, पन्नालाल साकेत, सुखलाल साकेत, छोटेलाल साकेत, इन्द्रभान साकेत, महेश, अमृतलाल साकेत, संतलाल साकेत, रामनरेश, द्वारिका कुशवाहा, हजारीलाल कुशवाहा, रामसहाय साकेत, राजेश साकेत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रामकथा का भंडारे के साथ हुआ समापन हजारों भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

**ब्यूरो चीफ हनुमना।** शनि धाम खटखरी ग्राम पंचायत में नव दिवसीय राम कथा के आयोजन में सभी ग्राम वासियों ने राम कथा में डुबकी लगाई एवं 1 जनवरी को सुबह 11:00 बजे से रात 11:00 बजे तक अनवरत भंडारे का प्रसाद भक्तों ने ग्रहण किया। इस राम कथा एवं भंडारा के आयोजनकर्ता व्यवस्थापक रहे मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता राजू गुप्ता उमेश गुप्ता प्रदीप शर्मा दिलीप गुप्ता रमेश फौजी राजेश गुप्ता श्रीकांत गुप्ता एवं समस्त खटखरी नगरवासियों के सहयोग के साथ अर्थ धर्म कर्म के साथ सम्मिलित रहे।



## प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल चौखंडी हुए सेवानिवृत्त



**जवा ब्यूरो** शासकीय हाई स्कूल चौखण्डी में पदस्थ रहे प्रभारी प्राचार्य मिथिलेश सिंह की अधिवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण हो जाने उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय परिवार द्वारा औपचारिक विदाई समारोह किया गया जिस दौरान तरुण कुमार पाण्डेय, शशिभूषण सिंह,योगेंद्र प्रताप सिंह,देवेंद्र कुमार मिश्रा,विनोद पाण्डेय,बेलकली वर्मा,सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल अर्पित कर मिथिलेश सिंह का सम्मान किया गया।



# नए साल की शुरुआत नए कीर्तिमान के साथ, बुमराह ने अश्विन के रेटिंग अंकों के भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर



जेएनएन, दुबई

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में गेंदबाजी में 907 रेटिंग अंक का आंकड़ा छूकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2016 में 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग हासिल की थी। बुमराह ने हाल में अश्विन की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। इस तेज गेंदबाज ने बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में नौ विकेट हासिल किए थे, जिससे उन्होंने गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। भारत हालांकि इस मैच में हार गया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने एमसीजी में छह विकेटों के दम पर 15 रेटिंग अंक हासिल किए, जिससे वह एक पायदान चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कमिंस ने चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 184 रन की जीत के दौरान दो पारियों में 90 महत्वपूर्ण रन बनाने के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी तीसरा स्थान हासिल किया।

### यशस्वी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर



बॉक्सिंग डे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की पहली पारी में 82 रन की पारी ने उन्हें 854 रेटिंग अंकों के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया। जायसवाल टॉप-10 में एकमात्र भारतीय बल्लेबाज भी हैं। नीतीश कुमार रेड्डी के पहले टेस्ट शतक ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 स्थान ऊपर 53वें नंबर पर पहुंचा दिया।

### प्रधानमंत्री अल्बनीज सिडनी टेस्ट से पहले खिलाड़ियों से मिले

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पांचवें और निर्णायिक टेस्ट से पूर्व बुधवार को ऑस्ट्रेलिया और भारत की क्रिकेट टीम से मुलाकात की और गॉवस्कर-बॉर्डर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना की। अल्बनीज ने दोनों टीम के साथ तस्वीरें पोस्ट करते हुए टिप्पणी की, ऑस्ट्रेलिया और भारत की टीम ने हमें पहले ही गर्मियों में शानदार क्रिकेट दिखाया है। जब शुक्रवार को पांचवां टेस्ट शुरू होगा तो मैकग्रा फाउंडेशन के महान काम के समर्थन में एससीजी गुलाबी रंग से भर जाएगा। चलो ऑस्ट्रेलिया।



### सिडनी में भारत का रिकॉर्ड खराब, 13 में से सिर्फ एक टेस्ट जीता

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत ने अब तक 13 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें उसे सिर्फ एक में जीत हासिल हुई है। भारत को सिडनी में आखिरी जीत जनवरी 1978 में मिली थी। उस मैच में भारतीय टीम के कप्तान बिशन सिंह बेदी थे। तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 10 टेस्ट मैच खेले हैं और सिर्फ 4 में हार का सामना किया है, जबकि 6 मुकाबले ड्रॉ पर छूटे हैं। हालांकि, सिडनी में भारत 13 साल से नहीं हारा है। सिडनी में भारत को आखिरी हार जनवरी 2012 में मिली थी। तब मैच में टीम की कमान एमएस धोनी के हाथों में थी। तब से अब तक भारत ने सिडनी में 3 टेस्ट मैच खेले और तीनों का नतीजा नहीं निकला।

### सिडनी में पिंक टेस्ट, गुलाबी-गुलाबी हो जाएगा पूरा मैदान

**सिडनी, जेएनएन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है और सिडनी टेस्ट का नतीजा यह तय करेगा कि मेजबान टीम एक दशक से भी अधिक समय के बाद ट्रॉफी हासिल कर पाती है या नहीं। वहीं भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी सिर्फ सिडनी टेस्ट पर निर्भर हैं। ऐसे में भारत के लिए यह मुकाबला अहम होने वाला है। सिडनी टेस्ट को पिंक टेस्ट के नाम से भी जाना जाता है। पिंक टेस्ट के दौरान पूरा स्टेडियम गुलाबी रंग से सराबोर रहता है। स्टैंड, स्टाफ और खिलाड़ियों की जर्सी सभी पर गुलाबी रंग की झलक दिखती है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खास तौर पर गुलाबी रंग की टोपी पहनते हैं और जर्सी पर उनके नाम और नंबर भी गुलाबी रंग से लिखे होते हैं।




**क्या है पिंक टेस्ट?** दरअसल, 2009 से सिडनी में खेला जाने वाला साल का पहला टेस्ट पिंक टेस्ट कहलाता है। यह टेस्ट पिंक बॉल से नहीं, रेड बॉल से ही खेला जाता है। यह टेस्ट ग्लेन मैक्ग्रा की दिवंगत पत्नी जेन मैक्ग्रा की याद में खेला जाता है, जिनकी 2008 में ब्रेस्ट कैंसर से मृत्यु हो गई थी। मैक्ग्रा ने जेन की याद में मैक्ग्रा फाउंडेशन की स्थापना की, जो ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों और उनके परिवारों की सहायता करता है। मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने सिडनी स्टेडियम में पिंक कैप पहनकर फोटोशूट कराया।

**मैदान से हटकर**

## नए साल के जश्न में डूबे भारतीय खिलाड़ी

भारतीय टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और नए साल का स्वागत कर रही है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से लेकर स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तक सभी खिलाड़ियों ने नए साल का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर खास तस्वीरें पोस्ट कीं और प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित ने इंस्टा हैंडल से वीडियो साझा किया। यह वीडियो 2024 में बिताई खट्टी-मीठी यादों का है, जिसमें हिटमैन का मुंबई इंडियंस के लिए खेलना, टी-20 विश्व कप का खिताब जीतना, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने से चूकना शामिल है। वीडियो में रोहित ने अपने परिवार की भी तस्वीर साझा की हैं। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी साल 2025 का स्वागत करते हुए खास तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पत्नी प्रीति नारायण के साथ तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा- एक सपना जो आप अकेले देखते हैं वह सिर्फ एक सपना है। एक सपना जो आप साथ मिलकर देखते हैं, वह हकीकत है। 2025 की शुभकामनाएं। अश्विन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था।





वहीं भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ 2024 को अलविदा कहा। उन्होंने अपने पूरे परिवार की तरफ से प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। उन्होंने वहीं से सभी को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खास वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा- आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तम स्वास्थ्य और नए उत्साह के साथ यह वर्ष मंगलमय हो।



## जोकोविच और किर्गियोस की जोड़ी हार के साथ ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस से बाहर

**ब्रिस्बेन, जेएनएन।** नोवाक जोकोविच और निक किर्गियोस की नई युगल जोड़ी बुधवार को दूसरे दौर में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोकोविच और किर्गियोस की जोड़ी क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-2, 3-6, 10-8 से हार गई। जोकोविच और किर्गियोस टाईब्रेक में 8-6 की बढ़त पर थे। यहां पर जोकोविच ने डबल-फॉल्ट किया, जो उनकी हार का कारण बना, क्योंकि उन्होंने मैच के अंतिम चार अंक गंवा दिए। चोटिल होने के कारण 18 महीने बाद वापसी करने वाले किर्गियोस मंगलवार को अपना पहला एकल मैच हार गए। जोकोविच ने हालांकि एकल के पहले दौर में आसान जीत दर्ज की और उनका अगला मुकाबला गेल मोनफिल्स से होगा, जिनके खिलाफ उनका 19-0 का रिकॉर्ड है।



### ओसाका दूसरी बार ऑकलैंड टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**ऑकलैंड, जेएनएन।** चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल विजेता नाओमी ओसाका ने बुधवार को जूलिया ग्रैबर को 7-5, 6-3 से हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर वर्ष 2025 की शानदार शुरुआत की। तेज हवाओं और बारिश के कारण मैच में काफी देरी होने के बावजूद ओसाका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। उन्होंने एक बार भी अपनी सर्विस नहीं गंवाई और प्रत्येक सेट में एक-एक बार ग्रैबर की सर्विस तोड़कर दूसरी बार ऑकलैंड क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ओसाका 2017 में भी यहां अंतिम आठ में पहुंची थी। ऑकलैंड टूर्नामेंट 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेला जाता है। अमेरिकी ओपन की पूर्व चैंपियन एम्मा रादुकानु और एलिस मर्टेंस के चोटिल होने के कारण हट जाने से इस टूर्नामेंट की चमक कुछ फीकी पड़ गई है।



## वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में जीता कांस्य, कार्लसन-नेपोम्नियाचची संयुक्त विजेता

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता और इस तरह से यहां रैपिड स्पर्धा में कोनेरू हम्पी के खिताब जीतने के बाद देश के खिलाड़ियों ने वर्ष 2024 के अंत में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वैशाली ने क्वार्टर फाइनल में चीन की झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन से 0.5-2.5 से हार गईं। इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से चीन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। चीन की जू वेनजुन ने हमवतन लेई टिंगजी को 3.5-2.5 से हराकर विश्व खिताब जीता। पांच बार के विश्व चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद ने वैशाली को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि यह वर्ष को समाप्त करने का एक शानदार तरीका है। आनंद ने एक्स पर लिखा, कांस्य पदक जीतने पर वैशाली को बधाई। उसने वास्तव में शानदार प्रदर्शन किया। हमारी वाका शतरंज सलाहकार (वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी) ने हमें गौरवान्वित किया है। यह वर्ष 2024 का समापन करने का शानदार तरीका था।



ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और रूस के इयान नेपोम्नियाचची ने ब्लिट्ज खिताब साझा किया, क्योंकि सडन-डेथ की तीन बाजियों के बाद भी कोई स्पष्ट विजेता नहीं बन पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने ट्रॉफी साझा करने पर सहमति जताई। यह पहला अवसर है, जबकि खिताब दो खिलाड़ियों में बांटा गया। कार्लसन ने कहा कि हम दोनों थके हुए थे। मैं जानता हूं कि हमारा यह फैसला कुछ को पसंद आएगा और कुछ को नहीं। हम खेल जारी रख सकते थे, लेकिन खिताब साझा करना अच्छा समाधान था। यह टूर्नामेंट को समाप्त करने का अच्छा तरीका था।



### विनोद कांबली फिट, अस्पताल से छुट्टी मिली

**ठाणे, जेएनएन।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली को करीब दो हफ्ते तक इलाज के बाद बुधवार दोपहर ठाणे जिले के भिवंडी स्थित एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कांबली (52 वर्ष) को मूत्र संक्रमण और खिंचाव के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने कहा कि उनके मस्तिष्क में थक्के पाए गए हैं। नए साल के संदेश में कांबली ने मीडिया से बात करते हुए लोगों से शराब और नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की और कहा कि बुरी आदतें किसी की जिंदगी बर्बाद कर सकती हैं। कांबली का इलाज करने वाले डॉ. विवेक त्रिवेदी ने कहा कि कांबली अब पूरी तरह से फिट हैं, हालांकि उन्हें कुछ सावधानियां बरतनी होंगी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अस्पताल से निकलने से पहले कांबली टीम इंडिया की जर्सी पहनकर बल्ला चला रहे हैं।



### चेबेट ने महिलाओं की पांच किमी की दौड़ में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**बार्सिलोना, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक चैंपियन बीट्राइस चेबेट ने महिलाओं की पांच हजार मीटर की दौड़ का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर कर्सा डेल्स नैसोस रोड रेस का खिताब जीता। बार्सिलोना में हुई इस दौड़ को 24 वर्षीय केन्याई खिलाड़ी ने 13 मिनट और 54 सेकंड में पूरा किया। इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में स्वर्ण जीतने वाली चेबेट ने इसी दौड़ में एक साल पहले बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को 19 सेकंड से पीछे छोड़ दिया। दौड़ के बाद चेबेट ने कहा, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ। मुझे लगा कि मैं 14 मिनट से कम समय में दौड़ सकती हूं और मैं ऐसा करने में सफल रही। बार्सिलोना में दो दौड़ और दो विश्व रिकॉर्ड, क्या मैं इससे अधिक की उम्मीद कर सकती हूं। उन्होंने कहा कि मेरा ध्यान अगले वर्ष टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर है।




### ऋतिक राष्ट्रीय शालेय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई

**भोपाल, खेप्र।** शहर के ऋतिक धाभी ने 68वीं राज्य स्तरीय शालेय निशानेबाजी प्रतियोगिता में सोने का तमगा हासिल कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मॉडल स्कूल के ऋतिक ने राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में 393 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। 68वीं राष्ट्रीय स्तर शालेय शूटिंग खेल प्रतियोगिता दो जनवरी से भोपाल में आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता मप्र निशानेबाजी अकादमी गोरेगांव में आयोजित होगी। पदक विजेता ऋतिक धाभी को विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव और खेल अधिकारी दीवान चंद्रमौली ने बधाई दी।



## मैं तनाव नहीं लेता कि किसके कितने फॉलोअर्स हैं, कौन क्या कर रहा है अगर आप अच्छा क्रिकेट खेलेंगे तो पीआर की आवश्यकता नहीं : धोनी



जेएनएन, नई दिल्ली

दो बार के विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि अच्छा क्रिकेट खेलते रहने से जनसंपर्क (पीआर) की कोई जरूरत नहीं होती है। धोनी ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान दो दशक पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से अपनी शानदार यात्रा पर विचार साझा करते हुए बताया कि कैसे उनके प्रबंधक अक्सर जनसंपर्क के लिए सोशल मीडिया का लाभ उठाने का सुझाव देते थे, लेकिन वह हमेशा इससे दूर रहे। धोनी ने यूरोग्रिप टायर्स के ट्रेड टॉक्स के नवीनतम एपिसोड में कहा कि मैं कभी भी सोशल मीडिया का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं रहा। मेरे साथ कई प्रबंधकों ने काम किया और वे मुझे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की सलाह देते थे। उन्होंने कहा, मैंने 2004 में खेलना शुरू किया था, इसलिए ट्विटर और इंस्टाग्राम लोकप्रिय हो रहे थे और प्रबंधक कई तरह के तर्क देकर कह रहे थे कि आपको कुछ पीआर बनाना चाहिए, लेकिन मेरा एक ही जवाब था कि अगर मैं अच्छा क्रिकेट खेलता हूं, तो मुझे पीआर की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, यह हमेशा होता था कि अगर मेरे पास (सोशल मीडिया के लिए) कुछ साझा करने जैसा होता है, तो मै साझा करूंगा। मैं इन चीजों का तनाव नहीं लेता हूं कि किसके कितने फॉलोअर्स हैं, कौन क्या कर रहा है, क्योंकि मैं जानता हूं कि अगर मैं क्रिकेट का ध्यान रखूंगा, तो बाकी सब कुछ अपने आप हो जाएगा।

### फिटनेस बनाए रखना चुनौतीपूर्ण

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को 2020 में अलविदा कहने वाले 43 साल के धोनी आईपीएल के आगामी (18वां सत्र) सत्र में खेलने की तैयारी शुरू करने वाले है। उन्होंने माना कि उम्र के इस पड़ाव पर फिटनेस बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण है। मैं पहले की तरह फिट नहीं हूं, फिट रहने के लिए आप क्या खा रहे हैं इस पर अब बहुत नियंत्रण करने की जरूरत है और मैं क्रिकेट के लिए फिट रहने के लिए बहुत खास काम कर रहा हूं। मैं तेज गेंदबाज नहीं हैं, इसलिए हमारी जरूरतें उतनी अधिक नहीं हैं। धोनी ने कहा, मुझे वास्तव में खाने और जिम जाने के बीच बहुत सारे खेल खेलने से मदद मिलती है। इसलिए जब भी मुझे समय मिलता है तो मैं कई अलग-अलग खेल जैसे कि टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल खेलना पसंद करता हूं। यह खेल मुझे व्यस्त रखते हैं। यह फिटनेस बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

### मुझे क्रिकेट में ज्यादा समय नहीं मिला

भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक माने जाने वाले धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कमी नहीं खलती है, क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस खेल से देश को गौरवान्वित करने अपनी भूमिका निभा ली है। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि मुझे और समय मिलेगा, लेकिन यह थोड़ी निराशा की बात है कि मुझे ज्यादा समय नहीं मिला। मुझे अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कमी महसूस नहीं होती है, क्योंकि मैं हमेशा मानता हूं कि आप कुछ सोच समझ कर अपने फैसले लेते हैं। उन्होंने कहा, एक बार जब आपने निर्णय ले लिया, तो उसके बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। इसलिए मैं अपने देश के लिए जो कुछ भी कर पाया, भगवान की कृपा से बहुत खुश हूं।

## समीक्षा बैठक तीन जनवरी को

**रीवा।** विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-2025 तक की सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। यह बैठक दोपहर बाद 3 बजे से तीन जनवरी को आयोजित की गयी है।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 6 जनवरी को

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में अपरान्ह एक बजे से आयोजित की गयी है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## पीएम आवास परिसर गोल क्वार्टर्स में आज लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसंबर से संचालित है। अभियान 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि अभियान के दौरान केन्द्र एवं राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। अभियान में शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित स्थलों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित करें। आयुक्त ने बताया कि अभियान के तहत 2 जनवरी को प्रधानमंत्री आवास परिसर गोल क्वार्टर्स में शिविर लगाया जायेगा।




## आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने सेन समाज की बैठक हुई

**रीवा।** सेन समाज की बैठक बुधवार को समाज कार्यालय हॉस्पिटल चौक में आहूत की गई। जिसमें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इस माह होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी व रूपरेखा बनाई गई। जिसमें आगामी 24 जनवरी को कर्पुरी ठाकुर जयंती व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस सेन मंदिर निपनिया में संपन्न होंगे। कर्पुरी ठाकुर जयंती के मुख्य अतिथि नत्थुलाल सेन व गणतंत्र दिवस पर सेन समाज अध्यक्ष पंचमलाल सेन द्वारा ध्वजारोहण किए जाने का निर्णय लिया गया। सभी कार्यक्रमों के विशिष्ट अतिथि कैप्टन एसआर नापित, जिला संयोजक दीनानाथ सेन, डॉ. मेवालाल सेन व ठाकुरदीन सेन रहेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा समाजजनों के अलावा अंजनी सोनी, नारायण सोनी, सौरभ गुप्ता, संजय गुप्ता, बलिकरण साहू, किशोर साहू, सत्यम साहू, राजकुमार प्रजापति, सुखलाल सेन, प्रदीप सेन, लाला सेन आदि उपस्थित रहे। संचालन समाज सचिव रामपाल सेन ने किया।

## नए साल का स्वागत करने ऐसी उमड़ी भीड़ की टूट गए सारे पुराने रिकार्ड

# चिड़ियाघर में पहुंचे 14 हजार 541 पर्यटक, अब तक का रिकार्ड बन गया

### साल के अंतिम दिन सिर्फ 2 हजार 224 पर्यटक ही पहुंचे थे प्रबंधन के माथे पर बल आ गया था, बुधवार को उमड़ी भीड़ ने दी राहत

**जागरण, रीवा**

नए साल के पहले दिन चिड़ियाघर में ऐसी भीड़ उमड़ी की रिकार्ड बन गया। पुराने सारे रिकार्ड धराशाई हो गए। 14 हजार 541 पर्यटक पहुंचे। इस भीड़ से चिड़ियाघर को 6 लाख 15 हजार 505 रुपए की इंकम हुई है। भीड़ से भले ही लोगों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई हो लेकिन प्रबंधन खुश था।

महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में बुधवार को साल के पहले दिन पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। मौसम भी साफ था। साल का पहला दिन था। ऐसे में लोग परिवार के साथ चिड़ियाघर घूमने पहुंचे थे। चिड़ियाघर प्रबंधन पहले से ही तैयारियां किए हुए था। भीड़ को सम्हालने के लिए पुलिस और वनकर्मियों की टीम को तैनात किया था। भीड़ को सम्हालने के लिए जगह जगह वनकर्मी तैनात किए गए थे। रीवा और सतना वनमंडल के 84 वनकर्मियों को तैनात किया गया था। इसके अलावा पुलिस बल की भी ड्यूटी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगाई गई थी। सुबह से शुरू हुई भीड़ शाम तक बनी रही। गाड़ियों का तांता लगा था। हालात ऐसे थे कि गाड़ियां पार्क करने के लिए पार्किंग भी कम पड़ गई। चिड़ियाघर प्रबंधन ने चार पार्किंग स्थल पाए थे जो वाहनों से खचाखच भर गए थे। भीड़ देखकर चिड़ियाघर प्रबंधन के चेहरे पर चमक बिखर गई थी।





#### पुराने सारे रिकार्ड टूट गए

मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में साल के पहले दिन का रिकार्ड इस बार टूट गया। पिछले साल इसी दिन 10 हजार 272 पर्यटक घूमने पहुंचे थे। इस साल के पहले दिन यह आंकड़ा 14 हजार 541 पहुंच गई। यह अब तक का रिकार्ड माना जा रहा है। चिड़ियाघर में भीड़ देखते ही बन रही है। यहां पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

#### मंगलवार की भीड़ से थे चिंतित

साल के अंतिम दिन चिड़ियाघर में ज्यादा भीड़ नहीं आई। सिर्फ 2 हजार 224 लोग ही पहुंचे थे। कम भीड़ के आने से प्रबंधन चिंतित थे। माथे पर बल खिंच गया था। हालांकि इस कमी को 1 जनवरी की भीड़ ने पूरी कर दी। भीड़ को सम्हालने के लिए जगह जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था। सीसीटीवी से भी नजर रखी गई। डॉक्टरों की टीम और फायर ब्रिगेड भी तैनात किया गया था।

> सोमवार को रिकार्ड तोड़ भीड़ पहुंची। सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए थे। 14 हजार 541 पर्यटक पहुंचे, जो पिछले साल से कहीं ज्यादा थे।
>
> **रंजन सिंह, रेंज आफीसर**
> **मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर, रीवा**

**विदेशी पक्षी खूब पसंद आए :** इस मर्तबा मार्तण्ड सिंह जूदेव चिड़ियाघर में सफेद बाघ के साथ ही पर्यटकों को वाक इन एवियरी का भी आनंद उठाने का मौका मिला। उन्हें विदेशी रंग बिरंगे पक्षी खूब पसंद आए। वाक इन एवियरी घूमने वालों की भी भीड़ कम नहीं थी। महिलाओं, बच्चों को रंग बिरंगे पक्षी काफी पसंद आए और पास से देखने का मौका मिला।

# नए साल के पहले दिन शिक्षा विभाग का बाबू ट्रेप

### 50 हजार कैश व 5.40 लाख रुपए का चेक लेते लोकायुक्त ने किया गिरफ्तार

### रिटायर्ड शिक्षक से एरियर्स और अर्जित अवकाश की राशि का भुगतान करने मांगी थी रिश्वत



**जागरण, रीवा।** नए साल की शुरुआत के पहले दिन लोकायुक्त की टीम ने मऊगंज जिले के शिक्षा विभाग के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप किया। बाबू 50 हजार रुपए नकद व 5 लाख 40 हजार रुपए का चेक लेते पकड़ा गया। लोकायुक्त ने फिलहाल मौके से आरोपी बाबू के कब्जे से रिश्वत में ली गई 50 हजार की नकदी समेत 5 लाख 40 हजार का चेक बरामद कर लिया है। इससे पहले आरोपी 30 हजार रुपए यूपीआइ से भी लिया था। कार्यवाही मऊगंज के जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय में की गई है। लोकायुक्त उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह ने बताया कि रिश्वत ले रहे बाबू राजाराम गुप्ता सहायक ग्रेड 3 को रंगे हाथ पकड़ा गया है। बताया गया कि सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज में पदस्थ बाबू व जनपद शिक्षा केंद्र मऊगंज के प्रभारी लेखपाल राजाराम गुप्ता ने रिटायर्ड शिक्षक राम निहोर साकेत से एरियर्स एवं अर्जित अवकाश की राशि का भुगतान करने के लिए रिश्वत की डिमांड की थी, जिसकी शिकायत फरियादी राम निहोर साकेत ने लोकायुक्त से की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने बुधवार की सुबह शिक्षा विभाग के बाबू राजाराम गुप्ता को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक फरियादी रिटायर्ड शिक्षक राम निहोर साकेत निवासी वार्ड क्रमांक 7 चक्रभाटी मऊगंज ने शिक्षा विभाग के बाबू राजाराम गुप्ता के विरुद्ध रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय रीवा संभाग में दर्ज कराई थी। फरियादी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके एरियर्स एवं अर्जित अवकाश की राशि 12 लाख 70 हजार का भुगतान करने के लिए आरोपी बाबू राजाराम गुप्ता द्वारा 50 प्रतिशत की राशि करीब 6 लाख 20 हजार बतौर रिश्वत की मांग की जा रही है, तथा जमानत के तौर पर चेक व फोन पे के माध्यम से आरोपी द्वारा दिए गए बैंक खाते में 25 हजार तथा 5 हजार लेने के बाद उक्त शेष राशि की मांग की जा रही थी। उक्त शिकायत का सत्यापन कराए जाने के बाद शिकायत सही पाई गई, जिस पर लोकायुक्त टीम ने सुनियोजित कार्रवाई को अंजाम देते हुए जनपद शिक्षा केंद्र मऊगंज के प्रभारी लेखापाल व सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज के बाबू को फरियादी रिटायर्ड शिक्षक से रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप कर लिया।

## अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

## उपलब्धि: 12 माह में 6 करोड़ से अधिक की अवैध नशीली सामग्री पकड़ाई

### रीवा जोन के रीवा, मऊगंज व सतना और मैहर में की गई कार्रवाई



फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रीवा जोन के अंतर्गत आने वाले रीवा, मऊगंज, सतना व मैहर जिले में अलग-अलग पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध की गई कार्रवाई की गई। डीआइजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि कुल 575 प्रकरण पंजीबद्ध कर 809 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से करीब 6 करोड़ 6 लाख 93 हजार रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 145 दो पहिया, चार पहिया वाहन भी जब्त किए।

**गांजा, अफीम, स्मैक व ब्राउन शुगर भी पकड़ाया :** पुलिस ने नशे के खिलाफ की गई कार्रवाई में करीब 23 क्विंटल 887 ग्राम गांजा जब्त किया था, जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ 35 लाख 65 हजार 572 रुपए थी। इसके साथ ही पुलिस ने 26 क्विंटल 83 किलो वजन के अफीम के पौधे भी जब्त किए थे, जिसकी कीमत 26 लाख 62 हजार रुपए से अधिक थी। इसके अलावा स्मैक , हेरोइन और ब्राउन शुगर पर की गई कार्रवाई की बात करें तो 334.67 ग्राम स्मैक हेरोइन पकड़ी गई जिसकी कीमत 27 लाख 21 हजार रुपए थी। इसके अलावा पुलिस ने 4 लाख 39 हजार 590 रुपए की ब्राउन शुगर भी आरोपियों के कब्जे से जब्त कर कार्रवाई की थी।

#### 3 करोड़ 13 लाख रुपए की नशीली दवाइयां जब्त

पुसिल ने अवैध नशे के विरुद्ध की गई कार्रवाई में 1 हजार 16 पेटी नशीली कफ सिरप व 1 लाख 95 हजार 417 नग टेबलेट जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ 13 लाख से अधिक रही। इसके साथ ही अवैध नशीली कफ सिरप के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस को जांच के दौरान आरोपियों द्वारा लगभग 9 करोड़ 25 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन भी पाया गया था, जिसे भी जब्त कर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई थी।



> नशा युवाओं को वर्वाद करता है। गत वर्ष अवैध नशा कारोबार पर नकेल लगाने के लिए रीवा जोने के सभी जिलों रीवा ,सीधी, सतना, सिंगरौली, मैहर व मऊगंज में व्यापक कार्यवाही की गई है। कई बड़े कारोबारियों को शिकंजे में लिया गया। नए साल में नई कार्य योजना के तहत अवैध नशा कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।
>
> **साकेत प्रकाश पांडेय**
> **डीआईजी रीवा जोन**

## करहिया सब्जी मंडी में चोरों ने चटकाए आधा दर्जन दुकानों के ताला

### चोरहटा पुलिस कर रही घटना की जांच

**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया मंडी में बीती रात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शातिर चोर ने एक या दो नहीं बल्कि आधा दर्जन दुकानों के ताला चटकाए हैं। जिनके काउंटर से नकदी पार होना बताया जा रहा है। हालांकि व्यापारियों द्वारा मामले की शिकायत बुधवार की शाम तक थाना में दर्ज नहीं करवाई थी, लेकिन सोशल मीडिया में वायरल खबर के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक करहिया थोक सब्जी मण्डी में बुधवार की सुबह जब लोग दुकान खोलने पहुंचे तो पाया गया कि काउंटर में रखे नकदी रुपए गायब थे। हैरानी की बात तो यह है कि चोरी की इस घटना को एक अकेले आरोपी अंजाम दिया है, बताया जा रहा है कि महज एक घंटे के भीतर आधा दर्जन दुकानों में चोरी कर बदमाश फरार हो गया। व्यापारियों के मुताबिक पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बीती रात करहिया मंडी में अज्ञात चोर ने धावा बोलते हुये दुकानों को निशाना बनाया। दुकानदारों की मानें तो उनके द्वारा बिक्री सहित भाड़े का पैसा देने के लिये काउंटर में रखा गया था, जिसे अज्ञात बदमाश चुरा ले गया। बताया गया कि चोर ने जिन दुकानों में चोरी की है उनमें चंदन ट्रेडिंग, माला कंपनी, बीके कंपनी, अरुण जायसवाल, मनीष कछवाहा, बालाजी ट्रेडिंग सहित अन्य दुकानें शामिल हैं। फिलहाल घटना की सूचना के बाद चोरहटा पुलिस गंभीरता से पूरे घटनाक्रम की जांच कर व्यापारियों के बयान ले रही है।

## आईपीएस विवेक सिंह बने एसएसपी



**जागरण, रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए पीएचक्यू ने उनका पदोन्नत आदेश बुधवार को जारी किया है। नए साल के पहले दिन एसपी विवेक सिंह का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद में पदोन्नत आदेश जारी होने पर पुलिस विभाग में खुशी का माहौल देखा गया और उन्हें पुलिस अधिकारियों सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी। विदित हो कि 2012 बैच के आइपीएस विवेक सिंह परिवीक्षाधीन अवधि में जबलपुर में अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद उन्हे पुलिस अधीक्षक इंदौर(पश्चिम) का दायित्व दिया गया। इंदौर के बाद वो दमोह पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे जहां से स्थानांतरण के बाद श्री सिंह ने पन्ना और खण्डवा जिले में भी पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाए दीं। खण्डवा से स्थानांतरण के बाद एसपी विवेक सिंह 1 अप्रैल 2023 से रीवा में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत है, जिन्हें अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।







## हैप्पी न्यू ईयर के जश्न में ड्रिंक एण्ड ड्राइव पर पुलिस ने की कार्रवाई



### पुलिस टीम शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई चेकिंग

**जागरण, रीवा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में नव वर्ष को लेकर पुलिस को अलर्ट किया गया था। अकेले शहर में तीन दिनों में ड्रिंक एण्ड ड्राइव के आधा सैकड़ा मामले सामने आए जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने बताया कि चार थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन दिनों में 30 कार्रवाई ड्रिंक एण्ड ड्राइव मामले में की गई है, इसके साथ ही शहर के अन्य थाना क्षेत्र में भी ड्रेढ़ दर्जन मामले सामने आए। पुलिस 31 दिसंबर की रात से ही मोर्चा संभाले हुईं थीं। पुलिस की कई मोबाइल पार्टी गश्त करती नजर आई, इस दौरान सार्वजनिक स्थालों पर नशा करने वालों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस की सख्ती के चलते होटलों में भी नियमों का पालन किया गया। डीजे की धुन कम सुनाई पड़ी। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे के बाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान करीब एक दर्जन युवाओं को पकड़कर धारा 185 के तहत कार्रवाई की है। बुधवार को शहर के धार्मिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ थी, जहां पुलिस तैनात रही। चिरहुला मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जहां लाउड स्पीकर के माध्यम से पुलिस लोगों को जेबकतरों से बचने व सुरक्षा को लेकर सजग करती रही।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com